सूर्योदय 6:32 सूर्यास्त 6:29

आज का तापमान

शिमला	12.0 न्यू	19.0 अधि
धर्मशाला	13.0 न्यू	26.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	74,563.92
निफ्टी	23,151.10
सोना 1,62,210	चांदी 2,79,900

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 15 मार्च 2026 | 2 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 75, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

अब अकासा ने भी बढ़ाया हवाई किराया

एजेंसी, नई दिल्ली। एयर इंडिया-इंडिगो के बाद अब अकासा एयर की फ्लाइट्स भी महंगी हो गई हैं। एयरलाइन कंपनी ने रविवार से सभी घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर फ्यूल सरचार्ज लगाने की घोषणा की है। अकासा एयर ने कहा कि 15 मार्च को रात 12:01 बजे के बाद बुक किए जाने वाले टिकटों पर 199 रुपए से लेकर 1,300 रुपए तक का एडिशनल सरचार्ज वसूला जाएगा। मिडिल ईस्ट तनाव और अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग की वजह से जेट फ्यूल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के कारण यह कदम उठाना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

कोलकाता में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ता भिड़े

एजेंसी, कोलकाता। पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में जा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं की बस को घेरकर उत्तर कोलकाता के गिरीश पार्क इलाके में शनिवार को हमला किया गया। आरोप है कि हमलावरों ने ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे से भाजपा कार्यकर्ताओं को मारा पीटा है, जिसमें उत्तर कोलकाता के भाजपा जिला अध्यक्ष तमाघ्न घोष समेत कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। वहीं, तृणमूल सरकार में केबिनेट मंत्री शशि पांजा के घर को भी निशाना बनाकर पथराव किए जाने का आरोप लगाया है। (अनंत ज्ञान)

मजदूरों ने अडानी पावर प्लांट में लगाई आग

एजेंसी, सिंगरौली। एमपी के सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित अडानी पावर प्लांट में शनिवार सुबह मजदूर की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। गुस्साए मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। सामने आए वीडियो में दूर से काले धुएं का बड़ा गुबार नजर आ रहा है। प्लांट के अंदर एक साइट के नीचे भी आग लगी हुई है। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्लांट में काम करने वाले मजदूर लल्लन सिंह की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

आर. वैरामुथु को मिलेगा 60वां ज्ञानपीठ पुरस्कार

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय ज्ञानपीठ ने शनिवार को तमिल कवि, गीतकार और लेखक आर. वैरामुथु को वर्ष 2025 के लिए देश का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 60वां ज्ञानपीठ पुरस्कार देने की घोषणा की। उन्हें यह सम्मान तमिल साहित्य में उल्लेखनीय योगदान और रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्रदान किया जाएगा। भारतीय ज्ञानपीठ की चयन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। समिति ने शनिवार को कहा कि तमिल एक समृद्ध भाषा होने के बावजूद अब तक केवल दो लेखकों पीवी अखिलंदम (1975) और डी. जयकान्तन (2002) को ही यह सम्मान मिला था। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी -पेज 2
- भारतीय शिक्षा परंपरा ज्ञान, मूल्यों समग्र विकास पर आधारित -पेज 5
- सेवा संकल्प समिति 16 रोगियों को देगी 1.47 लाख की मदद -पेज 9
- करोड़ों की लागत से बना सोलन शामती बाइपास बना ड्रॉपिंग साइट -पेज 12

भारत को राहत : एलपीजी से भरे दो जहाजों ने पार किया होर्मुज

ईरान ने एक दिन पहले दी थी गुजरने की इजाजत, 2-3 दिन में पहुंचेंगे भारत

एजेंसी, तेहरान

अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग के 15वें दिन भारत को बड़ी राहत मिली है। खाड़ी देशों से एलपीजी को लेकर आ रहे भारत के दो जहाजों ने सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट को पार कर लिया है। ये दोनों जहाज उन 24 जहाजों में शामिल थे, जो मिडिल-ईस्ट में जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में फंस गए थे। ईरान ने एक दिन पहले इन जहाजों को गुजरने की अनुमति दी थी और अब ये भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ रहे हैं। ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान ने कई भारतीय जहाजों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दी है, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कुल कितने जहाजों को अनुमति दी गई। (अनंत ज्ञान)

दोनों जहाजों में कुल 92,700 टन एलपीजी

शिपिंग जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा के मुताबिक, भारतीय झंडे वाले एलपीजी कैरियर शिवालिक और नंदा देवी ने शनिवार होर्मुज स्ट्रेट पार किया। दोनों जहाज कुल 92,700 टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों जहाज गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह की ओर जा रहे हैं और इनके अगले 2-3 दिनों में भारत पहुंचने की संभावना है।

पांच दिन बाद कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई शुरू

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर लगी रोक हटा दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। सरकार ने 9 मार्च को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगाई थी। सरकार ने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-एनसीआर की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है।

वॉरशिप पर हमले का लेंगे बदला : ईरान

अमेरिका ने 4 मार्च को डुबो दिया था भारत से लौट रहा जहाज

एजेंसी, तेहरान

अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग को 15 दिन हो गए हैं। इस बीच ईरान की सेना के प्रमुख अमीर हातमी ने कहा है कि हिंद महासागर में ईरान के वॉरशिप पर हुए अमेरिकी हमले का जवाब जरूर दिया जाएगा। इस हमले में ईरान के वॉरशिप आईआरआईएस डेना के 104 नौसैनिकों की मौत हो गई। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ईरना के मुताबिक जहाज भारत में हुए मिलान 2026 नौसैनिक सैन्य अभ्यास को पूरा करके हिंद महासागर से वापस ईरान लौट रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। उस समय जहाज किसी लड़ाई में शामिल नहीं था। ईरान के युद्धपोत पर हमला 4 मार्च की सुबह हुआ था। यह हमला हिंद महासागर में श्रीलंका के गाले शहर के पास समुद्र में किया गया था। (अनंत ज्ञान)

ईरान ने सऊदी अरब पर किए ताबड़तोड़ हमले

तेहरान। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। ईरान ने दावा किया है कि उसने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमले किए, जिसमें अमेरिकी वायुसेना के कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही ईरान ने सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस को भी निशाना बनाया और खूब बम बरसाए। इन हमलों में वहां खड़े पांच अमेरिकी वायु सेना के पांच रिफ्यूअलिंग (तेल भरने वाले) विमान क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के अनुसार, विमान पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और उन्हें मरम्मत के लिए भेजा गया है। हमले में किसी के घायल होने या मौत की सूचना नहीं मिली है, लेकिन अमेरिका को बहुत बड़ी क्षति हुई है।

◆ अमेरिका के पांच विमान क्षतिग्रस्त होने का किया दावा

खर्ग पर 90 ईरानी सैन्य ठिकाने किए नष्ट : यूएस

वॉशिंगटन। अमेरिका ने दावा किया है कि उसकी सेना ने ईरान के खर्ग आइलैंड पर बड़े पैमाने पर सटीक हमले किए, जिनमें 90 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार हमले में तेल से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि हमले में नौसैनिक माइंस के भंडारण केंद्र, मिसाइल स्टोरेज बंकर और कई अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना ने इसे 'लार्ज-स्केल प्रिसिजन स्ट्राइक' बताया। इससे पहले एक ईरानी अधिकारी ने कहा था कि खार्ग आइलैंड से तेल निर्यात बिना किसी रुकावट के जारी है और वहां तेल कंपनियों की गतिविधियां सामान्य रूप से चल रही हैं।

एक ईरानी युद्धपोत कोच्चि में खड़ा

कोच्चि। ईरानी नौसेना का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन अभी भी केरल के कोच्चि बंदरगाह पर खड़ा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज के गैर-जरूरी क्रू सदस्य और भारत में फंसे अन्य 100 ईरानी नागरिक चार्टर्ड फ्लाइट से अपने देश लौट गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि आईआरआईएस लावन को तकनीकी खराबी के कारण कोच्चि में डॉक किया गया था।

मंडी पहुंचे सीएम सुक्खू, आज कोर्ट परिसर के शिलान्यास समारोह में करेंगे शिरकत

कांगनीधार पहुंचने पर मुख्यमंत्री का उपायुक्त अपूर्व देवगन ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू देर सायं मंडी प्रवास पर पहुंचे। वे 15 मार्च को मंडी के नए न्यायिक परिसर के शिलान्यास समारोह में भाग लेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री संस्कृति सदन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में भी शामिल होंगे। कांगनीधार पहुंचने पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। परिधि गृह मंडी में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, एडवोकेट जनरल अनूप रत्तन, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर, अनुसूचित जाति एवं जन जाति विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल, उपाध्यक्ष हिप्र जल प्रबंधन बोर्ड शशि शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंपा ठाकुर, मुख्यमंत्री के सचिव आशीष सिंहमार, मंडलायुक्त आरके प्रुथी, डीआईजी राहुल नाथ, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार भी इस मौके पर मौजूद रहे।

मल्होट में भेड़पालक की तेजधार हथियार से हत्या

अनंत ज्ञान, झंडूता। बिलासपुर जिले के थाना शाहतलाई क्षेत्र के तहत पड़ने वाले गांव मल्होट में शुक्रवार रात एक भेड़पालक की तेजधार हथियार से हत्या किए जाने का समाचार है। हत्या के बाद आरोपी फरार बताया जा रहा है। यह हत्या किसने और किन कारणों से की है यह पता नहीं चल पाया है। बहरहाल, सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। ये भेड़पालक कुछ दिन पहले अपने मवेशियों के साथ यहां आए थे। शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मल्होट में एक भेड़पालक मृत अवस्था में पड़ा है।

पुलिस ने मौके पर जाकर पाया कि मृतक की गर्दन पर तेज धार हथियार से हमला किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स बिलासपुर भेज दिया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी बिलासपुर संदीप धवल ने बताया कि पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके पर से साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है।

इनामी माओवादी कमांडर मृत्युंजय भुइया समेत दो नक्सली गिरफ्तार

एजेंसी, लातेहार

झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के दो इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए नक्सलियों में जोनल कमांडर मृत्युंजय भुइया और सब-जोनल कमांडर बबलू राम शामिल हैं।

पुलिस ने इनके पास से एक स्वचालित एके-47 रायफल, 21 जिंदा कारतूस और लेवी के लगभग 1.60 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। दरअसल, लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी संगठन का जोनल कमांडर मृत्युंजय भुइया अपने दस्ते के साथ छिपादोहर थाना क्षेत्र के हरिणामाड़ गांव के आसपास आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके में छापेमारी अभियान चलाया और गांव के पास घेराबंदी कर दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली मृत्युंजय भुइया छिपादोहर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव का रहने वाला है और वह माओवादी संगठन में जोनल कमांडर के पद पर कार्यरत था। उस पर झारखंड पुलिस ने 10 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। वहीं उसके साथ पकड़ा गया बबलू राम बिहार के अरवल जिले के निरखपुर गांव का निवासी है और माओवादी संगठन में सब-जोनल कमांडर के रूप में सक्रिय था। उस पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित था।

◆ झारखंड पुलिस ने रखा था 10 लाख का इनाम

शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस लंबे समय से इन दोनों नक्सलियों की तलाश में अभियान चला रही थी। (अनंत ज्ञान)

जलवायु कार्यकर्ता वांगचुक 170 दिन बाद जेल से रिहा

एजेंसी, जोधपुर

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को 170 दिन के बाद शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। उन्हें 26 सितंबर 2025 को लद्दाख में बड़े प्रदर्शन के बाद हिरासत में लिया गया था। गृह मंत्रालय ने बताया कि उनकी हिरासत को तुरंत प्रभाव से रद्द किया गया, ताकि लद्दाख में शांति और स्थिरता का माहौल कायम किया जा सके।

मामले में सरकार ने फिर से भरोसा दिलाया कि लद्दाख के लिए सभी जरूरी सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। साथ ही उम्मीद जताई कि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों का समाधान संवाद और बातचीत के जरिए निकलेगा। इसके लिए बनाई गई उच्च स्तरीय समिति और अन्य मंचों का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

◆ गृह मंत्रालय ने एनएसए हटाया

बता दें कि सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो ने उनकी हिरासत को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। गत 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर अंतिम सुनवाई के लिए 10 मार्च की तारीख तय की थी। (अनंत ज्ञान)

अमेरिका में ज्वेलरी शोरूम से 70 सेकेंड में लूटे 14 करोड़ के गहने

एजेंसी, कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक भारतीय परिवार के ज्वेलरी शोरूम में बड़ी डकैती की घटना सामने आई है। फ्री मोंट इलाके में स्थित कुमार ज्वेलर्स शोरूम में नकाबपोश बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में हमला किया। इस पूरी वारदात को महज 70 सेकेंड के अंदर अंजाम दिया गया। लुटेरों ने दुकान से करीब 1.7 मिलियन डॉलर यानी 14 करोड़ रुपए से ज्यादा के गहने लूट लिए। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गनीमत रही कि इस हमले में दुकान के मालिक और कर्मचारी सुरक्षित हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि कई गाड़ियां शोरूम के बाहर आकर रुकती हैं। इनमें से करीब दो दर्जन नकाबपोश बदमाश निकलते हैं, जिन्होंने काले रंग की हुडी पहनी हुई थी। उनके हाथों में हथौड़े और बैग थे। उन्होंने दुकान में घुसते ही कांच के काउंटर तोड़ना शुरू कर दिया। जांच अधिकारियों के अनुसार, लुटेरों ने योजनाबद्ध तरीके से काम किया। उन्होंने मात्र 70 सेकेंड में दुकान का 75 से 80 प्रतिशत सामान बैगों में भर लिया। (अनंत ज्ञान)

पंजाब में अकेले सरकार बनाएगी भाजपा : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने पंजाब के मोगा में किया भाजपा का चुनावी शंखनाद

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब में भाजपा का चुनावी शंखनाद करते हुए साफ कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अकेले मैदान में उतरेगी और सरकार बनाएगी। शनिवार को मोगा के गांव किल्ली चाहलां में भाजपा की पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि अब तक भाजपा पंजाब में छोटे भाई की भूमिका में रही है, लेकिन अब समय आ गया है कि पार्टी खुद सरकार बनाए।

उन्होंने दावा किया कि पंजाब की जनता आज भाजपा के साथ है। पंजाब के ज्वलंत नशों के मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस व अकाली दल ने पंजाब में नशों को बढ़ावा दिया है। चार महीने में पंजाब को नशा मुक्त करने का दावा करने वाला आम आदमी पार्टी भी इस दिशा में कुछ नहीं कर पाई। पंजाब को केवल भाजपा ही नशा मुक्त राज्य बना सकती है। भाजपा ने वादे के अनुसार, कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया। नक्सलवाद खत्म होने के कगार पर है।

पंजाब की सबसे बड़ी समस्या कर्ज, ड्रग्स, धर्म परिवर्तन, भ्रष्टाचार, गैंगस्टरवाद है। आज पंजाब से उद्योग पलायन कर रहे हैं। किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। युवाओं के पास अपने भविष्य को लेकर कोई विजन नहीं है। अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पंजाब में 19 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा को असम, मणिपुर, त्रिपुरा, उत्तराखंड में जब 19 प्रतिशत वोट मिले तो अगली सरकार भाजपा ने बनाई। इस बार पंजाब में सरकार बनाने का समय आ गया है।

पंजाब सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर आड़े हाथों लेते हुए अमित शाह ने कहा कि पंजाब में आज सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। सरकार होती तो कानून व्यवस्था ऐसी न होती, सरकार होती तो नशे का कारोबार न होता। सरकार होती तो किसानों की हालत ऐसी नहीं होती। सिख दंगों के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने दंगा पीड़ित परिवारों को न केवल मुआवजा दिया बल्कि नौकरियां भी दी, वहीं राहुल के पिता ने दंगों को लेकर सिखों का अपमान किया। (अनंत ज्ञान)

एनुअल फास्टैग पास 1 अप्रैल से महंगा

यूजर्स को 3,000 की जगह अब सालाना देने होंगे 3075 रुपए

एजेंसी, नई दिल्ली

अगले महीने यानी 1 अप्रैल से नेशनल हाईवे पर सफर करना थोड़ा महंगा हो जाएगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने एनुअल फास्टैग पास की कीमतों में 2.5% की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। अब प्राइवेट गाड़ी मालिकों को सालाना पास के लिए 3,000 रुपए की जगह 3,075 रुपए चुकाने होंगे।

यह पास कार यूजर्स को देशभर के 200 टोल प्लाजा पर बिना रुके सफर करने की सुविधा देता है। सड़क परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, जब एनुअल फास्टैग पास की शुरुआत की गई थी, तभी इसके नोटिफिकेशन में हर साल कीमतों की समीक्षा और बदलाव का

प्रावधान रखा गया था। यह बढ़ोतरी उसी सालाना रिवीजन प्रक्रिया का हिस्सा है। देश भर में हाईवे टोल की दरों में बदलाव के लिए जो फॉर्मूला तय है, उसी के आधार पर इस बार 2.5% की वृद्धि की गई है।

अगर आप अक्सर हाईवे पर सफर करते हैं और इस बढ़ोतरी से बचना चाहते हैं, तो आपके पास अभी मौका है। अधिकारियों ने बताया कि जो यूजर्स 31 मार्च तक अपना पास रिचार्ज करा लेंगे या नया पास खरीदेंगे, उन्हें यह पुराने रेट यानी 3,000 रुपए में ही मिल जाएगा। 1 अप्रैल से सिस्टम में नई दरें अपडेट कर दी जाएंगी। (अनतं ज्ञान)

52 लाख से ज्यादा लोग यूज कर रहे हैं यह पास

केंद्र सरकार ने 15 अगस्त से इस खास एनुअल पास की शुरुआत की थी, जिसे उम्मीद से कहीं ज्यादा बेहतर रिस्पॉन्स मिला है। अब तक 52 लाख से ज्यादा हाईवे कार यूजर्स इस स्कीम से जुड़ चुके हैं। इस पास की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे एक साल में कितनी भी बार रिचार्ज कराया जा सकता है और यह लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों के लिए काफी किफायती साबित होता है।

व्याख्यान हिमाचल की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और अतिथि सत्कार मीठे सेब की तरह

शिक्षा में सुधार से सुधरेगी लैंगिक समानता: उपराष्ट्रपति

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मातृभाषा जरूरी बोलनी चाहिए। दीक्षांत समारोह में अंग्रेजी में भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें हिंदी नहीं आती है, जिसके लिए उन्हें बहुत बुरा महसूस होता है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य से वे आते है, वहां पर हिंदी भाषा नहीं बोली जाती है। वहां के एक नेता और उनके परिवार के सदस्यों के निजी स्कूल हैं तथा वहां पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाती है। जबकि हमें अपने देश में मातृभाषा बोलना आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज देखने को मिल रहा है कि लड़कियां-लड़कों से पढ़ाई में अच्छा कर रही है। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता में तभी सुधार होगा जब शिक्षा के स्तर में सुधार होगा।



इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल को देवभूमि और वीरभूमि बताते हुए कहा कि प्रदेश ने देश की सशस्त्र सेनाओं को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने हिमाचल की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और अतिथि-सत्कार मीठे सेब की तरह है। उपराष्ट्रपति ने भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि नालंदा और तक्षशीला जैसे महान शिक्षण केंद्र गुरुओं और आचार्यों के बौद्धिक संवाद के कारण विश्व में प्रसिद्ध हुए। आधुनिक विश्वविद्यालयों को भी शिक्षकों के विकास, नवाचार, अंतर-विषयक शोध और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

उन्होंने छात्रों से कहा कि जीवन कभी खत्म नहीं होता है। यह सदैव आगे बढ़ता रहता है। बिना किसी बाधा व सोच के आगे निरंतर आगे बढ़ते रहना ही हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के जीवन की कोई सार्थकता नहीं है। इसलिए हमें अपना हौसला नहीं खोना चाहिए व एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में आगे बढ़ना चाहिए।

प्रदेश के वीर सैनिकों ने गौरवान्वित किया राष्ट्र

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियां और घाटियां ऐसे वीर सैनिकों की पीढ़ियों को जन्म देती रही हैं, जिनके साहस, पराक्रम और देशभक्ति ने राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल ने देश की सशस्त्र सेनाओं को हमेशा वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

युवाओं से की ड्रग्स से दूर रहने की अपील

उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय परिसर को नशामुक्त बनाने की पहल की सराहना करते हुए युवाओं से अपील की कि वे ड्रग्स से दूर रहें और समाज व राष्ट्र के हित में अपने ज्ञान का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने केंद्रीय विश्व विद्यालय धर्मशाला के दीक्षा समारोह लड़कियों के आगे रहने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आज लड़कियां कहीं पर भी लड़कों से पीछे नहीं है। उन्होंने लड़कों से भी पढ़ाई में लड़कियों से आगे बढ़ने की आग्रह किया।

न्यूज ब्रीफ

प्रदर्शनी में सूती कुर्ते बने महिलाओं की पहली पसंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित पदमदेव परिसर में वस्त्र मंत्रालय की ओर से आयोजित वस्त्र प्रदर्शनी में कश्मीरी कारीगरी से सजे सूती कुर्ते महिलाओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखकर तैयार किए गए ये हल्के, आरामदायक और खूबसूरत कुर्ते बड़ी संख्या में महिला ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहे हैं। पारंपरिक कश्मीरी नक्शों और रंगों से सजे इन परिधानों में आधुनिकता और पारंपरिक शिल्प का सुंदर संगम दिखाई देता है, जिसके कारण प्रदर्शनी में आने वाली महिलाएं इन्हें विशेष रुचि के साथ खरीद रही हैं। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के कुर्तों और परिधानों की किफायती श्रेणी भी लोगों को आकर्षित कर रही है। स्टॉलों पर लंबे कुर्ते लगभग 650 रुपए तक, छोटे कुर्ते करीब 459 रुपये तक तथा काफ़्तान सूट लगभग 1250 रुपए तक उपलब्ध हैं। वहीं छोटी बच्चियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कुर्ते 200 से 250 रुपए की कीमत में मिल रहे हैं। आयोजकों के अनुसार हस्तशिल्प और सूती वस्त्रों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगाई गई इस प्रदर्शनी में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी उत्साहपूर्वक खरीदारी कर रहे हैं।

मतियाना में सड़क हादसे में कार चालक की मौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले के मतियाना क्षेत्र के नन्नी में बीती शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार और सामने से आ रहे एक ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के समय कार में चार लोग सवार थे, जिनमें से चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अन्य तीन लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान ध्यान चंद कैंथला के रूप में हुई है, जो कौंथडु गांव के निवासी थे और शिलारू स्थित पेट्रोल पंप में कार्यरत थे। हालांकि पुलिस की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति काफी तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सीधे सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक की मौके पर ही जान चली गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हादसे के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल पाएगा।

जंगल के जीवन की लय पर थिरका गेयटी का मंच

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर के गॉथिक सभागार में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में संतोष नायर एंड ग्रुप की समकालीन नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को मानो जंगल की जीवंत दुनिया में पहुंचा दिया। नृत्य की लय, भाव और शारीरिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से कलाकारों ने वन्य जीवन की गतिशीलता, संघर्ष और सौंदर्य को बेहद प्रभावशाली ढंग से मंच पर उकेरा। यह प्रस्तुति पारंपरिक मयूरभंज छऊ की दमदार शैली से प्रेरित थी, जिसमें आधुनिक नृत्य की संवेदनाओं का सुंदर संगम देखने को मिला। कलाकारों की सशक्त देहभाषा और तालबद्ध गतियों ने सभागार में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान संगीत की मधुरता ने भी वातावरण को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। गुलज़ार हुसैन और मोहम्मद उमर की वायलिन तथा सितार वादन की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सुरों की मधुर तरंगों और नृत्य की अभिव्यक्तियों के संगम ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। सांस्कृतिक रसिकों ने कलाकारों की प्रस्तुति की खूब सराहना की और देर तक तालियों की गूंज सभागार में सुनाई देती रही।

फागू-भेखलटी मार्ग पर दो कारों की भीषण टक्कर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले के फागू-भेखलटी मार्ग पर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब आमने-सामने आ रही दो कारों के बीच भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर क्षतिग्रस्त हिस्से दूर-दूर तक बिखर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा तेज रफ्तार और मोड़ पर नियंत्रण खोने के कारण हुआ बताया जा रहा है। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की सहायता करते हुए प्रशासन को इसकी सूचना दी। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा और लोगों में दहशत का माहौल देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा स्थिति को संभालते हुए वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज गति और असावधानी माना जा रहा है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी

शिक्षा मंत्री ने जारी किए दिशा-निर्देश, स्कूलों के विलय के बाद परिवहन सुविधा व नई भर्तियों खाका तैयार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश में स्कूलों के विलय व पुनर्गठन के बाद उत्पन्न व्यवस्थागत चुनौतियों को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कई नई व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की है। सरकार अब विशेष रूप से दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने, शिक्षकों की कमी दूर करने और डिजिटल शिक्षा को विस्तार देने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

इसी क्रम में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभागीय स्तर पर योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्कूलों के पुनर्गठन के बाद जिन क्षेत्रों में विद्यार्थियों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, वहां परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है, विशेषकर जनजातीय जिलों किन्नौर, चंबा और लाहौल-स्पीति में इसके लिए अलग व्यवस्था की जा रही है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में बंद किए

◆ **7,635 मेधावी छात्रों को टैबलेट उपलब्ध करवाने की योजना, 870 शिक्षकों के पद भरने की कवायद शुरू**

गए विद्यालयों को दोबारा अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है, जिसमें नगरोटा और ज्वालामुखी के विद्यालय शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकारी विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक व्यवस्था से जोड़ने की दिशा में भी पहल की गई है। राज्य के 151 सरकारी विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्धता मिल चुकी है और आगामी शैक्षणिक सत्र से इन विद्यालयों में उसी पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाई संचालित करने की तैयारी चल रही है। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस माह के अंत तक 7,635 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध करवाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन सामग्री और डिजिटल संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिल सके। इसके साथ ही कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चयनित विद्यालयों में बागवानी को व्यावसायिक विषय के रूप में शुरू करने की तैयारी भी की जा रही है।

शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए नई भर्तियों की प्रक्रिया भी तेज की जा रही है। वित्त विभाग से 870 शिक्षकों के पद भरने की स्वीकृति मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। विशेष रूप से विज्ञान और वाणिज्य विषयों में शिक्षकों की कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। विभागीय स्तर पर एलडीआर परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति से जुड़े मामलों को भी अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है।

इस संबंध में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थागत सुधारों पर चर्चा की तथा आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले इन योजनाओं को लागू करने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

219 स्कूलों को 13.91 करोड़ रुपए जारी

इसके अलावा आपदा के बाद क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की मरम्मत और निर्माण कार्यों के लिए पीडीएनए के तहत 219 विद्यालयों को 13.91 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिनके अंतर्गत सैकड़ों निर्माण और मरम्मत कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि शेष कार्यों को भी जल्द पूरा करने की तैयारी है।

शिमला में एलएसडी तस्करी पर बड़ा प्रहार

गुरुग्राम से मुख्य सप्लायर दबोचा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में नशीले पदार्थों के बढ़ते नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए शिमला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। 562 एलएसडी स्ट्रिप्स की बरामदगी के मामले में पुलिस की विशेष टीम ने मुख्य सप्लायर को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से केरल का निवासी बताया जा रहा है, जो लंबे समय से सिंथेटिक नशे की तस्करी से जुड़े एक संगठित गिरोह को संचालित कर रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी देश के विभिन्न राज्यों में फैले नेटवर्क के माध्यम से एलएसडी जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों की आपूर्ति कर रहा था और इसकी गतिविधियों पर काफी समय से नजर रखी जा रही थी।

दरअसल, कुछ समय पहले शिमला के न्यू शिमला क्षेत्र स्थित हिम भवन में पुलिस ने छापेमारी कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था, जिनके कब्जे से 562 एलएसडी स्ट्रिप्स बरामद हुई थीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपए आंकी गई थी। इस मामले में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ और उनके वित्तीय लेन-देन की गहन जांच के दौरान केरल निवासी इस मुख्य सप्लायर का नाम सामने आया। इसके बाद शिमला पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी निगरानी के आधार पर गुरुग्राम में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस गिरोह के तार देश के अन्य राज्यों अथवा अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क से जुड़े हैं या नहीं।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

हिम संगीत उत्सव में गुलजार और उमर की सुरमयी प्रस्तुति ने श्रोताओं को बांधा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला के ऐतिहासिक गेयटी सभागार में आयोजित हिम संगीत उत्सव-2026 की पंचम और अंतिम सांझ संगीत और नृत्य की अद्भुत छटा से सराबोर हो उठी। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला, भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश तथा गेयटी ड्रामेटिक सोसायटी शिमला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में वायलिन वादक गुलजार हुसैन और दिलरुबा वादक मोहम्मद उमर की युगल प्रस्तुति ने श्रोताओं को सुरों की एक अनोखी यात्रा पर ले जाकर मंत्रमुग्ध कर दिया।

राजस्थान के जयपुर से संबंध रखने वाले गुलजार हुसैन ने अपने सधे हुए वायलिन वादन से शास्त्रीय संगीत की सूक्ष्मताओं को जीवंत किया, वहीं दिलरुबा के मधुर और विरल स्वर ने वातावरण में एक अद्भुत आध्यात्मिकता घोल दी। दोनों कलाकारों की जुगलबंदी में परंपरा और साधना की ऐसी झलक दिखाई दी जिसने उपस्थित संगीत प्रेमियों को देर तक बांधे रखा।

गुलजार हुसैन ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा विनोद शर्मा, उस्ताद बन्ने खां और वरिष्ठ वायलिन वादक राजीव अग्रवाल से प्राप्त की, जबकि आगे चलकर उन्हें विख्यात वायलिन वादक पं. वीजी जोग तथा तबला नवाज उस्ताद निसार हुसैन खां का भी मार्गदर्शन मिला। आकाशवाणी और दूरदर्शन से मान्यता प्राप्त कलाकार गुलजार हुसैन देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं और दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, ओमान, सऊदी अरब तथा संयुक्त अरब अमीरात में भी भारतीय संगीत की मधुरता का जादू बिखेर चुके हैं। वहीं दिलरुबा वादक मोहम्मद उमर उन चुनिंदा कलाकारों में गिने जाते हैं जिन्होंने लगभग विलुप्त हो रहे इस प्राचीन वाद्य को नई पहचान दी है।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में संतोष नायर समूह की समकालीन नृत्य प्रस्तुति 'रहस्यमयी जंगल' ने दर्शकों को प्रकृति के एक जीवंत संसार में पहुंचा दिया। लगभग तीन दशकों से नृत्य के क्षेत्र में सक्रिय संतोष नायर ने पारंपरिक 'मयूरभंज छऊ' शैली की प्रेरणा से तैयार इस नृत्य रचना के माध्यम से जंगल के जीवन, वहां की लय, भावनाओं और आपसी संबंधों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया।

मौसम के बदले तेवर, बागवानों की सेब फसल को लेकर बढ़ी चिंता

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। हिमाचल प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में इस वर्ष मौसम के बदले तेवरों ने सेब बागवानी को लेकर बागवानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। सर्दियों के दौरान इस बार केवल एक बार ही बर्फबारी दर्ज की गई, जिससे चिलिंग आवर्स पर मिला-जुला प्रभाव पड़ा है। कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त ठंड मिलने से पेड़ों की डॉर्मेंसी पूरी हुई है, जबकि कई बागों में पेड़ अपेक्षा से पहले ही सक्रिय होते नजर आ रहे हैं।

बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार समय से पहले जागे हुए पेड़ों में फूल आने की प्रक्रिया भी जल्दी शुरू हो सकती है। इस बार ऊंचाई बाले सेव उत्पादक क्षेत्र के बगीचों जहां पर नमी है इस बार जल्दी फ्लोरिंग का सीजन शुरू हो गया है। जब की कम व मध्यम ऊंचाई बाले सेव उत्पादक क्षेत्रों मै सेब के पौधों में फूल आने की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई, जबकि अब शुरू हो जाती थी। यदि मार्च और अप्रैल के महीनों में तापमान अचानक गिरता है तो पाले (फ्रॉस्ट) का खतरा बढ़ सकता है, जिससे फूल झड़ने और फल सेट प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।

हालांकि, कई क्षेत्रों में बागों की जमीन में इस समय अच्छी नमी देखी जा रही है, जो पौधों की शुरुआती बढ़वार के लिए सकारात्मक मानी जा रही है। नमी वाली मिट्टी जड़ों की सक्रियता बढ़ाती है और पेड़ों को पोषण लेने में मदद करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अत्यधिक नमी की स्थिति में फफूंद जनित रोगों का खतरा भी बढ़ सकता है, इसलिए बागवानों को समय-समय पर बागों की निगरानी और उचित प्रबंधन करना आवश्यक होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि सेब की फसल काफी हद तक आने वाले समय के मौसम पर निर्भर करेगी। यदि तापमान संतुलित रहा और समय पर हल्की बारिश होती रही तो इस वर्ष उत्पादन अच्छा रहने की उम्मीद भी जताई जा रही है। बागवानी विभाग ने बागवानों को पोषण प्रबंधन, रोग-कीट नियंत्रण और सिंचाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है, ताकि मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच भी फसल को सुरक्षित रखा जा सके।

रामपुर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

अनंत ज्ञान

विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया रहे, जबकि आयोजन सचिव डॉ. विद्या बंधु नेगी और सह-आयोजन सचिव युगराज सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मोनिका बासोतिया उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा मशाल प्रज्वलन (टॉर्च बियरिंग) और छात्रावास, शारीरिक शिक्षा विभाग व एनसीसी कैडेट्स के आकर्षक मार्च पास के साथ हुआ। डॉ. बासोतिया ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में 1500 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बेस्ट एथलीट (पुरुष) का पुरस्कार अभिषेक (बीए तृतीय वर्ष) और बेस्ट एथलीट (महिला) का पुरस्कार दिव्या भारती और सृष्टि नेगी को प्रदान किया गया। मार्च पास में प्रथम स्थान अंबेडकर छात्रावास और एनसीसी कैडेट्स, द्वितीय भदरी छात्रावास तथा तृतीय ट्राइबल छात्रावास (महिला) को मिला। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

हिमाचल में कई जिलों में बारिश और तेज हवाएं चलने के आसार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने के संकेत मिल रहे हैं। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार सुबह से हल्के बादल छाए रहे, जिससे तापमान में हल्की गिरावट महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में राज्य के कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा, आंधी और बिजली चमकने की संभावना जताई गई है। विभाग का कहना है कि 15 और 16 मार्च को मौसम अधिक सक्रिय रह सकता है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम का असर ज्यादा दिखाई देगा।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा और ऊंचे इलाकों में हिमपात दर्ज किया गया है। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से छह डिग्री अधिक रहा, जबकि ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में यह सामान्य से तीन से सात डिग्री तक ऊपर दर्ज किया गया। प्रदेश में न्यूनतम तापमान माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस से लेकर 18 डिग्री सेल्सियस तक रहा। सबसे कम तापमान ताबो में दर्ज किया गया, जबकि पांवटा साहिब में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

शिमला स्थित मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 15 मार्च को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में कहीं-कहीं गरज के साथ बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। 16 मार्च को भी चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में कहीं-कहीं वर्षा और तेज हवाओं का दौर जारी रह सकता है, जबकि 18 और 19 मार्च को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वहीं पिछले चौबीस घंटों में धर्मशाला, चंबा, कुकुमसेरी, तिस्सा, सराहन और केलांग सहित कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है।

संस्कृत ओलम्पियाड प्रतियोगिता में छाए जनेडघाट स्कूल के स्टूडेंट्स

अनंत ज्ञान

◆ **एंजल प्रदेश में प्रथम, धैर्य ठाकुर दूसरे स्थान पर**

ब्यूरो, शिमला। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के सौजन्य से जनवरी माह में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय स्तरीय संस्कृत ओलंपियाड प्रतियोगिता-2025 के परिणाम घोषित हो गए हैं। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जनेडघाट के चार विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सोहन रांटा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया था और यह प्रतियोगिता कक्षावार आयोजित की गई थी।

उन्होंने बताया कि छठी कक्षा की छात्रा एंजल ने हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान व इसी कक्षा के छात्र धैर्य ठाकुर ने दूसरा तथा निखिल ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, कक्षा आठवीं के छात्र अभिषेक ने भी प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। प्रधानाचार्य डॉ. सोहन रांटा ने इस उपलब्धि के लिए संस्कृत अध्यापक रविंद्र कुमार शास्त्री और सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष की माता के निधन पर पठानिया ने जताया शोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र सिंह कल्याण की माता प्रेम कौर कल्याण के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रेम कौर कल्याण एक मिलनसार, नेकदिल और विनम्र स्वभाव की महिला थीं, जो हमेशा जरूरतमंदों और दीन-दुखियों की सहायता के लिए तत्पर रहती थीं।

पठानिया ने कहा कि उनके निधन से मधुबन स्थित कल्याण परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है और उनके शुभचिंतकों में भी शोक की लहर है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कांग्रेस घड़ियाली आंसू बहाकर कर रही राजनीति : त्रिलोक कपूर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत के लिए 288.39 करोड़ रुपए की सहायता राशि जारी किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक बार फिर यह साबित किया है कि कठिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश की जनता के साथ वह मजबूती से खड़ी रहती है और प्रदेश की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाता है।

त्रिलोक कपूर ने कहा कि वर्ष 2025 में आई प्राकृतिक आपदाओं के बाद केंद्र सरकार ने बिना किसी देरी के प्रदेश की सहायता के लिए 288.39 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर माना है और जब भी प्रदेश किसी आपदा या चुनौती का सामना करता है, तब केंद्र सरकार संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ सहायता के लिए आगे आती है। यह सहायता राशि भी उसी संवेदनशील दृष्टिकोण का प्रमाण है।

उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार और उसके नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस केवल आपदा राहत के मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहाकर राजनीति कर रही है। कपूर ने कहा कि जब केंद्र सरकार लगातार हिमाचल प्रदेश की सहायता कर रही है, तब भी कांग्रेस नेता जनता को भ्रमित करने और केंद्र के खिलाफ झूठा प्रचार करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा प्रदेश के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और केंद्र सरकार आगे भी हिमाचल की जनता को हर आवश्यक सहायता प्रदान करती रहेगी।

मसला महंगे हुए मधुमक्खियों के बक्से, किराया बढ़ने से बागवानों की लागत में इजाफा

हिमाचल में मधुमक्खियों का परागण संकट गहराया

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। सेब बागानों की खुशहाली अब मधुमक्खियों के पंखों पर टिकी दिखाई दे रही है, लेकिन विडंबना यह है कि इन्हीं मधुमक्खियों का संकट हर साल गहराता जा रहा है। एक ओर परागण के लिए विदेशी प्रजाति की मधुमक्खियों की मांग लगातार बढ़ रही है। वहीं, दूसरी ओर बढ़ते कीटनाशकों और जालों के कारण इनका अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि बागवानों के सामने उत्पादन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। जिन उम्मीदों के साथ बागवानों ने बागवानी विभाग की योजनाओं और एमआईएस के सहारे राहत की आस लगाई थी, वह भी अब धुंधली पड़ती नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार हकीकत यह है कि प्रदेश के सेब बागानों में परागण के लिए मधुमक्खियां अब अनिवार्य जरूरत बन चुकी हैं। विदेशी प्रजाति एपिस मेलिफेरा मधुमक्खियां कम समय में अधिक फूलों पर जाकर परागण करती हैं, जिससे फल बनने की संभावना बढ़ जाती है, लेकिन बढ़ते कीटनाशकों और बागानों में लगाए जाने वाले सुरक्षात्मक जाल इन मधुमक्खियों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं।

◆ **परागण के लिए विदेशी मधुमक्खियों की मांग में बढ़ोतरी**

◆ **कीटनाशकों और जालों के कारण हर साल मर रही हजारों मधुमक्खियां**

जालों में फंसकर हजारों मधुमक्खियां हर साल दम तोड़ देती हैं और जो बाहर निकल भी जाएं, वे अक्सर वापस अपने बक्सों तक नहीं लौट पातीं। इसका सीधा असर परागण प्रक्रिया पर पड़ता है और फल उत्पादन पर संकट मंडराने लगता है।

इसी बीच बागवानों की मुश्किलें उस समय और बढ़ जाती हैं जब परागण के लिए मधुमक्खियों के बक्सों का किराया भी लगातार बढ़ने लगता है। पहले जहां सीमित खर्च में यह व्यवस्था हो जाती थी, वहीं अब प्रति बक्सा किराया बढ़ने से बागवानों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। बागवानी विभाग भले ही कुछ हद तक सहायता और सब्सिडी देने की बात करता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मांग के मुकाबले व्यवस्थाएं बेहद कम साबित हो रही हैं। नतीजा यह है कि बागवान निजी स्तर पर महंगे दामों पर मधुमक्खी बक्से लेने को मजबूर हो रहे हैं।

दूसरी ओर एमआईएस के तहत मिलने वाली सहायता भी इस बार बागवानों को ठोस राहत देती नहीं दिख रही। कई स्थानों पर छोटे बागवानों को नकद सहायता के बजाय अल्प मात्रा में खाद या कीटनाशक उपलब्ध कराने की चर्चा है, जिससे उनकी आर्थिक मुश्किलें कम होने के बजाय और उलझती नजर आ रही हैं। सेब उत्पादन पहले ही मौसम, ओलावृष्टि और बाजार की अनिश्चितताओं से जूझ रहा है, ऐसे में परागण व्यवस्था और बढ़ते कीटनाशकों का दबाव बागवानों को अंदर ही अंदर तोड़ रहा है।

नीति और प्रबंधन की कमी ने बढ़ाई चिंता

बागवानी विशेषज्ञों का मानना है कि अगर समय रहते मधुमक्खियों के संरक्षण और सुरक्षित परागण के लिए स्पष्ट नीति नहीं बनाई गई, तो आने वाले वर्षों में सेब उत्पादन पर इसका गहरा असर पड़ सकता है। जरूरत इस बात की है कि कीटनाशकों के उपयोग को नियंत्रित किया जाए, जाल लगाने के वैज्ञानिक तरीके अपनाए जाए और छोटे बागवानों के लिए परागण की स्थायी व्यवस्था तैयार की जाए। फिलहाल हालात ऐसे हैं कि बागवान उम्मीद और हकीकत के बीच झूलते नजर आ रहे हैं, जबकि सेब बागानों की तकदीर अब भी मधुमक्खियों की उड़ान पर ही निर्भर है।

शराब से 2900 करोड़ जुटाने की तैयारी में सुक्खू सरकार

पर्यटकों के लिए भी सख्त नियम लागू, बाहरी राज्यों से आने वाली शराब पर होगा नियंत्रण

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने आबकारी नीति के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने आगामी वित्त वर्ष के लिए शराब के ठेकों की नीलामी और अन्य आबकारी मदों से करीब 2900 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार की इस नई व्यवस्था में पर्यटकों के लिए भी कुछ अहम नियम तय किए गए हैं, ताकि प्रदेश में शराब की बिक्री से होने वाला राजस्व बढ़ाया जा सके और बाहरी राज्यों से आने वाली शराब पर नियंत्रण लगाया जा सके।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ अवैध शराब की आवाजाही पर रोक लगाने के उद्देश्य से नई व्यवस्था लागू करने का संकेत दिया है। नई नीति के अनुसार अब बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक अपने साथ बाहर से खरीदी गई शराब नहीं ला सकेंगे। यदि किसी व्यक्ति को हिमाचल में शराब अपने पास रखनी है तो वह केवल वही बोतलें रख सकता है, जिन पर स्पष्ट रूप से फॉर सेल इन हिमाचल प्रदेश ओनली अंकित होगा। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से प्रदेश के भीतर शराब की बिक्री बढ़ेगी और सरकारी खजाने को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

सरकार ने शराब रखने की अधिकतम सीमा भी निर्धारित की है। नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक समय में अधिकतम छह बोतल शराब ही अपने पास रख सकता है और यह शराब प्रदेश में ही खरीदी गई होनी चाहिए। राज्य कर एवं आबकारी विभाग के अनुसार इस नीति का उद्देश्य राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ अवैध शराब के प्रवाह को रोकना भी है। हिमाचल जैसे पर्यटन प्रधान राज्य में हर वर्ष लाखों की संख्या में सैलानी पहुंचते हैं और सरकार इसी पर्यटन गतिविधि को राजस्व सृजन के अवसर के रूप में भी देख रही है।

प्रदेश में शराब के ठेकों की संख्या भी काफी बड़ी है, जिनकी नीलामी से सरकार को हर वर्ष अच्छी आय होती है। प्रदेश में कुल 2125 शराब के ठेके हैं। आबकारी विभाग का कहना है कि इन ठेकों की नीलामी और अन्य करों से राज्य के राजस्व में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

हर वर्ष करोड़ों पर्यटक पहुंचे हिमाचल

पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2022-23 में शराब की नीलामी और अन्य आबकारी करों से सरकार को करीब 2147 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसके बाद वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 2631 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा लगभग 2776 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। पर्यटन विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश में हर वर्ष करोड़ों पर्यटक पहुंचते हैं और वर्ष 2024 में लगभग 1 करोड़ 81 लाख से अधिक पर्यटक प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर घूमने आए थे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ आबकारी राजस्व में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

हिमाचल में साइबर ठगी के खिलाफ जागरूकता अभियान हुआ तेज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में बढ़ती साइबर ठगी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस विभाग ने जागरूकता अभियान को और तेज करने का फैसला किया है। इस अभियान में पुलिस के साथ विभिन्न सामाजिक संगठन और स्वयंसेवी संस्थाएं भी जोड़ी जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सतर्कता का संदेश पहुंच सके। पुलिस अब शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। इन सत्रों में विद्यार्थियों को साइबर अपराध के तरीकों और उनसे बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

◆ **छात्रों और आमजन को सतर्क करने की विशेष तैयारी**

अधिकारियों के अनुसार साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। फर्जी फोन कॉल और संदेशों के जरिए बैंक खातों की जानकारी हासिल करना, संदिग्ध लिंक या मोबाइल ऐप के माध्यम से पैसे उड़ाना और सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर परिचितों से पैसे मांगना जैसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि छात्रों को जागरूक कर उन्हें अनजान लिंक पर क्लिक न करने, बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा न करने और संदिग्ध कॉल या संदेशों से सावधान रहने के बारे में बताया जाएगा। उनका मानना है कि जागरूक युवा न केवल खुद सुरक्षित रहेंगे, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी साइबर ठगी से बचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर फिर छिड़ी चर्चाएं

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है और इसके साथ ही प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा की दावेदारी को लेकर भी नए सवाल खड़े हो गए हैं। कांग्रेस ने हाल ही में राज्यसभा के लिए कांगड़ा क्षेत्र से एक यचव नेता को भेजकर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की है, लेकिन अब यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या इससे कांगड़ा की मंत्रीपद की मांग को भी संतुलित मान लिया जाएगा। राजनीतिक गलियारों में यह भी कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आगामी समय में मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। हालांकि, यह फैसला बजट सत्र से पहले होगा या फिर सत्र के बाद, यह अभी स्पष्ट नहीं है। 18 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के बाद इस पर कोई ठोस निर्णय सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

◆ **मंत्री पद पर अब हल्की पड़ गई कांगड़ा की दावेदारी**

◆ **सुंदर सिंह ठाकुर के अलावा भी कई अन्य दावेदार**

सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल में रिक्त पड़े एक पद को भरने को लेकर लगातार मंथन जारी है और पार्टी संगठन से लेकर सत्ता के गलियारों तक कई स्तरों पर संपर्क साधे जा रहे हैं। कांगड़ा से मंत्री बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है, क्योंकि विधानसभा में इस जिले से कांग्रेस के कई विधायक हैं। इसी क्रम में कुल्लू से विधायक सुंदर सिंह ठाकुर का नाम भी चर्चाओं में बताया जा रहा है, जिन्हें संगठन और सरकार दोनों के साथ तालमेल रखने वाला नेता माना जाता है। हालांकि, राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि अंतिम समय में कोई नया नाम भी अचानक सामने आ सकता है, क्योंकि मुख्यमंत्री क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर ही अंतिम फैसला लेना चाहेंगे।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कांगड़ा को राज्यसभा के माध्यम से प्रतिनिधित्व मिल चुका है तो मंत्रिमंडल में किसी दूसरे क्षेत्र को अवसर देने की रणनीति भी अपनाई जा सकती है। ऐसे में क्षेत्रीय संतुलन, जातीय समीकरण और संगठनात्मक निष्ठा जैसे कई कारक इस निर्णय को प्रभावित करेंगे। मुख्यमंत्री के सामने चुनौती यह भी होगी कि सरकार के भीतर संतुलन बनाए रखते हुए पार्टी संगठन को भी संतुष्ट रखा जाए। यही कारण है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच कई संभावनाएं खुली हुई हैं और अंतिम फैसला होने तक सियासी अटकलों का दौर जारी रहने की पूरी संभावना है।

अब ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं आएगा पानी का 100 रुपए मासिक शुल्क

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति पर प्रस्तावित 100 रुपए मासिक उपयोगकर्ता शुल्क लगाने के आदेश को सरकार ने फिलहाल वापस ले लिया है। पंचायतीराज विभाग ने इस संबंध में पूर्व में जारी निर्देशों को स्थगित करते हुए स्पष्ट किया है कि आगामी आदेशों तक ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए कोई मासिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के हजारों ग्रामीण परिवारों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि शुल्क लागू होने की स्थिति में गांवों में पानी के बिलों का अतिरिक्त बोझ बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी।

◆ **पंचायतीराज विभाग ने पुराने निर्देश स्थगित किए, ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत**

दरअसल पूर्व सरकार के समय गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए पहले से लागू 20 रुपए मासिक शुल्क को समाप्त कर 100 रुपए मासिक उपयोगकर्ता शुल्क निर्धारित करने का निर्णय लिया गया था। इस संबंध में पिछले वर्ष अक्तूबर माह में आदेश भी जारी किए गए थे और कुछ पंचायतों ने इस शुल्क की वसूली शुरू करने की तैयारी भी कर ली थी। हालांकि इस निर्णय का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक विरोध देखने को मिला और लोगों ने इसे आर्थिक रूप से बोझिल बताते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग उठाई थी।

इसी पृष्ठभूमि में पंचायतीराज विभाग ने पूरे मामले की समीक्षा करते हुए पूर्व में जारी आदेशों को फिलहाल स्थगित कर दिया है। विभाग का कहना है कि जब तक इस विषय पर नए निर्देश जारी नहीं होते, तब तक पंचायतों द्वारा ग्रामीण पेयजल पर कोई मासिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। सरकार के इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित भारी पानी बिलों को लेकर बन रही स्थिति फिलहाल टल गई है और लोगों ने इसे राहत भरा कदम बताया है।

चिट्टा मुक्त हिमाचल की मुहिम हुई तेज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत पुलिस ने स्कूलों और कॉलेजों के आसपास विशेष तलाशी अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा 15 नवंबर 2025 को शुरू किए गए प्रदेशव्यापी एंटी-चिट्टा जन-आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्थित दुकानों और व्यावसायिक परिसरों की सघन जांच की गई। इस कार्रवाई का उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से रोकना और शैक्षणिक वातावरण को सुरक्षित बनाना है।

पुलिस के अनुसार राज्य-स्तरीय अभियान के दौरान प्रदेश भर में शैक्षणिक संस्थानों के समीप चिन्हित कुल 1,949 दुकानों और वेंडरों की तलाशी ली गई। जिला पुलिस और विशेष कार्यबल की संयुक्त टीमों ने स्कूल-कॉलेजों के निर्धारित दायरे में तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर सख्ती करते हुए कोटपा अधिनियम के तहत पांच और आबकारी अधिनियम के अंतर्गत एक अभियोग दर्ज किया। इसके अलावा कोटपा अधिनियम के तहत 567 चालान किए गए तथा नॉन बायोडीग्रेडेबल वेस्ट नियंत्रण अधिनियम के तहत चार चालान भी काटे गए।

◆ **स्कूल-कॉलेजों के पास 1,949 दुकानों की जांच, अवैध तंबाकू बिक्री पर हुई कार्रवाई**

अभियान के दौरान 65,300 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया और कई दुकानों से सिगरेट, तंबाकू, बीड़ी सहित प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान खुफिया सूचनाओं और अंतर-जिला समन्वय के आधार पर चलाया जा रहा है, ताकि युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करने वाले ठिकानों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

86 लाख की लागत से निर्मित होगा जाजड़ी-भाटुई संपर्क सड़क मार्ग

विधानसभा अध्यक्ष ने ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा देने का किया आश्वासन

अनंत ज्ञान

चंबा (चुवाड़ी)। भटियात विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मलूंडा में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जाजड़ी से भटुंई तक 3.7 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क की आधारशिला रखी, जिसकी लागत 86 लाख रुपए है।

सड़क की आधारशिला रखते विधानसभा अध्यक्ष। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि सड़कें क्षेत्र के समग्र विकास की रीढ़ हैं और सरकार का उद्देश्य हर गांव को बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ना है। इस परियोजना से चलेला, धनोड़ी, कुट, कुटला जुकाणी, भटुंई, बडेई और भद्राड़ा के निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। भविष्य में भटुंई से सेला और मैथला तक सड़क का विस्तार किया जाएगा। भटियात में लोक निर्माण विभाग के तहत कुल 146 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें सात संपर्क सड़कों पर 30 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। पीएमजीएसवाई-चरण 4 के तहत लगभग 70 किलोमीटर नए मार्गों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए 115.73 करोड़ रुपए का व्यय तय किया गया है। जल शक्ति विभाग के तहत क्षेत्र में 46 परियोजनाएं 365 करोड़ रुपए की लागत से चल रही हैं। अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू जिले में 400 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और 250 करोड़ की नई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बिजली लाइन पर काम करते समय मजदूर को लगा करंट, मौत

अनंत ज्ञान

भरमौर। उपमंडल भरमौर के खड़ामुख के पास बिजली लाइन पर काम करते समय करंट लगने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 और 106 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के लिए सब स्टेशन के साइट सुपरवाइजर और कंपनी प्रबंधन की कथित लापरवाही को जिम्मेदार बताया जा रहा है।

पुलिस थाना भरमौर से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सिविल अस्पताल भरमौर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल लाया गया है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक संदीप कुमार पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने घायल छम्मू पुत्र बशीर मोहम्मद, निवासी गांव टटरोग, जिला चंबा को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक के भाई महवूब का बयान दर्ज किया गया। परिजनों के अनुसार छम्मू और उसका भाई महवूब पिछले करीब दो वर्षों से जेएसडब्ल्यू कंपनी के तहत खड़ामुख से बैराज साइट तक 11 केवी बिजली लाइन बिछाने और मरम्मत का कार्य कर रहे थे, छम्मू खंभे से गिर गया।

◆ **भरमौर के खड़ामुख में हुआ हादसा, सुपरवाइजर व कंपनी प्रबंधन पर केस दर्ज**

बताया गया कि बिजली बंद होने की पुष्टि मिलने के बाद वह पोल पर चढ़ा, लेकिन ऊपर पहुंचते ही उसे करंट लग गया और खंभे से करीब 20-25 मीटर नीचे ढांक में जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उसे सिविल अस्पताल भरमौर लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में हादसे के पीछे साइट सुपरवाइजर और कंपनी प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा भेजा गया है। मामले की पुष्टि एसपी चंबा विजय कुमार सकलानी ने की है।

हिमाचल में सिलेंडर संकट के बीच रसोई की जंग

इंडक्शन चूल्हों की ओर भागते लोग, व्यवस्था पर गहराते सवाल

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश एक ऐसे रसोई संकट से गुजर रहा है, जिसने बाजार से लेकर घरों तक तनाव की लकीरें खींच दी हैं। व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की लड़खड़ाती आपूर्ति ने होटल, ढाबों और भोजनालयों की आग को धीमा कर दिया है, तो दूसरी ओर आम घरों में भी अनिश्चितता का साया गहराने लगा है। शहरों के बाजारों में अचानक इंडक्शन चूल्हों की मांग कई गुना बढ़ गई है और दुकानों पर खरीददारों की भीड़ दिखाई दे रही है।

हालात यह हैं कि जो उपकरण पहले सप्ताहभर में मुश्किल से बिकते थे, अब रोजाना हाथोंहाथ उठ रहे हैं। मगर सवाल यह है कि जब गैस की आग बुझती दिखाई दे रही हो और बिजली भी भरोसेमंद न हो, तब आखिर रसोई का चूल्हा किस भरोसे जलेगा। यही सवाल अब हिमाचल के शहरों और कस्बों में चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई हिस्सों में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पिछले कुछ दिनों से प्रभावित हो रही है। इस वजह से सबसे ज्यादा असर होटल, ढाबा और छोटे भोजनालयों पर पड़ा है, जहां कई जगह सिलेंडर खत्म होने के बाद रसोई बंद करनी पड़ी। कई कारोबारियों ने मजबूरी में पुराने दिनों की तरह लकड़ी के चूल्हों का सहारा लिया है, जबकि बड़ी संख्या में लोग बिजली से चलने वाले इंडक्शन चूल्हों की ओर मुड़ने लगे हैं। इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में स्थिति यह है कि जो दुकानदार पहले सप्ताह भर में तीन से चार इंडक्शन बेच पाते थे, वे अब रोजाना आठ से दस तक बेच रहे हैं।

संकट के इस दौर में व्यवस्था को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। शासन-प्रशासन की ओर से कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए विशेष टीमें गठित करने की घोषणा की गई है, लेकिन जमीनी हालात अब भी उलझे हुए दिखाई दे रहे हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर लंबा इंतजार करने के बावजूद सिलेंडर मिलना मुश्किल हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर प्रभावशाली लोगों की गाड़ियां सीधे गोदामों से सिलेंडर लेकर निकलती दिखाई देती हैं, जिससे आम लोगों के बीच यह धारणा मजबूत हो रही है कि आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी है।

घरेलू रसोई तक पहुंचने लगा संकट का असर

अब यह परेशानी केवल व्यावसायिक उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं रह गई है। धीरे-धीरे इसका असर घरेलू रसोई तक भी पहुंचने लगा है। कई उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और एजेंसियों के चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। ऐसे में बहुत से परिवार भी इंडक्शन चूल्हों की तलाश में बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे इनकी मांग अचानक बढ़ गई है और कई जगह यह उपकरण जल्दी खत्म हो रहे हैं।

हिमाचल के पेंशनर्स संगठन कल करेंगे विरोध-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों के 18 पेंशनर संगठनों के सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर 16 मार्च को जिला मुख्यालय हमीरपुर के गांधी चौक पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन सुबह 11 बजे शुरू होगा, जिसके बाद पेंशनर जिलाधीश के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे। संयुक्त संघर्ष समिति के अनुसार इस आंदोलन में शिक्षा बोर्ड, बिजली बोर्ड, एचआरटीसी, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, पुलिस, जल शक्ति विभाग, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, विश्वविद्यालय, उच्च न्यायालय और हिमाचल प्रदेश सचिवालय सहित अन्य विभागों के पेंशनर शामिल होंगे।

पेंशनर संगठनों का कहना है कि 28 नवंबर 2025 को धर्मशाला के तपोवन में प्रदेशभर के लगभग 15 हजार पेंशनरों ने रोष रैली निकालकर विधानसभा का घेराव किया था। उस समय मुख्यमंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर विधानसभा सत्र समाप्त होने के 10 दिन के भीतर संयुक्त बैठक बुलाने का आश्वासन दिया था। पेंशनरों का आरोप है कि चार महीने बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से न तो कोई बैठक बुलाई गई और न ही कोई लिखित या मौखिक सूचना दी गई, जिससे पेंशनरों में रोष है। इसके विरोध में प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे। संयुक्त संघर्ष समिति ने सरकार से 2026-27 के बजट में पेंशनरों की मांगों को पूरा करने के लिए प्रावधान करने की मांग की है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो 30 मार्च को शिमला में विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

बड़सर में शिवा प्रोजेक्ट का मंत्री नेगी ने किया निरीक्षण

कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर बड़सर। राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के भकरेडी में चल रहे एचसीबी शिवा प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने मौके पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई।

मंत्री जगत सिंह नेगी का स्वागत करते लोग। अनंत ज्ञान

मंत्री ने पाया कि परियोजना के कार्य में अपेक्षित गुणवत्ता और गति नहीं है। इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, इसलिए परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में सुधार लाकर इसे जल्द से जल्द सही मानकों के अनुसार पूरा किया जाए। मंत्री के इस निरीक्षण से क्षेत्र के लोगों को उम्मीद जगी है कि परियोजना के कार्यों में तेजी आएगी और विकास कार्य बेहतर तरीके से पूरे होंगे।

इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस सुभाष ढटवालिया, पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा,पवन कालिया, रूबल ठाकुर व एसडीएम बड़सर, जलसक्ति विभाग, डिप्टी डरेक्टर हॉर्टिकल्चर ब किसान आदि उपस्थित रहे।

सख्ती शिक्षा विभाग ने हिमाचल के निजी स्कूलों पर कसा सख्त शिकंजा, कहा-

स्टूडेंट्स के लीविंग सर्टिफिकेट रोकना नहीं होगा बर्दाश्त

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट को रोकने या जारी करने में देरी करने की प्रवृत्ति पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी हो गई है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि किसी भी निजी शिक्षण संस्थान ने अभिभावकों को प्रमाण पत्र देने में टालमटोल की, तो इसे गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा। विभाग ने साफ कर दिया है कि विद्यार्थियों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर संबंधित संस्थान की एनओसी तक रद्द की जा सकती है।

शिक्षा निदेशालय प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा की ओर से प्रदेश के सभी जिलों के उपनिदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के निजी विद्यालयों को इस बारे में स्पष्ट आदेश दें। आदेशों में कहा गया है कि जब भी कोई अभिभावक अपने बच्चे का स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट मांगे, तो उसे बिना किसी अनावश्यक देरी के तुरंत जारी किया जाए। इसके साथ ही विभाग द्वारा समय-समय पर मांगी जाने वाली रिपोर्ट, सूचनाएं और अन्य प्रशासनिक जानकारियां भी तय समयसीमा के भीतर उपलब्ध कराना सभी निजी संस्थानों के लिए अनिवार्य होगा।

विभाग का कहना है कि हाल के समय में यह शिकायतें सामने आई हैं कि कुछ निजी विद्यालय अभिभावकों को प्रमाण पत्र देने में देरी करते हैं या विभिन्न कारणों का हवाला देकर उसे रोकने का प्रयास करते हैं। शिक्षा विभाग ने ऐसे मामलों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की भावना के विरुद्ध बताया है। अधिकारियों के अनुसार विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य से जुड़ा कोई भी दस्तावेज रोका जाना न केवल अनुचित है, बल्कि यह नियमों का खुला उल्लंघन भी माना जाएगा।

कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। विभाग का स्पष्ट संदेश है कि प्रदेश में विद्यार्थियों और अभिभावकों को अनावश्यक परेशानी में डालने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ अब सख्त रुख अपनाया जाएगा। यदि कोई संस्थान नियमों की अवहेलना करता पाया गया, तो उसके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ मान्यता और एनओसी तक पर भी खतरा मंडरा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

भवानी शंकर को बनाया प्रदेश सह संयोजक

अनंत ज्ञान, गरली। प्रदेश भाजपा ने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करते हुए पाईसा गांव के भवानी शंकर को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति में प्रदेश संयोजक करनैल राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ को सक्रिय और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्रदेश संयोजक ने उम्मीद जताई कि भवानी शंकर अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते हुए पार्टी की सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाएंगे। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी भवानी शंकर को बधाई दी।

छात्र पढ़ेंगे डॉ. राजीव की पुस्तक 'अनकहे जज्बात'

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। कांगड़ा के युवा कवि और लेखक डॉ. राजीव डोगरा की पहली पुस्तक 'अनकहे जज्बात' सरोज हंस प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हुई है। उनकी कविताएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं। डॉ. डोगरा ने पुस्तक की प्रतियां अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के पुस्तकालय को छात्रों के लिए भेंट कीं, ताकि वे साहित्य से प्रेरणा ले सकें। वर्तमान में वे गाहलियां विद्यालय में हिंदी अध्यापक हैं। प्राचार्य डॉ. रविंद्र सिंह गिल ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी।

ऊड़ो खास में 54 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने एमओ डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में शनिवार को ग्राम पंचायत ऊड़ो खास के रघुनाथ मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इसमें क्षेत्र के 54 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 28 मरीजों के लैब टेस्ट भी किए गए। जांच के दौरान 10 मरीज हड्डी रोग, 8 शुगर और 11 बीपी के मरीज पाए गए। इसके अलावा 2 स्त्री रोग तथा 23 सामान्य रोगों के मरीज भी मिले। स्वास्थ्य टीम ने मरीजों को उचित उपचार की सलाह देने के साथ संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पहल के लिए सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

पनयामल रोड पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, एक घायल

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। पुलिस थाना डाडासीबा के तहत पनयामल रोड पर शुक्रवार देर रात एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में राजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से उन्हें सिविल अस्पताल डाडासीबा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस टीम ने शनिवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा बाइक फिसलने से हुआ माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

7 वर्षीय वेदांशी कौल सेमीफाइनल में

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश की 7 वर्षीय वेदांशी कौल ने टीवी रियलिटी शो 'किसमें कितना है दम' के ऑडिशन और क्वार्टर फाइनल राउंड पूरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वेदांशी मॉडलिंग और डांस में निपुण हैं और पहले भी कई शो जीत चुकी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता मोनिका कौल और पिता सनी कौल को दिया। वे कांगड़ा एंटरटेनमेंट की ब्रांड प्रमोटर भी हैं और हाल ही में उन्हें लीजेंड सिंगर करनैल सिंह राणा ने 'टैलेंट दे दन दना दन' मंच पर सम्मानित किया। वे ग्रुवी मूव्स डांस अकादमी से डांस प्रशिक्षण ले रही हैं।

पेयजल समस्या के समाधान के लिए उठाए जाएंगे प्रभावी कदम : किशोरी

विधायक भयोट में किया एंबुलेंस योग्य सड़क का भूमिपूजन, बोले- ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर सुविधा

अनंत ज्ञान

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने चौबीन पंचायत के भयोट गांव में लगभग 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाली एंबुलेंस योग्य सड़क का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर गति से किए जा रहे हैं और क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुदृढ़ रूप से उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

एंबुलेंस योग्य सड़क का भूमिपूजन करते किशोरी लाल। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि भयोट गांव में एंबुलेंस योग्य सड़क का निर्माण होने से विशेष रूप से बीमार व्यक्तियों, बुजुर्गों तथा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाने में काफी सुविधा होगी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस सीधे गांव तक पहुंच सकेगी। विधायक किशोरी ने कहा कि भयोट गांव के महिला मंडल भवन की ऊपरी मंजिल के निर्माण कार्य के लिए भी बजट का प्रावधान कर दिया गया है और इसका कार्य शीघ्र ही आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि के भीतर तथा गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं भी सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण अजय सूद, सहायक अभियंता राहुल ठाकुर, महिला मंडल प्रधान सुनीता राणा, मिलाप राणा, कृष्ण राणा, सुमन, कुलदीप, संसार, रणजीत, जोगिंद्र, जगन्नाथ, विधि चंद, रोशन, मंजुला, सरिता, दया एवं ममता आदि लोग उपस्थित रहे।

कृष्ण गोपाल तीसरी बार बने इकाई अध्यक्ष, सोमराज को महामंत्री चुना

जलशक्ति विभाग कर्मचारी संघ इकाई के चुनाव संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

फतेहपुर। उपमंडल फतेहपुर में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध जलशक्ति विभाग कर्मचारी संघ इकाई फतेहपुर का शनिवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर में सर्वसहमति से चुनाव संपन्न हुआ। कृष्ण गोपाल ने हैट्रिक लगाते हुए तीसरी बार अध्यक्ष पद संभाला।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनावी प्रक्रिया जिला उपाध्यक्ष सुजान सिंह की अध्यक्षता में हुई। सर्वसहमति से कृष्ण गोपाल को अध्यक्ष, सोमराज को महामंत्री चुना गया। इसके साथ ही छह उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए और बाकी कार्यकारिणी विस्तार किया गया। प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से अपील की कि वे कर्मचारियों की समस्याओं को भारतीय मजदूर संघ तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और समय पर सरकार के समक्ष पेश करें। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि गर्मियों में लोगों को पर्याप्त पानी सुनिश्चित करने के लिए विभागीय कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, भले ही कर्मचारियों की संख्या कम हो। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्ण गोपाल ने अपनी नियुक्ति पर सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अश्वनी कुमार, सतीश कुमार, बलवान सिंह, गुरनाम सिंह, जय सिंह, साहिल कुमार सहित दर्जनों विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

नौरा कॉलेज के मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान डरोह। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का मनोरंजन किया। समारोह के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कि देश के युवा भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों के साथ मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाए रखने और शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देने का आह्वान किया।

कांग्रेस षड्यंत्रकारी पार्टी, भाजपा करेगी हर षड्यंत्र का पर्दाफाश : श्रीकांत

बोले- कांग्रेस ने हमेशा जनता को गुमराह किया, पालमपुर भाजपा जिला कार्यालय में हुई विशेष बैठक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला/पालमपुर। भारतीय जनता पार्टी की विशेष बैठक का आयोजन पालमपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। इसमें भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार, वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, पवन काजल प्रदेश सचिव तिलक राज, पुरुषोत्तम गुलेरिया एवं जिला अध्यक्ष रागिनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक षड्यंत्रकारी पार्टी है और भाजपा उसके हर षड्यंत्र का पर्दाफाश करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता को गुमराह करने की राजनीति करती रही है और उसके नेता केवल एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता विचारधारा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए जनता के बीच कार्य कर रहे हैं और कांग्रेस की सच्चाई को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सांसद डॉ. सिकंदर ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचाना है। भाजपा कार्यकर्ता इसी संकल्प के साथ संगठन को मजबूत करने और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

पालमपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में विशेष बैठक का आयोजन। अनंत ज्ञान

आज देश बढ़ रहा विकसित भारत की दिशा में : परमार

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को आगे बढ़ाने के लिए जो मानक निर्धारित किए हैं, उन्हीं के अनुरूप देश की सरकारें और संस्थाएं कार्य करती हैं। उन्होंने धारा 370 के निरसन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह निर्णय देश को एक सूत्र में पिरोने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसके लिए संवैधानिक और न्यायिक स्तर पर लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज देश विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2027 तक भारत विकसित राष्ट्रों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा होगा, ऐसी कल्पना देश के नागरिक कर रहे हैं। भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं को केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं बल्कि विचार और ज्ञान के आधार पर सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है।

भाजपा सरकार ने बदली देश की दिशा और दशा : डॉ. सिकंदर

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से देश की दिशा और दशा दोनों बदली हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं शुरू की हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत करीब 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है, जबकि स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से करोड़ों शौचालय बनाकर स्वच्छता को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के जरिए करोड़ों घरों तक नल से जल पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्वनिधि योजना से छोटे व्यापारियों और युवाओं को आर्थिक सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और भाजपा कार्यकर्ता इसी संकल्प के साथ जनता के बीच काम कर रहे हैं।

कांग्रेस के पास न विजन, न विकास के लिए धन : कमल

अनंत ज्ञान

शाहपुर। भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल शर्मा ने शाहपुर में प्रेसवार्ता करते हुए प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि शाहपुर में आज जो भी विकास कार्य हो रहे हैं, वे केवल केंद्र सरकार की योजनाओं की देन हैं, जबकि कांग्रेस सरकार के पास न तो कोई विजन है और न ही विकास के लिए धन।

कमल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक का एकमात्र काम दूसरों के कार्यों का श्रेय लेना और पट्टिकाएं लगाना रह गया है। उन्होंने कहा कि आज महिला वर्ग, किसान और युवा, हर कोई इस सरकार के हाथों खुद को ठगा और छला हुआ महसूस कर रहा है। आगामी पंचायत चुनाव कांग्रेस के लिए एक 'ट्रेलर' साबित होंगे, जिसमें जनता उन्हें करारा जवाब देगी। इस अवसर पर भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता ओम शर्मा, किसान मोर्चा आईटी सेल से प्रणव कुमार, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अरुण कौशल और किसान मोर्चा से गणेश चौधरी सहित कई अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

हवाई अड्डे पर टैक्सी चालकों के साथ हुआ 'ड्रामा'

कमल शर्मा ने एचआरटीसी के उपाध्यक्ष और स्थानीय विधायक के तालमेल पर सवाल उठाते हुए कहा कि एयरपोर्ट पर सरकारी टेंपू चलाकर उद्घाटन करना और फिर अगले ही दिन विधायक का टैक्सी चालकों के पक्ष में खड़े होना एक पूर्व नियोजित नाटक लगता है। उन्होंने कहा कि वहां टेंपू की कोई जरूरत नहीं थी, क्योंकि सभी टैक्सी चालक स्थानीय हैं जिनकी जमीनें एयरपोर्ट में गई हैं। सरकार रोजगार देने के बजाय छीनने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शाहपुर अस्पताल भाजपा सरकार की देन है, जो बनकर तैयार है। इसे अब तक शुरू हो जाना चाहिए था, लेकिन सरकार के पास चिकित्सा उपकरणों के लिए बजट ही नहीं है। जनता विकास कार्यों के लिए तरस रही है और सरकार केवल अपनी 'मित्र मंडली' को खुश करने में व्यस्त है।

अनदेखी : राजाओं के समय का तालाब सूखा, अब बच्चों का बना क्रिकेट मैदान

अनंत ज्ञान

पिंकी, डाडासीबा। डाडासीबा बाजार में स्थित राजाओं के समय का एक प्राचीन तालाब आज अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। कभी इस तालाब में पानी भरा रहता था और यह आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए पानी का एक अहम स्रोत माना जाता था, लेकिन समय के साथ इसकी मरम्मत और देखरेख न होने के कारण यह तालाब अब पूरी तरह सूख चुका है।

एक समय ऐसा भी था जब इस तालाब में मछलियां हुआ करती थीं और लोग दूर-दूर से यहां आकर मछलियों को आटा डालते थे। तालाब के किनारे लोगों की आवाजाही और रौनक रहती थी। आज स्थिति यह है कि जहां कभी पानी लबालब भरा रहता था, वहां अब क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चे क्रिकेट खेलते हुए नजर आते हैं। सूखा पड़ा यह तालाब अब बच्चों के लिए खेल का मैदान बन गया है और शाम के समय यहां बच्चों की चहल-पहल देखने को मिलती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन और संबंधित विभाग इस तालाब की सफाई और मरम्मत करवाएं तो इसमें दोबारा पानी भर सकता है और यह क्षेत्र के लिए फिर से उपयोगी बन सकता है। लोगों ने मांग की है कि इस ऐतिहासिक तालाब के संरक्षण की ओर ध्यान दिया जाए, ताकि इसकी पुरानी पहचान दोबारा लौट सके। फिलहाल यह तालाब पानी से तो नहीं भर पा रहा, लेकिन बच्चों की किलकारियों और क्रिकेट की आवाज से जरूर गुलजार नजर आ रहा है।

डाडासीबा में सूखे तालाब में खिलते बच्चे। अनंत ज्ञान

तनाव, चिंता और अवसाद समस्या से बचने के बताए उपाए

कपिल वासुदेवा, अनंत ज्ञान नगरोटा बगवां। राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के वाणिज्य विभाग एवं बीबीए विभाग द्वारा विश्व मेंटल हेल्थ-डे के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. उमंग उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की सुपरवाइजर के रूप में सरोज ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. उमंग ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से बचाव के उपाय बताए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य उतना ही आवश्यक है जितना स्वास्थ्य। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने भी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अपने विचार साझा किए और इस प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वाणिज्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कनोल पंचायत में लगाया स्वास्थ्य शिविर

चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का 150 लोगों ने उठाया लाभ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर की ओर से कनोल पंचायत में निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर द्वारा क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। शिविर में रक्तचाप, शुगर, बीपी, सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच की गई। इस अवसर पर लगभग 150 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। चिकित्सकों ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए भी जागरूक किया। पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने बताया कि इस प्रकार के शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों की दी जानकारी

सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में मनाया महिला दिवस। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

पालमपुर। सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

इस अवसर पर निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने स्वागत भाषण में महिलाओं की विज्ञान, समाज और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका और समान अवसर की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. जतिंदर कौर अरोड़ा ने महिला अधिकारों और नेतृत्व में उनकी बढ़ती भूमिका पर चर्चा की।

◆ महिलाओं की खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका पर डाला प्रकाश

अधिवक्ता आदर्श सूद ने पीओएसएच एक्ट सहित महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी, जबकि श्रीमती नीतिका भंडारी ने सामाजिक आंदोलनों और महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रेरणादायक महिला उद्यमियों और संस्थान की महिला कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। साथ ही महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए 'स्ट्रेन्थनिंग ऑफ इनर सेल्फ' कार्यशाला आयोजित की गई और उनकी बनाई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। यह आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण और समानता के संदेश को उजागर करने का अवसर साबित हुआ।

मुख्यमंत्री झूठे दावे कर जनता को कर रहे गुमराह : परमार

अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। वरिष्ठ भाजपा नेता और सुलह विधानसभा क्षेत्र से विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति पंजाब से बेहतर बताना हास्यास्पद और जनता के साथ छल है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी, पेंशनर्स, महिलाएं, युवा और आम जनता आर्थिक संकट, बेरोजगारी और प्रशासनिक अव्यवस्था से जूझ रहे हैं, जबकि सरकार मंचों से झूठे दावे कर रही है। परमार ने कहा कि प्रदेश का गौरवशाली इतिहास इस सरकार के कार्यकाल में फीका पड़ गया है। उन्होंने बताया कि आज सरकार ने मंत्रियों, विधायकों, कर्मचारियों, महिलाओं, युवाओं और ठेकेदारों को परेशान किया है। कांगड़ा जिले के साथ अन्याय और विकास की कमी भी चिंताजनक है। स्कूलों और सरकारी कार्यालयों के बंद होने से गरीब परिवारों को शिक्षा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था भी बिगड़ती जा रही है, खनन, शराब और नशा माफिया सक्रिय हैं। युवाओं को स्थायी रोजगार देने की बजाय सरकार केवल 'मित्र' योजनाओं में व्यस्त है।

◆ बोले- 'सुख की सरकार' नहीं बल्कि 'सुक्की सरकार' बनी

परमार ने कहा कि इतिहास में सरकारें अपने कार्यों से पहचानी जाती हैं, लेकिन यह सरकार अपने कार्यों से नहीं बल्कि मित्रों को लाभ पहुंचाने और जनता से किए गए वादों से मुकरने के लिए याद की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि यह तथाकथित 'सुख की सरकार' नहीं बल्कि 'सुक्की सरकार' बन चुकी है-ऐसी सरकार जिसके पास न नीति है, न नीयत और न ही जनता के लिए कोई ठोस दिशा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 8415 मामले निपटाए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिले के सभी न्यायालयों में आज शनिवार को चिराग भानु सिंह, अध्यक्ष (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा, धर्मशाला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन, एनआई एक्ट, धन वसूली से संबंधित मामले, श्रम विवाद, आवश्यक सेवाओं से जुड़े मामले (जैसे बिजली एवं जल बिल संबंधी मामले), दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत भरण-पोषण के मामले, आपराधिक कंपाउंडेबल मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के मामले, वैवाहिक मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, राजस्व मामले तथा अन्य सिविल मामलों सहित मुकदमा पूर्व एवं न्यायालयों में लंबित कुल 11,657 मामलों को लोक अदालत में रखा गया। इनमें से 8,415 मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से निपटारा किया गया तथा 9,96,26,138 रुपए की राशि प्राप्त हुई।

कुठेड़ में अंडर-19 के लिए 120 से अधिक युवाओं ने दिया क्रिकेट ट्रायल

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, पठानकोट। क्रिकेट एसोसिएशन पठानकोट ने शनिवार को कुठेड़ क्रिकेट ग्राउंड में अंडर-19 लड़कों के लिए ट्रायल्स आयोजित किए। इन ट्रायल्स में पठानकोट और आसपास के क्षेत्रों से 120 से अधिक युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों की पहचान करना और उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देना था। चयन पैनल ने खिलाड़ियों का मूल्यांकन बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग, फिटनेस और मैच टेम्परामेंट के आधार पर किया। मुख्य अतिथि, अमन भल्ला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के प्रेसिडेंट रमन भल्ला ने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। क्रिकेट एसोसिएशन पठानकोट के सचिव सनी महाजन ने कहा कि ट्रायल्स प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें उच्च स्तर पर प्रशिक्षण देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

हेड कोच इंदरजीत सिंह ने खिलाड़ियों की भागीदारी और उत्साह की सराहना की और बताया कि चयनित खिलाड़ियों के लिए जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। अंत में मुख्य अतिथि और आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

सीयू का दीक्षांत समारोह : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के हाथों पदक हासिल कर चहके होनहार

उपराष्ट्रपति ने स्टूडेंट्स को बांटी डिग्रियां

◆ 33 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि, शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 32 को दिए स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने धर्मशाला में आयोजित केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के 9वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियां तथा स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर तथा सांसद राजीव भारद्वाज सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें पारंपरिक कांगड़ा पेंटिंग और नरसिंगा भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध नवाचार और सामुदायिक सहभागिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उपराष्ट्रपति के धर्मशाला आगमन पर कांगड़ा हवाई अड्डा पर उनका भव्य स्वागत किया गया तथा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।

उपाधियां प्रदान करते उपराष्ट्रपति। अनंत ज्ञान

509 विद्यार्थियों को प्रदान की उपाधियां

दीक्षांत समारोह में कुल 509 विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत उपाधियां प्रदान की गईं। जिनमें 33 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 32 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। पदक विजेताओं में बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल रहीं, जो शिक्षा और शोध के क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते सशक्तिकरण का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति ने 12 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 8 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं, जबकि अन्य विद्यार्थियों को उपाधियां एवं स्वर्ण पदक कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए।

बोले- 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने हिमाचल प्रदेश को 'देव भूमि' और 'वीर भूमि' बताते हुए राज्य के सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण योगदान तथा इसकी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और आतिथ्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक विश्वविद्यालयों को संकाय विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए, नवाचार को प्रोत्साहित करना चाहिए और सहयोग को मजबूत बनाना चाहिए, ताकि भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सके। उन्होंने विश्वविद्यालय की कम्युनिटी लैब पहल और नशामुक्त परिसर की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की तथा युवाओं से नशे से दूर रहने और राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवा और विद्यार्थी सबसे महत्वपूर्ण भागीदार हैं और समावेशी विकास के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद एवं विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य, संकाय सदस्य, शोधार्थी, विद्यार्थी, अभिभावक तथा अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने पारंपरिक भारतीय परिधानों में उपाधियां ग्रहण कर समारोह को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया।

भारतीय शिक्षा परंपरा ज्ञान, मूल्यों समग्र विकास पर आधारित : कविंद्र

◆ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सीयू की सराहना की

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत की शिक्षा परंपरा सदैव ज्ञान, मूल्यों और चरित्र निर्माण के सामंजस्यपूर्ण समन्वय पर आधारित रही है। उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं रहा, बल्कि व्यक्ति के समग्र विकास को सुनिश्चित करना रहा है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और प्रतिभा का उपयोग केवल व्यक्तिगत विकास के लिए ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए भी करें।

राज्यपाल ने सीयू के 9वें दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वर्ण पदक विजेताओं और डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि 32 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए, जिनमें 23 मेधावी छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के संकल्प की सफलता को दर्शाता है, क्योंकि आज बेटियां शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में अग्रणी भूमिका निभाते हुए राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रही हैं। उराष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को अधिक समावेशी, बहु-विषयक और कौशल-आधारित बनाना है। राज्यपाल ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर 34 महत्त्वपूर्ण कृतियों के प्रकाशन तथा संविधान की नौवीं अनुसूची में सूचीबद्ध भाषाओं, विशेषकर पंजाबी और डोगरी में पुस्तकों के अनुवाद के लिए भी विश्वविद्यालय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह भारतीय भाषाओं और संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्धन की दिशा में सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से स्वायत्तता प्राप्त हुई है जो सराहनीय है।

श्री चामुंडा देवी मंदिर में उपराष्ट्रपति ने की पूजा-अर्चना। अनंत ज्ञान

उपराष्ट्रपति ने मां चामुंडा देवी के किए दर्शन

मनोज चंदेल, नंत ज्ञान, योल। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के 9वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इसके बाद प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चामुंडा देवी मंदिर में जाकर विधिवत पूजा-अर्चना की और देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ जिला प्रशासन के अधिकारी, हिमाचल प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री चंद्र कुमार, मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया, हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर तथा धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा भी उपस्थित रहे। शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की विधि पंडित संजीव गोस्वामी द्वारा संपन्न करवाई गई, जबकि माता चामुंडा देवी के दरबार में पूजा पुजारी ओम व्यास ने करवाई। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्था की गई थी। उनके दर्शन और पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिला।

शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

उपराष्ट्रपति ने राज्य युद्ध संग्रहालय धर्मशाला में शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियां और घाटियां ऐसे वीर सैनिकों की पीढ़ियों को जन्म देती रही हैं, जिनके साहस, पराक्रम और देशभक्ति ने राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल ने देश की सशस्त्र सेनाओं को हमेशा वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर सैनिकों का साहस और बलिदान सदैव राष्ट्र के हृदय में अंकित रहेगा। उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों को भी देश सेवा और राष्ट्र के सर्वोच्च मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान उन्होंने शहीदों के सम्मान में मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की रक्षा में उनके अतुलनीय योगदान को नमन किया।

हिमाचल ने देश के सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण योगदान दिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सीयू के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस राज्य ने देश के सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और यह अपनी समृद्ध मेहमाननवाजी, संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक विश्वविद्यालयों को एक विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रणाली बनाने के लिए संकाय विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए, नवाचार को प्रोत्साहित करना चाहिए और सहयोग को मजबूत करना चाहिए। विश्वविद्यालय की 'कम्युनिटी लैब' पहल और नशामुक्त परिसर की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने युवाओं से राष्ट्र-निर्माण के प्रति समर्पित होने, 'नशे को ना' कहने और हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि 'राष्ट्र प्रथम' रखने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त की कि दीक्षांत समारोह में पदक विजेताओं में अधिकांश महिलाएं थीं, जो देश की प्रगति में महिलाओं के बढ़ते सशक्तिकरण और योगदान को दर्शाता है। देवभूमि हिमाचल प्रदेश के अपने प्रथम प्रवास पर धर्मशाला पहुंचे उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का नेता प्रतिपक्ष जयराम ने स्वागत किया।

पालमपुर की बेटी दीप शिखा ने बढ़ाया हिमाचल का मान, उपराष्ट्रपति ने गोल्ड मेडल से किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिले के पालमपुर की बेटी दीप शिखा ने अपनी प्रतिभा से प्रदेश का नाम रोशन किया है। दीप शिखा को केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के 9वें दीक्षांत समारोह में विजुअल आर्ट्स (पेंटिंग) विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारत के उपराष्ट्रपति के हाथों दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। दीप शिखा, पालमपुर निवासी रमेश घोगरा की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और रचनात्मक प्रतिभा के बल पर पेंटिंग में सर्वोच्च स्थान हासिल कर यह प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल प्राप्त किया। समारोह में विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। दीप शिखा की इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा पालमपुर और कांगड़ा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह उपलब्धि एक बार फिर साबित करती है कि हिमाचल की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और प्रदेश का नाम देश-भर में रोशन कर रही हैं।

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकल के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाने के निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रेस बयान में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सभी शिक्षकों, परीक्षा ड्यूटी पर तैनात बोर्ड अधिकारियों (फ्लाइंग स्क्वायड) एवं अन्य संबंधित कर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षाओं का संचालन पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं अनुशासित वातावरण में सुनिश्चित किया जा सके।

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात सभी केंद्र अधीक्षक, उपअधीक्षक, निरीक्षक तथा अन्य परीक्षा स्टाफ यह सुनिश्चित करें कि किसी भी विद्यार्थी द्वारा नकल या किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को किसी भी परिस्थिति में अनुमति न दी जाए। यदि किसी भी स्तर पर इस प्रकार की गतिविधि पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध बोर्ड के नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फ्लाइंग स्क्वायड टीमों को भी निर्देश दिए कि वे परीक्षा केंद्रों का नियमित एवं औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षा व्यवस्था पर कड़ी निगरानी बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की सूचना मिलने पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें और इसकी रिपोर्ट बोर्ड कार्यालय को भेजें। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की है कि वे बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए परीक्षाओं के सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन में अपना सहयोग सुनिश्चित करें।

नक्की खड्ड में स्कूटी पर घूम रहे ऊना के युवक से 1.93 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान

पिंकी, डाडासीबा। जसवां-परागपुर क्षेत्र में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस थाना रक्कड़ की टीम ने परागपुर के नक्की खड्ड क्षेत्र में एक युवक को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान नक्की खड्ड के पास एक युवक स्कूटी पर संदिग्ध हालत में घूमता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक घबरा गया, जिस पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 1.93 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया।

आरोपी युवक की पहचान रोहित चांदला पुत्र रामसरूप गांव दियाड़ा जिला ऊना के निवासी के रूप में की है। रक्कड़ पुलिस मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई कर रही है। वहीं, देहरा पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चिट्टे के साथ गिरफ्तार ऊना का युवक। अनंत ज्ञान

परौर रेलवे फाटक के पास दो युवकों से 3 ग्राम चिट्टा बरामद

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान डरोह। पुलिस थाना भवारना के अधीन परौर रेलवे फाटक के पास दो युवकों से 3 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपियों की पहचान सुशांत राणा निवासी गांव व डाकघर रैपुर तहसील पालमपुर तथा रोहित कुमार निवासी गांव व डाकघर गुग्गा सलोह तहसील पालमपुर जिला के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

विजिलेंस और एसीबी को आरटीआई से बाहर रखकर क्या छुपाना चाहते हैं सुक्खू : जयराम

कहा- सीएम को अपनी ही सरकार के कानून में नहीं है भरोसा, पलट रहे आलाकमान के निर्णय

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा प्रवास पर पहुंचे नेता पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर करने का निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। जिस पार्टी के नेता पूरे देश में संविधान की किताब लेकर चल रहे हैं, वही पार्टी सत्ता में आने के बाद संविधान, कायदा-कानून और लोकलाज की धज्जियां उड़ा रही है।

सुक्खू सरकार के इस फैसले से यह साफ है कि वह पारदर्शिता से डरती है और प्रदेश में फैलते भ्रष्टाचार को छिपाने का प्रयास कर रही है। हैरानी की बात यह है कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार अपने ही आलाकमान द्वारा बनाए गए कानून के खिलाफ खड़ी है। जयराम ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून की धारा 24 स्पष्ट रूप से कहती है कि केवल वे एजेंसियां इस कानून से बाहर हो सकती हैं, जो इंटेलिजेंस और सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील गतिविधियों में संलग्न हों। यदि उनमें भी भ्रष्टाचार और मानवाधिकार हनन की शिकायत हो तो उसकी जानकारी देनी पड़ेगी, जबकि विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो का काम ही भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करना है। ऐसे में इसे आरटीआई के दायरे से बाहर करने का कोई संवैधानिक या नैतिक आधार नहीं है। राज्यों की विधान सभा और संसद भी भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को आरटीआई से बाहर रखने का कानून नहीं बना सकते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सुक्खू सरकार बिना विधानसभा से पारित किए आरटीआई सूची में बदलाव करना चाहती है, जो लोकतंत्र और पारदर्शिता के खिलाफ है। उन्होंने विजिलेंस जांच को गोपनीय बनाने और इसे राजनीतिक हथियार बनाने पर भी सवाल उठाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि आरटीआई कानून का उद्देश्य भ्रष्टाचार उजागर करना है, इसलिए मुख्यमंत्री को इस फैसले को तुरंत वापस लेना चाहिए और जनता के सामने पूरी सच्चाई रखनी चाहिए।

केंद्र से मिली 288.39 करोड़ की अतिरिक्त आपदा सहायता पर जताया आभार : नेता प्रतिपक्ष ने वर्ष 2025 की प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा 288.39 करोड़ की अतिरिक्त सहायता राशि स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया।

'लोकतंत्र की दुहाई देने वाली सरकार ने अपनों को ही बनाया बंदी'

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने धर्मशाला में मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम सुक्खू और कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा के कांग्रेस विधायकों को शिमला में भारी पुलिस सुरक्षा के बीच इस तरह रखा गया है मानो वे कैदी हों। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस को अपने विधायकों पर भरोसा होता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। उन्होंने एक बड़ा राजनीतिक दावा करते हुए कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में भी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा होता, तो आज कांग्रेस के स्थानीय विधायकों की स्थिति भी हरियाणा के विधायकों जैसी ही होती और वे भी किसी गुप्त स्थान पर कैद नजर आते।

बेहतर शिक्षण संस्थान बनकर उभरा जयसिंहपुर कॉलेज, सरकार करेगी हरसंभव सहयोग : गोमा

अनंत ज्ञान

नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा को दूरदराज के क्षेत्रों तक सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और इसी दिशा में जयसिंहपुर महाविद्यालय भी लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

महाविद्यालय बेहतर शिक्षण संस्थान बनकर उभरा है और इसके विकास के लिए सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। यह बात आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने शनिवार को कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। मंत्री ने कहा कि जयसिंहपुर कॉलेज पिछले कई वर्षों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपनी-अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में आधुनिक और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बीसीए और पीजीडीसीए की कक्षाएं शुरू करने के लिए गंभीर प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप अब छात्र-छात्राएं इन विषयों का अध्ययन कर पा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में कॉलेज के समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। कॉलेज को खड्ड के कटाव से बचाने के लिए लगभग 20 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं, जिससे संस्थान की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि अगले वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह से पहले कॉलेज परिसर में कला मंच तथा बास्केटबाल मैदान का निर्माण करवाया जाएगा। गोमा ने कहा कि महाविद्यालय भवन के रेनोवेशन और रंग-रोगन के लिए लोक निर्माण विभाग को इस संबंध में प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अगले वर्ष के समारोह से पहले भवन को व्यवस्थित और आकर्षक बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त कॉलेज में टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी से संबंधित कोर्स शुरू करने के लिए भी प्रदेश सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को नए रोजगार अवसर प्राप्त हो सकें।

जयसिंहपुर कॉलेज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में की शिरकत। अनंत ज्ञान

बैजनाथ मंदिर परिसर में हिंदी फिल्म 'जान है तू मेरी' की शूटिंग

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ परिसर में इन दिनों हिंदी फिल्म 'जान है तू मेरी' की शूटिंग की गई। यह फिल्म एक लव स्टोरी पर आधारित है और इसे मुंबई की मेडॉक फिल्म प्रोडक्शन कंपनी की ओर से बनाया जा रहा है। फिल्म के लाइन प्रोड्यूसर अनिल कायस्था और पंकज नहाल ने बताया कि फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण दृश्य शिव मंदिर परिसर में फिल्माए गए हैं। फिल्म की आगामी शूटिंग टाशी जोंग बौद्ध मठ, धर्मशाला, देहरा तथा गरली-परागपुर क्षेत्र में की जाएगी तथा लगभग 45 दिन तक इन्हीं क्षेत्रों में शूटिंग की जाएगी। फिल्म में बतौर नायक विदानक और नायिका नॉमिका शरण डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म यूनिट ने स्थानीय लोगों और प्रशासन के सहयोग की सराहना की। लाइन प्रोड्यूसर पंकज ने कहा कि बैजनाथ और आसपास के क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता फिल्मांकन के लिए बेहद उपयुक्त है। उन्होंने शूटिंग के दौरान सहयोग के लिए स्थानीय प्रशासन और लोगों का आभार भी जताया है।

शाहपुर में पूर्व सैनिक लीग की बैठक 20 को

कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर यूनिट के चेयरमैन कर्नल जय सिंह (वीएसएम) की अध्यक्षता में लीग कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लीग के सभी सदस्य उपस्थित रहे और विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष कर्नल जय सिंह ने बताया कि लीग की आगामी त्रैमासिक बैठक 20 मार्च को सुबह 10:30 बजे लीग कार्यालय में आयोजित की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और विधवा माता-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लेने और अपनी समस्याओं से अवगत कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेंशन, ईसीएचएस स्वास्थ्य योजना और कैंटीन से संबंधित किसी भी समस्या या सुझाव को बैठक में रखा जा सकता है, ताकि उनका उचित समाधान किया जा सके। जय सिंह ने बताया कि शाहपुर के लघु सचिवालय के पास शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है और इसमें सहयोग करने के इच्छुक पूर्व सैनिक लीग के माध्यम से योगदान दे सकते हैं।

रेड रिबन क्लब और रोवर्स एंड रेंजर्स यूनिट के स्वयंसेवकों ने इकट्ठा किया कचरा

स्वयंसवकों ने कचरे की एकत्रित की 95 बोरियां। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। रेड रिबन क्लब और रोवर्स एंड रेंजर्स यूनिट के 56 स्वयंसेवकों तथा राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला के 16 कर्मचारियों ने गुना माता रास्ता और मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। छात्रों ने परिसर में बिखरे हुए प्लास्टिक, कांच और अन्य अपशिष्ट पदार्थों से भरे कचरे की 95 बोरिया एकत्र की। कुल मिलाकर लगभग 45 कांच और 50 प्लास्टिक की बोरियां कचरा एकत्र किया गया और उसे एचपीसीए स्टेडियम के पास स्थित मटेरियल रीसाइक्लिंग फैसिलिटी तक पहुंचाया। इस कार्यक्रम का आयोजन धर्मशाला स्थित द वेस्ट वॉरियर सोसायटी के सहयोग से किया गया। मंदिर की ओर ट्रैकिंग करते समय, छात्रों ने टीबी की रोकथाम और उपचार के विषय पर जागरुकता भी फैलाई। इसके साथ ही, उन्होंने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं और पर्यटकों के समक्ष स्वच्छता अभियान पर संबोधन किया, जिसके माध्यम से उन्होंने कचरे के पृथक्करण, उसके उचित निपटान तथा पहाड़ों को कचरा-मुक्त और हरा-भरा बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। राजकीय शिक्षक शिक्षा कॉलेज धर्मशाला के प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह पठानिया ने छात्रों के दिखाए गए उत्साह की सराहना की।

न्यूज ब्रीफ

राजपूत महासभा और जिला कल्याण सभा ने बैठक

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला मुख्यालय में जिला राजपूत महासभा और जिला कल्याण सभा की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें 7 मार्च को गांधी चौक पर यूजीसी गाइडलाइंस के विरोध में हुए प्रदर्शन पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदर्शन की सफलता के लिए सामान्य वर्ग के लोगों को बधाई और आभार व्यक्त किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार यूजीसी गाइडलाइंस को रद्द नहीं करती, तब तक जागरुकता अभियान जारी रहेगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 10वीं, 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए निशुल्क कोचिंग व मार्गदर्शन देने का भी फैसला लिया गया।

नादौन में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

अनंत ज्ञान, नादौन। भारतीय जनता पार्टी मंडल नादौन का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर दंगड़ी स्थित गौड़ीय मठ मंदिर में संपन्न हुआ। शिविर में कुल सात सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में अमित ठाकुर ने भाजपा की कार्यपद्धति पर विचार रखे। देवराज शर्मा ने संगठन विस्तार, जबकि पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने पार्टी के इतिहास व विकास पर चर्चा की। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अन्य सत्रों में बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया और वैचारिक अधिष्ठान पर भी चर्चा हुई। शिविर में मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सुक्खू का दौरा देगा नई गति : विवेक

अनंत ज्ञान, नादौन। कांग्रेस नेता विवेक कटोच ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हमीरपुर जिले का तीन दिवसीय दौरा सफल रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण योजनाओं को गति देने पर चर्चा हुई। विवेक कटोच ने बताया कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं और कैंसर उपचार केंद्र की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री का यह दौरा जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

घायल वृद्ध महिला की चार माह बाद मौत

अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज के ग्राम भोगों, पंचायत धीरड़ की वृद्ध महिला सत्या देवी पत्नी जगदीश राय का चार माह के उपचार के बाद निधन हो गया। 19 नवंबर को अपने घर के आंगन में धूप सेंकते समय अचानक एक लावारिस पशु ने उन पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने पर परिजन उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ ले गए। लंबे उपचार के बाद करीब एक सप्ताह पूर्व घर लौटाया गया, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। 13 मार्च 2026 को उनका निधन हो गया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ते लावारिस पशुओं की समस्या पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

नारायण सेवा समिति ने दी 5 हजार की सहायता

अनंत ज्ञान, बड़सर। नारायण सेवा समिति बिझड़ी की मासिक बैठक मानव सेवा सदन में मुख्य संरक्षक दीना नाथ वर्मा और ओंकार पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पिछले माह की गतिविधियों और आय-व्यय पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से सुनीता देवी पत्नी अजय कुमार, गांव जजरी को 5000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। समिति के स्थायी सदस्य कैप्टन हरनाम सिंह वर्मा को शीतल पेय जल कूलर दान के लिए आभार व्यक्त किया गया। कमांडर प्रेम सिंह चौधरी, नरेंद्र पठानिया और अन्य सदस्यों ने समिति की सराहना की। कुल 35 सदस्य उपस्थित रहे और अब तक 422 स्थायी सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं।

भोटा में पूर्व सैनिकों ने मनाया स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान, भोटा। भोटा में 3 पंजाब रेजीमेंट के पूर्व सैनिकों ने अपनी रेजीमेंट का 259वां स्थापना दिवस मनाया। समारोह में लगभग 200 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। सुबह 8 बजे, सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनोह में पूर्व सैनिक प्रबंधक कमेटी द्वारा चीन के साथ हुए विवाद में शहीद हमीरपुर के अंकुश ठाकुर को श्रद्धांजलि दी गई। उनके साहस और शहादत को नमन करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। समारोह के मुख्य अतिथि कैप्टन प्रकाश चंद ने केक काटकर स्वागत किया और 3 पंजाब रेजीमेंट की वीरगाथा, 1965, 1971 और 1999 की लड़ाइयों का विस्तृत विवरण साझा किया। प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता नंदलाल रणौत ने सभी पूर्व सैनिकों का अभिनंदन और स्वागत किया।

भर्ती रैली : सैकड़ों युवाओं ने लगाई दौड़

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हमीरपुर के निकट अणु के मैदान में जारी थल सेना भर्ती रैली के छठे दिन शनिवार को भी सैकड़ों युवाओं ने ग्राउंड टैस्ट में भाग लिया। इनके अलावा पिछले दिनों ग्राउंड टैस्ट क्लियर कर चुके युवाओं की मेडिकल जांच और दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया भी जारी रही। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष,पारदर्शी और सुचारू रूप से पूर्ण करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इस भर्ती रैली में जिला हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना के पात्र युवा भाग ले रहे हैं।

जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार 23 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नालागढ़ की कंपनी आरके लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड में ट्रेनी कैमिस्ट और ट्रेनी माइक्रोबायोलॉजिस्ट के 4-4 पद तथा ट्रेनी आपरेटर के 6 पद भरे जाएंगे। साक्षात्कार 23 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में आयोजित होंगे। ट्रेनी कैमिस्ट के लिए केमिस्ट्री में बीएससी/एमएससी, डी फार्मा/बी फार्मा/एम फार्मा उम्मीदवार पात्र हैं, मासिक वेतन 15-25 हजार रुपए। ट्रेनी माइक्रोबायोलॉजिस्ट के लिए एमएससी माइक्रोबायोलॉजी या बीएससी/बीटेक बायोटेक्नोलॉजी आवश्यक, वेतन 16-30 हजार। ट्रेनी आपरेटर के लिए मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स डिप्लोमा, वेतन 13-22 हजार। आयु सीमा 18-30 वर्ष, हिमाचली स्थायी निवासी ही आवेदन कर सकते हैं।

कैहरवीं गांव में कल लगेगा हड्डी रोग जांच शिविर

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कैहरवीं गांव, तहसील भोरंज में 16 मार्च को निःशुल्क हड्डी रोग जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में क्षेत्रवासियों को हड्डियों की बीमारियों की जांच, परामर्श और मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी।

लोक अदालत में 3234 केसों का निपटारा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। संपूर्ण जिला हमीरपुर के हमीरपुर, नादौन और बड़सर न्यायिक परिसरों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई। जिला एवं सत्र न्यायधीश भुवनेश अवस्थी की अध्यक्षता में हुई इस अदालत में 8810 मामलों में से 3234 का त्वरित निपटारा किया गया और 86.50 लाख रुपए से अधिक की राशि वसूली गई। प्री-लिटिगेशन, पोस्ट-लिटिगेशन और मोटर वाहन अधिनियम के मामलों की सुनवाई कर समय और धन की बचत सुनिश्चित की गई। सचिव कुलदीप शर्मा ने लोगों को इसका लाभ उठाने की अपील की।

दियोटसिद्ध में झंडा रस्म के साथ चैत्र मेले का आगाज

पहले दिन करीब 25 हजार भक्तों ने नवाया शीश; चैत्र मेलों के दौरान 24 घंटे खुला रहेगा मंदिर, 13 अप्रैल तक चलेंगे मेले

- एडीसी अभिषेक गर्ग ने पूजा-अर्चना के बाद किया मेले का शुभारंभ
- करीब 64 सीसीसीटी कैमरों से रखी जाएगी संदिग्धों पर नजर

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। बाबा बालक नाथ मंदिर में चैत्र मास मेला का आगाज झंडा रस्म से हुआ। पहले चैत्र मास मेले के दौरान लगभग 25 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने शीश नवाया है। मंदिर प्रशासन द्वारा चैत्र मेलों के दौरान मंदिर को 24 घण्टे खुला रखा जाएगा। एडीसी हमीरपुर अभिषेक गर्ग ने दियोटसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना और झंडा रस्म अदा कर चैत्र मास मेले का शुभारंभ किया है। चैत्र मास मेले 13 अप्रैल तक चलेंगे। वहीं, मेले में सुरक्षा व्यवस्था को पांच सेक्टर में विभाजित किया गया है, जिसमें 350 पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं। करीब 64 सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। मेले के शुभारंभ अवसर पर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया, बड़सर एसडीएम स्वाति डोगरा, पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, ट्रस्टी विपिन ढटवालिया, सुभाष ढटवालिया, ट्रस्टी पवन कालिया सहित व हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पंजाब से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि चैत्र मास में लेकर दौरान पहले दिन आज वह बाबा जी के मंदिर में नतमस्तक होने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर में हर मन्नत पूरी होती है। हर वर्ष की भांति इस बार भी वह बाबा जी के मंदिर में नतमस्तक हुए हैं।

बाबा बालक नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। अनंत ज्ञान

वहीं, दियोटसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज ने चैत्र मास मेलों की बधाई दी। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि श्रद्धालु बाबा बालक नाथ मंदिर में प्यार से आए और बाबा जी के दर्शन करें। एडीसी अभिषेक वर्ग गर्ग ने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए बेहतरीन प्रबंध किए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर में चैत्र मास मेलो के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पांच सेक्टर में विभाजित किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि यह मंदिर में श्रद्धा पूर्वक पहुंचे और बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस वर्ष ट्रस्ट द्वारा आपदा मित्र भी नियुक्ति किए गए हैं। जो चैत्र माह मेला के दरान मंदिर में एक महीना ड्यूटी पर रहेंगे। आपदा मित्रों में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं शामिल किए गए हैं। महिलाओं के दौरान अगर कोई ऐसी अनहोनी हो जाती है तो आपदा मित्र तत्काल सेवाएं देने के लिए हाजिर रहेंगे।

बाबा के दर्शनों के लिए लाइनों में लगे श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

भरेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रात को डॉक्टर उपलब्ध न होने पर जताई चिंता

अनंत ज्ञान, भोरंज। वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की मासिक बैठक सागर स्पोर्ट्स अकादमी स्थित संघ के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सामाजिक और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से मत व्यक्त किया कि आगामी पंचायत चुनाव में ऐसे उम्मीदवारों को आगे लाया जाना चाहिए जो शिक्षित, ईमानदार तथा समाजसेवा की पृष्ठभूमि रखने वाले हों। इसके लिए क्षेत्र की आम जनता को जागरूक और प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन को स्वीकार न करें, क्योंकि यही भ्रष्टाचार की जड़ है। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने भरेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष रूप से रात्रि के समय डॉक्टर उपलब्ध न होने की समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र घनी आबादी वाला है, इसलिए यहां स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस संदर्भ में लंबे समय से चली आ रही क्षेत्रवासियों की मांग को दोहराते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का दर्जा देने की मांग भी जोरदार ढंग से उठाई गई। बैठक में के. भंडारी, महेश कौंडल, बीसी कौशल, डॉ. कुलवंत राय, प्रताप शर्मा, सुखदेव शर्मा, सुभाष कपिला और विद्यसागर शर्मा उपस्थित रहे।

भरेड़ी स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए चार पद सृजित करने की मिली मंजूरी

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत भरेड़ी स्थित स्पोर्ट्स हॉस्टल (वॉलीबाल) के लिए प्रदेश सरकार ने चार कार्यात्मक पद सृजित करने को मंजूरी प्रदान की है। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी पत्र के अनुसार स्पोर्ट्स हॉस्टल भरेड़ी में जूनियर कोच (वॉलीबाल), ग्राउंडमैन, कुक (क्लास-III) और हेल्पर के एक-एक पद सृजित किए गए हैं। इनमें जूनियर कोच का पद जॉब ट्रेनी के रूप में भरा जाएगा, जबकि ग्राउंडमैन और कुक के पद आउटसोर्स आधार पर तथा हेल्पर का पद एमटीडब्ल्यू श्रेणी में भरा जाएगा। सरकार के इस निर्णय से भोरंज क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन पदों के सृजन से स्पोर्ट्स हॉस्टल की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी तथा क्षेत्र के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। स्थानीय लोगों व खेल प्रेमियों ने इस फैसले के लिए भोरंज के विधायक सुरेश कुमार तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

सीएम सुक्खू ने सुनीं लोगों की समस्याएं

अनंत ज्ञान

नादौन। नादौन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार सुबह और शुक्रवार शाम सेरा विश्रामगृह में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया। विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिले और अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं व मांगों से उन्हें अवगत करवाया।

बूणी पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने महिला मंडल भवन के लिए राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया और गांव में हैंडपंप लगाने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। हड़ेटा पंचायत का प्रतिनिधिमंडल पूर्व प्रधान संजय कुमार के नेतृत्व में मिला और हड़ेटा में टूरिज्म पार्क के निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। दलित बस्ती के प्रतिनिधियों ने गांव में पानी की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की, जिस पर मुख्यमंत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को तुरंत हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए। भवड़ां गांव का प्रतिनिधिमंडल समाजसेवी यशपाल बिट्टू के नेतृत्व में मिला और गांव में बनाए गए गूगा धाम को लेकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि यह धाम क्षेत्र में लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। वहीं, पखरोल गांव के लोगों ने बैकुंठ धाम के निर्माण के लिए आभार जताते हुए हैंडपंप लगाने की मांग रखी। कोटला चिल्लियां गांव का प्रतिनिधिमंडल अराजपत्रित महासंघ के पूर्व अध्यक्ष दरसोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में महिला मंडल भवन की मांग को लेकर मिला। इसके अलावा जोलसप्पड़ गांव के लोगों ने रास्ते की समस्या, लाहड़ कोटलू पंचायत के प्रतिनिधियों ने बीडीसी धर्मपाल के नेतृत्व में और टिल्लू पंचायत का प्रतिनिधिमंडल युवा कांग्रेस नेता अजय अत्री के नेतृत्व में अपनी मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। झलाण पंचायत का प्रतिनिधिमंडल पूर्व प्रधान बिमला देवी के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं को लेकर मिला। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स गेम में सौरभ शर्मा ने जीता गोल्ड मेडल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स गेम में रोपा गांव के खिलाड़ी सौरभ शर्मा पुत्र प्रदीप कुमार शर्मा ने 1500 मीटर में कांस्य पदक तथा 5000 मीटर में स्वर्ण भारत के लिए जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह ग्रैंड प्रिक्स 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित हुई। अक्तूबर में होने वाली एशियाई पर गेम्स में स्थान बनाया। इस उपलब्धि के लिए सौरभ शर्मा अपने कोच नरेश शर्मा तथा ग्रास रूट लेवल कोच नरेश सिंह निहाल, स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव ललित ठाकुर का आभार व्यक्त किया। अब सौरभ एशियन गेम की तैयारी में करेंगे, जिससे वह हिमाचल प्रदेश सरकार से पूर्ण सहयोग की आशा व्यक्त करते हैं।

जड़ौत भदरोल गांव में रसोई गैस की 3 सप्ताह से सप्लाई नहीं, लोग परेशान

चैकी गांव में गैस सिलेंडर की गाड़ी पहुंचते ही उमड़ी लोगों की भीड़। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

नादौन। नादौन की भदरोल पंचायत के गांव जड़ौत भदरोल में पिछले करीब तीन सप्ताह से रसोई गैस की सप्लाई नहीं गई है। इसको लेकर उपभोक्ताओं में रोष है।

लोग रसोई गैस की समस्या से परेशान हैं। बहुजन समाज पार्टी के नादौन विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष देशराज दड़ोच ने प्रेस बयान में बताया कि जड़ौत भदरोल गांव आदि क्षेत्रों में हर शनिवार को रसोई गैस की सप्लाई आती है, लेकिन पिछले करीब तीन सप्ताह से इस क्षेत्र में रसोई गैस की सप्लाई नहीं आई है। आज भी रसोई गैस लेकर आई गाड़ी जड़ौत से एक स्टेशन पीछे मानपुल के पास चैकी गांव में ज्यों ही रसोई गैस की गाड़ी पहुंची तो गाड़ी के इंतजार में बैठे लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई और देखते ही देखते सभी सिलेंडर खत्म हो गए और जड़ौत गांव के लोग गाड़ी का इंतजार करते ही रह गए। पिछले शनिवार को भी गैस की सप्लाई वाली गाड़ी दूसरे रूट से आई और गौना करौर तक ही सिलेंडर खत्म हो गए। इसके चलते जड़ौत भदरोल गांव वालों को काफी इंतजार के बाद रसोई गैस के खाली सिलेंडर लेकर घर को वापस आना पड़ा। उन्होंने प्रशासन व सरकार से आग्रह किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस की सप्लाई नियमित की जाए अन्यथा लोगों को सड़कों पर उतरने पर विवश होना पड़ेगा।

मेडिकल कॉलेज में स्थापित किया जाएगा नशा मुक्ति केंद्र

अनंत ज्ञान

अनिल कुमार, हमीरपुर। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने चिट्टे और अन्य नशे के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ रखा है। इसी अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिए सरकार और पुलिस प्रशासन मिलकर लगातार सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। शनिवार को हमीरपुर के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर तथा उप संयोजक संजय भारद्वाज ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में जल्द नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिससे नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

नरेश ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और सड़कों से जुड़े करोड़ों रुपए के विकास प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। साथ ही सरकार नशे के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाए हुए है ताकि युवाओं को इस दलदल से बाहर निकाला जा सके। आज का युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जिसे रोकने के लिए व्यापक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से चार जिलों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वॉकथन आयोजित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि निजी नशा मुक्ति केंद्रों को लेकर मिल रही शिकायतों और वहां हुई मौतों की जांच के लिए नशा निवारण बोर्ड जल्द ही एक कमेटी गठित करेगा। प्रदेशभर में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रयास होगा। संजय भारद्वाज ने कहा कि पुलिस प्रशासन नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। मैन सप्लायर तक पहुंचकर पूरी चेन को तोड़ा जा रहा है। कई मामलों में नशा तस्करों की संपत्ति अटैच की जा रही हैं व अवैध भवनों को भी गिराया जा रहा है।

धनेटा कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्टूडेंट्स नवाजे

विधायक सुरेश कुमार ने स्टूडेंट्स से की नशे से दूर रहने की अपील। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

धनेटा। राजकीय महाविद्यालय धनेटा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भोरंज के विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीतम चंद ने किया और मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। विधायक ने विद्यार्थियों को शिक्षा, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए और उन्हें मेहनत, लगन और समाज में अपनी भूमिका समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार उन्मुक्त शिक्षा और नैतिक मूल्यों को अपनाने का भी आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्र वरुण द्वारा महिषासुर मर्दिनी नृत्य और छात्राओं द्वारा गिद्दा ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने विधायक निधि से 21,000 रुपए देने की भी घोषणा की। समारोह में प्राचार्य, विभिन्न गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी, अभिभावक और शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे।

उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने फिजिकल एजुकेशन व म्यूजिक टीचर की रिक्तियों को भरने और विज्ञान संकाय में नई कक्षाएं शुरू करने का आश्वासन भी दिया।

भाजपा की कार्यपद्धति और वैचारिक प्रशिक्षण संगठन की सबसे बड़ी शक्ति: अमित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भोरंज विधानसभा क्षेत्र के समीरपुर मंडल में शिव मंदिर, गगेहड़ी में भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान का आयोजन हुआ। इसमें मंडल के विभिन्न बूथों और शक्ति केंद्रों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना, जनसंपर्क, डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग और बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। समापन सत्र में हमीरपुर जिला प्रभारी अमित ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संगठन की भूमिका, अनुशासन व जिम्मेदारियों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है और उसके प्रयासों से ही संगठन का विस्तार संभव है। जिलाध्यक्ष राकेश ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण वर्ग ने कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बस्सी-तत्ताहर सड़क पर गिरा डंगा बना खतरा

लोगों ने लोक निर्माण विभाग से की जल्द मरम्मत करने की मांग

नालू के नाले में बने पुल के पास गिरे डंगे को न लगाने से चालक हो रहे परेशान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत बस्सी से तत्ताहर को जोड़ने वाली सड़क पर गरसाहड़ में नालू के नाले के पास गिरा डंगा क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। लोगों के अनुसार पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के दौरान यह डंगा गिर गया था, लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद इसकी मरम्मत नहीं हो सकी है। आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए लोगों ने लोक निर्माण विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि नालू के नाले पर बने पुल के पास सुरक्षा के लिए डंगा नहीं लगाया गया है। यदि बचा हुआ हिस्सा भी गिर जाता है तो सड़क पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बाधित हो सकती है। इसके अलावा इस सड़क पर करीब 15 से 20 स्थानों पर पेवर ब्लॉक लगाने की आवश्यकता है, लेकिन वहां भी काम शुरू नहीं हुआ है। सड़क की खराब हालत और गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर, लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता, अनुभाग भरेड़ी प्रवीण कुमार ने बताया कि नाले में पानी अधिक होने के कारण काम शुरू करने में देरी हुई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में डंगे के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा और पेवर ब्लॉक लगाने का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा।

विपन चौधरी ने ओबीसी मोर्चा में नई जिम्मेदारी मिलने पर जताया सांसद अनुराग का आभार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भाजपा ओबीसी मोर्चा के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी नियुक्त किए जाने पर विपन चौधरी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर से व्यक्तिगत रूप से भेंटकर उनका आभार व्यक्त किया। विपन चौधरी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें दी गई यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और ओबीसी समाज के बीच पार्टी को और अधिक मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। विपिन ने अपने संगठनात्मक अनुभव का उल्लेख करते हुए बताया कि वे इससे पहले भी ओबीसी मोर्चा में मंडल तथा जिला स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में वह भाजपा के राज्य ओबीसी मोर्चा में भी पदाधिकारी के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा में ओबीसी मोर्चा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ओबीसी समाज देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संरचना का एक सशक्त स्तंभ है और पार्टी हमेशा से इस वर्ग के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है।

सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा से वंचित ग्राम पंचायत खुंदेल के दर्जनों गांव

विद्यार्थियों के लिए 14-15 किमी का जोखिम भरा सफर, सुरक्षित स्कूल मार्ग की आवश्यकता

अनंत ज्ञान

धरवाला। विधानसभा क्षेत्र भरमौर-पांगी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खुंदेल के दर्जनों गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी इन गांवों तक सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी कठिनाइयां होती हैं।

खुंदेल पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव गेलू, कसरोडी, कनेहत्तर, भद्रूण, भद्र, गिरड, खिलकड, अलमी, थल्ला, चनूनू, कुहेड, कलॉस और गवाड सहित कई बस्तियां आज भी सड़क सुविधा से पूरी तरह महरूम हैं। सड़क न होने के कारण लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और दैनिक उपयोग की वस्तुएं लाने-ले जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

आपदा के बाद जोखम भरा हुआ मार्ग। अनंत ज्ञान

इन गांवों के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए करीब 14 से 15 किलोमीटर का लंबा और जोखिम भरा पैदल सफर तय कर बतोट तक पहुंचना पड़ता है। रास्ते में कई अस्थायी पुलियां और खतरनाक पगडंडियां हैं, जिन्हें पार करना बच्चों के लिए बेहद कठिन और जानलेवा साबित हो सकता है। बरसात के दिनों में नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने पर यह सफर और भी अधिक खतरनाक हो जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग केवल गांवों को जोड़ने के लिए ही नहीं, बल्कि गिरड माता मंदिर और खूंडी मराली मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी प्रमुख रास्ता है। हर साल हजारों श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। वर्ष 2025 में आई प्राकृतिक आपदा के बाद यह मार्ग और भी अधिक जोखिम भरा हो गया है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

खुंदेल पंचायत के दर्जनों गांवों को जल्द से जल्द सड़क मार्ग से जोड़ा जाए।

पत्थर और लकड़ी से बनी अस्थायी पुलियों की जगह पक्के स्थायी पुल बनाए जाएं।

भद्रूण, अलमी और गिरड के बीच कम से कम कक्षा दसवीं तक का विद्यालय खोला जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

क्षेत्र में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

पेंशनर्स ने लंबित देनदारियां जारी करने की मांग की

अनंत ज्ञान, चंबा। डॉ. बीआर अंबेडकर रिटायर्ड एम्प्लोइज एसोसिएशन, संघ चंबा की मासिक बैठक शनिवार को अंबेडकर भवन में मनोहर लाल हितेषी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनर्स से जुड़े लंबित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। सदस्यों ने सर्वसम्मति से मांग की कि 70 वर्ष से कम आयु के पेंशनर्स की लंबित पेंशन राशि इसी माह के बजट सत्र में एकमुश्त जारी की जाए। संघ ने 16 मार्च को होने वाली रोष रैली में भाग लेने का भी निर्णय लिया। इसके अलावा, सरकार से 13 प्रतिशत महंगाई भत्ते और लंबित मेडिकल बिलों का शीघ्र भुगतान करने की भी मांग की गई। बैठक में नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने के अभियान की प्रभावशीलता पर भी चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों में मनोहर लाल हितेषी, जितेंदर चंद्रा, सुधन चंद्रा, जीत सिंह चंद्रा, गुरमीत सिंह चंद्रा, राकेश हितेषी, कुलदीप अहीर, भूपिंदर सूर्य और महासचिव शिव चरण चंद्रा शामिल थे।

मैहला पुल के पास एनएच पर सुरक्षा कार्य के दौरान बस चालकों की मनमानी से बढ़ रहा हादसों का खतरा

अनंत ज्ञान

मैहला। मैहला पुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-154 पर पहाड़ी को दरकने से रोकने के लिए चल रहा सुरक्षा कार्य इन दिनों प्रगति पर है। जानकारी के अनुसार करीब दो वर्ष पहले इस पहाड़ी में दरार पड़ गई थी। सबसे पहले स्थानीय लोगों ने इस दरार को देखा और इसकी जानकारी प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन द्वारा कई बार सर्वेक्षण किए गए और वर्ष 2025 में पहाड़ी को सुरक्षित करने तथा संभावित भूस्खलन को रोकने के लिए कार्य शुरू किया गया। कार्यस्थल पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है, जो काम के दौरान रस्सी लगाकर वाहनों को रोकते हैं और सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद ही उन्हें आगे जाने देते हैं।

मैहला पुल के पास सुरक्षा कार्य प्रगति पर। अनंत ज्ञान

कार्यस्थल पर तैनात कर्मचारियों का कहना है कि जब भी गाड़ियों को छोड़ा जाता है तो उससे पहले ऊपर ड्रिलिंग कर रहे मजदूरों से संपर्क कर स्थिति की पुष्टि की जाती है। इसके बाद मेट लगाने वाले कर्मचारियों से भी बात की जाती है और दूसरी ओर तैनात वर्करों से सुरक्षा की जानकारी लेने के बाद ही वाहनों को आगे बढ़ने दिया जाता है।

आरोप है कि कुछ निजी बसों के चालक और परिचालक जल्दबाजी में कर्मचारियों के साथ बहस करने लगते हैं और कई बार खुद ही रस्सी खोलकर बसों को आगे निकाल देते हैं। ऐसे में कई बार वाहनों के ऊपर पत्थर गिरने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद बाद में कुछ चालक-परिचालक इसका जिम्मेदार वहां तैनात मजदूरों को ही ठहराते हैं। वहीं मौके पर तैनात कर्मचारी बिंदु का कहना है कि जब बस चालक और कंडक्टर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हुए खुद ही रस्सी खोलकर वाहन निकालते हैं और उसी दौरान पत्थर गिरते हैं, तो उसकी जिम्मेदारी उन्हीं की होती है क्योंकि मजदूर तो पूरी तरह सुरक्षा जांच के बाद ही वाहनों को आगे जाने देते हैं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि वहां पर पुलिस या होमगार्ड के कम से कम दो जवानों की ड्यूटी लगाई जाए।

भारतीय सेना में भटियात के रजत बने लेफ्टिनेंट, इलाके में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान

भटियात। चंबा जिला के भटियात उपमंडल की ग्राम पंचायत गरनोटा के युवा रजत भारद्वाज ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रजत की इस उपलब्धि से इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। हाल ही में प्रशिक्षण पूरा कर घर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

रजत भारद्वाज ने सात मार्च दो 2026 को चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से एक वर्ष का कठिन प्रशिक्षण पूरा कर पास आउट किया और भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त हुए। इससे पहले उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा उत्तीर्ण की और बेंगलुरु में सर्विस सिलेक्शन बोर्ड से अनुशंसित हुए। रजत के पिता राकेश भारद्वाज टीजीटी अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता जीवना भारद्वाज गृहिणी हैं। रजत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दसवीं कक्षा तक ग्रीन फील्ड

पब्लिक स्कूल सिंहुनता से प्राप्त की। इसके बाद जमा एक और जमा दो की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंहुनता से पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने राजकीय डिग्री कॉलेज धर्मशाला से बीएससी मैथ की डिग्री हासिल की तथा इसके बाद चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से एमएससी मैथ की पढ़ाई पूरी की। कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ रजत ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की नेशनल डिफेंस अकादमी परीक्षा, एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट, कोस्ट गार्ड कॉमन एडमिशन टेस्ट तथा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की सेंट्रल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन परीक्षा जैसी कई परीक्षाएं भी उत्तीर्ण कीं।

विधायक नीरज ने अधिकारियों के साथ विकासात्मक परियोजनाओं का किया निरीक्षण

सुल्तानपुर हेलिपोर्ट निर्माण का अधिकांश कार्य पूरा

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। सदर विधायक नीरज नैय्यर ने शनिवार को चंबा शहर व आसपास के क्षेत्रों में प्रस्तावित एवं जारी विकासात्मक योजनाओं का जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नीरज नैय्यर ने इस दौरान पुराने बस अड्डे में प्रस्तावित पार्किंग स्थल का निरीक्षण करने के पश्चात ऐतिहासिक चंबा चौगान के जारी सौंदर्यकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इसके पश्चात परिधि गृह के समीप प्रस्तावित पार्किंग स्थल, हरदासपुर पार्क, पुलिस मैदान वारगाह के जारी उन्नयन कार्यों तथा निर्माणाधीन इंडोर खेल स्टेडियम का निरीक्षण करने के पश्चात सुल्तानपुर मोहल्ले के समीप निर्माणाधीन हेलिपोर्ट स्थल का भी अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नीरज

विकासात्मक परियोजनाओं का निरीक्षण करते विधायक। अनंत ज्ञान

नैय्यर ने प्रेस प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए चंबावासियों को बधाई देते हुए कहा कि शहर की वर्षों पुरानी पार्किंग समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पुराने बस अड्डे में चार मंजिला आधुनिक पार्किंग का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए पुरानी इमारत को हटाने का कार्य आरंभ हो चुका है। निर्माण कार्य को लगभग एक से डेढ़ वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि परिधि गृह के सामने तीन मंजिला पार्किंग का भी प्रस्ताव है तथा इसके लिए आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया जारी है। वहीं ऐतिहासिक चौगान के सौंदर्यकरण के तहत म्यूजिकल लाइट्स लगाने का कार्य प्रगति पर है और एक बड़ी एलईडी स्क्रीन स्थापित करने की भी योजना है, जिससे स्थानीय बच्चों और कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि चौगान के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए ही इसे और आकर्षक बनाया जाएगा।

नीरज नैय्यर ने बताया कि निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम के लिए 11 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है, जिसमें से 8 करोड़ 50 लाख रुपए के कार्यों के टेंडर जारी किए जा चुके हैं और निर्माण कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने यह भी बताया कि सुल्तानपुर हेलीपोर्ट निर्माण का अधिकांश कार्य संपूर्ण किया जा चुका है। इस वर्ष माह सितंबर तक उड़ान योजना के तहत यहां से हेलीकाप्टर सेवाएं संचालित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त राहुल धीमान, मंडलीय प्रबंधक हिमाचल पथ परिवहन निगम शुगल सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण जोगिंद्र शर्मा, कनिष्ठ अभियंता नगर परिषद नीतिका ठाकुर सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

चंबा की बेटी डॉ. कनिका महाजन ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। जिला चंबा के लिए गर्व और खुशी का क्षण तब बना जब चंबा की बेटी डॉ. कनिका महाजन को केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के करकमलों से प्राप्त हुआ, जो जिले के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

मूल रूप से चंबा जिला के सिहुंता क्षेत्र की निवासी डॉ. कनिका महाजन स्वर्गीय स्वतंत्र कुमार महाजन और प्रवीण महाजन की पुत्री हैं। उन्होंने एम.एससी. के बाद अपनी शैक्षणिक यात्रा को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला से माइक्रोबायोलॉजी (एनवायरमेंटल साइंस) विषय में शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने यूजीसी-नेट परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। वर्तमान में डॉ. कनिका महाजन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में अध्यापन कार्य कर रही हैं। उनकी कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण ने उन्हें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचाया है। डॉ. कनिका के पति दीपक बिजलवान शिमला में एक निजी कोचिंग संस्थान का संचालन करते हैं। एक पुत्र की माँ होने के बावजूद उन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ संतुलन बनाते हुए विवाह के बाद भी अपनी पढ़ाई जारी रखी और यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि समाज की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. कनिका महाजन ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने विशेष रूप से अपने पीएचडी गाइड प्रोफेसर सुनील ठाकुर (हेड, साइंस डिपार्टमेंट) का आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से उनका शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो पाया। डॉ. कनिका की इस उपलब्धि से उनके परिवार, क्षेत्र और पूरे जिला चंबा में खुशी और गर्व का माहौल है।

नवरात्र में होगा प्रताप भवन का शिलान्यास

राजपूत कल्याण सभा की बैठक अध्यक्ष नरेंद्र की अध्यक्षता में आयोजित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। राजपूत कल्याण सभा चम्बा की महत्वपूर्ण बैठक इरावती होटल में शनिवार को सभा के अध्यक्ष नरेंद्र साम्बयाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान वीर महाराणा प्रताप भवन के निर्माण को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी सप्ताह से शुरू हो रहे नवरात्र के दौरान ककियां के पास भवन का शिलान्यास किया जाएगा। इसके लिए संगठन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

बैठक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रस्तावित उच्च शिक्षा संस्थानों में समान अवसर संवर्धन नियम 2026 को लेकर भी चर्चा की गई। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि नियमों का उद्देश्य सभी को समान अवसर प्रदान करना सराहनीय है, लेकिन कुछ प्रावधान ऐसे हैं जिनसे छात्रों और शिक्षकों में भ्रम, भय और प्रशासनिक दबाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने मांग की कि नियमों में समानता के साथ न्याय और निष्पक्ष

राजपूत कल्याण सभा की बैठक में मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

प्रक्रिया सुनिश्चित की जानी चाहिए। भेदभाव की परिभाषा और शिकायत प्रक्रिया स्पष्ट होनी चाहिए। साथ ही झूठी शिकायतों से बचाव के लिए प्रारंभिक जांच, दोनों पक्षों की सुनवाई, समयबद्ध जांच और अपील का अधिकार सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। सभा ने यह भी कहा कि नियमों के उल्लंघन पर संस्थानों को बंद करने या योजनाओं से बाहर करने जैसे कठोर प्रावधानों की जगह पहले सुधार का अवसर दिया जाना चाहिए और चरणबद्ध कार्रवाई की व्यवस्था होनी चाहिए। पदाधिकारियों ने बताया कि यूजीसी द्वारा संसदीय समिति और सर्वोच्च न्यायालय को दिए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019-20 में भेदभाव से संबंधित 173 शिकायतें दर्ज हुई थीं, जो 2023-24 में बढ़कर 378 हो गईं। ये शिकायतें देश के 2257 उच्च शिक्षण संस्थानों से संबंधित हैं, जिनमें वार्षिक शिकायत दर 7.60 प्रतिशत से 16.70 प्रतिशत के बीच रही है। इस अवसर पर मंजीत जसरोटिया, सुरेंद्र जसरोटिया मयंक, कुलदीप बढ़ियाल, संजय, अतुल, पृथ्वी सिंह, राजेंद्र ठाकुर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

बिना बुकिंग नहीं मिल रहा सिलेंडर

अनंत ज्ञान, सुनील पहाड़ी, सलूणी। सलूणी क्षेत्र में स्थित अर्जुन गैस सर्विस में इन दिनों उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी द्वारा बिना बुकिंग के सिलेंडर देने से साफ इनकार किया जा रहा है, जिसके चलते कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ ही घर लौटना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई उपभोक्ता सुबह से ही गैस बुकिंग करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा है। कई लोगों को बुकिंग करने के बाद भी कोई एसएमएस प्राप्त नहीं हो रहा, जिससे उन्हें एजेंसी से सिलेंडर लेने में परेशानी हो रही है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग की तकनीकी समस्या के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरत के लिए गैस सिलेंडर मिलने में कठिनाई हो रही है। लोगों ने संबंधित विभाग और गैस एजेंसी से मांग की है कि बुकिंग सिस्टम को जल्द दुरुस्त किया जाए और उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी का तुरंत समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

रात में सड़क खुलवाकर की मरीज की मदद

लोक निर्माण विभाग भरमौर की तत्परता सराहनीय: ललित ठाकुर

अनंत ज्ञान

ओपी शर्मा, भरमौर। विधानसभा क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत तुंदाह में एक मरीज की अचानक तबीयत बिगड़ने पर लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर ने रात के समय ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बंद सड़क को बहाल किया और मानवता की मिसाल पेश की।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत तुंदाह के गुवाड़ी गांव से प्रताप ने एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर को फोन कर बताया कि गांव में एक मरीज की हालत गंभीर है। ढकोग के पास सड़क बंद होने के कारण मरीज को अस्पताल ले जाना संभव नहीं हो पा रहा था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए ललित ठाकुर ने तुरंत लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर के अधिकारियों से संपर्क किया। विभाग ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए रात में ही मशीनरी मौके पर भेजी और मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया,


मरीज की मदद के लिए जेसीबी से खुलवाई सड़क। अनंत ज्ञान

ताकि मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके।

एपीएमसी चंबा के चेयरमैन ललित ठाकुर ने कहा कि अक्सर विभागों की लेटलतीफी को लेकर आलोचना होती है, लेकिन जब कोई विभाग लोगों की परेशानी को समझते हुए तुरंत कार्रवाई करता है, तो उसकी सराहना करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने इस मानवीय और सराहनीय कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

चौकी पंचायत गठन पर ग्रामीणों ने जताई खुशी

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। सुंदरनगर उपमंडल की रोहांडा पंचायत से अलग होकर बनी नई चौकी पंचायत के गठन पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी खुशी को साझा करने और आभार व्यक्त करने के लिए शनिवार को चौकी क्षेत्र के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सुंदरनगर स्थित कार्यालय में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर से मिला। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह तथा का नई पंचायत चौकी के गठन की स्वीकृती देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि चौकी क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से अलग पंचायत के गठन की मांग चली आ रही थी। उन्होंने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के समक्ष रखा, जिसे ध्यान में रखते हुए परिणामस्वरूप अब चौकी पंचायत का गठन संभव हो पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री, पंचायती राज मंत्री का क्षेत्र की जनता की तरफ से धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनके सुझाव और मांग को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर नई पंचायत का गठन किया। सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि निश्चित रूप से नई पंचायत चौकी बनने से क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी और ग्रामीणों को प्रशासनिक सुविधाएं भी पहले से अधिक सुलभ होंगी।

बारगाह खेल मैदान का होगा विस्तारीकरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। जिला चंबा के बारगाह खेल मैदान का जल्द ही विस्तारीकरण किया जाएगा। यह कार्य मुख्यमंत्री युवा खेल प्रोत्साहन योजना तथा सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर के प्रयासों के तहत किया जा रहा है, जिसके लिए 15 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी चंबा रूपेश कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत खेल मैदान के विस्तार के साथ-साथ आवश्यक खेल सुविधाओं को भी विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को बेहतर और आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे खेल गतिविधियों में अधिक सक्रिय रूप से भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि खेल मैदान के विस्तारीकरण से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी खेलों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। रूपेश कुमार ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि जिले में खेल ढांचे को मजबूत किया जाए और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जाए, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें।

सुंदरनगर में 22 से शुरू होगा सुकेत का पारंपरिक नलवाड़ व देवता मेला

पांचवें नवरात्र से होगा देवता मेले का आगाज। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

जड़ोल। सुकेत रियासत का ऐतिहासिक नलवाड़ और देवता मेला इस वर्ष भी चेत्र माह में सुंदरनगर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित होगा। मेले का शुभारंभ 22 मार्च से होगा, जबकि पांचवें नवरात्र से देवता मेले की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है। पहले यह मेला बैलों की खरीद-फरोख्त के लिए प्रसिद्ध था और दूर-दूर से व्यापारी व किसान यहां पहुंचते थे, लेकिन आधुनिक दौर में इसका स्वरूप बदल गया है। मेले में देव माहुनाग जी, कमरुनाग जी, बड़ योगी देव जी और महासू देव जी सहित कई देवताओं की भागीदारी रहती है। पहले दिन महामाया मंदिर से मेले की जलेब निकलती है, जिसमें ढोल-नगाड़ों के साथ देवता शामिल होते हैं।

इसी मेले की परंपराओं और झलक को दर्शाने के लिए रणजीत सोनी द्वारा गाया व लिखा गया गीत तैयार किया गया है, जिसमें मिस्टर इंडिया और मिस्टर नॉर्दन रह चुके आर्यन ठाकुर की विशेष भूमिका रही है। गीत का संगीत परमजीत पम्मी ने दिया है, जबकि वीडियो का फिल्मांकन राजेश ठाकुर और संपादन हितेंद्र ने किया है।

नगर परिषद सुंदरनगर में क्रेच केंद्रों के लिए कार्यकर्ता और सहायिका के आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। निदेशालय महिला एवं बाल विकास, शिमला के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर के अंतर्गत नगर परिषद सुंदरनगर के वार्ड 6-बौहट, 4-सलाह और 10-रोपा में आंगनबाड़ी सह-स्थापित क्रेच केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन क्रेच केंद्रों के संचालन के लिए क्रेच कार्यकर्ता तथा सहायिका के पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जिसके लिए इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सादे कागज पर अपने आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर के कार्यालय में 17 अप्रैल को सायं 5 बजे तक जमा करवा सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर 20 अप्रैल को प्रात: 11 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर के कार्यालय में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने सभी मूल प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे।

क्रेच कार्यकर्ता पद के लिए अभ्यर्थी संबंधित आंगनबाड़ी सह-क्रेच केंद्र के संग्रहण क्षेत्र का निवासी होना आवश्यक है तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। वहीं, क्रेच सहायिका पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी गई है। दोनों पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु 12 मार्च 2026 तक 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय प्रमाण पत्र तहसीलदार, नायब तहसीलदार या कार्यकारी दंडाधिकारी द्वारा जारी किया होना अनिवार्य है। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान ने पात्र महिला अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा करने का आग्रह किया है।

चंबा में दुराचार, छेड़छाड़, मारपीट और अवैध शराब के मामले दर्ज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। जिला पुलिस चंबा ने शनिवार को विभिन्न धाराओं के तहत सात मामले दर्ज किए हैं। सभी मामलों में नियमानुसार जांच जारी है। इन घटनाओं में दुराचार, छेड़छाड़, मारपीट और अवैध शराब बरामदगी जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।

महिला थाना चंबा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार मोहम्मद अब्बास पर एक लड़की के साथ दुराचार करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है।

पुलिस थाना चुवाड़ी में बशीर मोहम्मद निवासी गुमेल, जिला कांगड़ा की शिकायत पर संजू निवासी कथलू तथा दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार जब वह अपने साथियों के साथ एक निजी वाहन में लाहरू से मलकवाल जा रहे थे, तब आरोपियों ने उनका रास्ता रोक लिया, गाली-गलौज की, हमला किया और जान से मारने की धमकी दी।

इसी दिन पुलिस थाना सदर में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने गश्त के दौरान बाल्कू निवासी मतवाड़ी की दुकान से 3750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की।

पुलिस थाना तीसा में एक मामला स्कूल की छात्रा के साथ छेड़छाड़ को लेकर दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता शेर चंद ने रमेश कुमार पर छात्रा के साथ अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इसके अलावा पुलिस थाना सदर में बग्गू निवासी तलेशा की शिकायत पर गुलाम नवी निवासी कुंडा और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि दोनों ने शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज की और लाठियों तथा घूंसों से हमला किया।

वहीं पुलिस थाना तीसा में मोहन लाल निवासी गांव शलहाण की शिकायत पर चमन सिंह और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक चंबा ने बताया कि सभी मामलों में नियमानुसार जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं नीलमा देवी पत्नी श्री श्याम लाल निवासी लामु (169) तहसील होली, जिला चंबा हि.प्र.। घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे बेटे का नाम शशि कुमार (Shashi Kumar) गलत दर्ज है। जबकि मेरे बेटे का सही नाम अभय कुमार (Abhay Kumar) है। अत: जन्म प्रमाण पत्र में भी मेरे बेटे का सही नाम अभय कुमार (Abhay Kumar) दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

अपि यत्सुकरं कर्म तदप्येकेन दुष्करम। (आसानी से होने वाला कार्य भी एक व्यक्ति से होना मुश्किल)

-मनुस्मृति

संपादकीय

युद्ध की आग और ऊर्जा संकट

अमेरिका, इसराइल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध का असर अब केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसका प्रभाव धीरे-धीरे पूरे विश्व पर पड़ने लगा है। ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से यह क्षेत्र दुनिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। खाड़ी देशों से निकलने वाला तेल और गैस वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ऐसे में जब इस क्षेत्र में युद्ध की स्थिति बनती है तो उसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति, वैश्विक बाजारों और आम लोगों के जीवन पर पड़ना स्वाभाविक है। यही कारण है कि इस संघर्ष के कारण दुनिया के कई देशों में चिंता और अनिश्चितता का माहौल बन गया है।

इस युद्ध के चलते 25 से अधिक देशों में तेल और गैस का संकट पैदा होने लगा है। आधुनिक जीवन की लगभग हर गतिविधि ऊर्जा पर निर्भर करती है। रसोई से लेकर परिवहन तक, उद्योगों से लेकर बिजली उत्पादन तक, हर क्षेत्र में तेल और गैस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि इन ईंधनों की आपूर्ति बाधित होती है तो सबसे पहले असर आम लोगों के जीवन पर पड़ता है। रसोई गैस की कमी से घरों में खाना बनाना कठिन हो जाता है, पेट्रोल और डीजल की कमी से परिवहन व्यवस्था प्रभावित होती है और उद्योगों में उत्पादन ठप पड़ने लगता है। इसका परिणाम यह होता है कि महंगाई बढ़ती है और आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं।

इस युद्ध को शुरू हुए अब लगभग पंद्रह दिन हो चुके हैं और इतने कम समय में ही इसके दुष्परिणाम दिखाई देने लगे हैं। युद्ध का सबसे बड़ा और भयावह पहलू यह है कि इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। जिन क्षेत्रों में संघर्ष हो रहा है, वहां हर दिन लोगों की जिंदगी खतरे में होती है। बमबारी, मिसाइल हमले और सैन्य कार्रवाइयों के बीच आम लोगों का जीवन मानो नरक बन जाता है। घर-परिवार उजड़ जाते हैं, बच्चे अनाथ हो जाते हैं और हजारों लोग विस्थापित होकर शरणार्थी बनने को मजबूर हो जाते हैं। इतिहास भी यही बताता है कि युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। इससे केवल बैर, घृणा और अविश्वास ही बढ़ता है, जबकि अंततः समस्याओं का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकलता है।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच भारत के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं और अब वे भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। वैश्विक स्तर पर समुद्री मार्ग से होने वाली तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यदि किसी कारण से यह मार्ग बंद हो जाता है या यहां आवाजाही प्रभावित होती है तो इसका असर पूरी दुनिया के ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। यही वजह है कि इस क्षेत्र में किसी भी तरह की सैन्य गतिविधि को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ जाती है। भारत की ऊर्जा जरूरतें लगातार बढ़ रही हैं और घरेलू उत्पादन उसकी तुलना में सीमित है। ऐसे में देश को खाड़ी देशों से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और एलपीजी आयात करना पड़ता है। इसलिए मध्य-पूर्व में अस्थिरता का सीधा असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। हालांकि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण की दिशा में कदम उठाए हैं और कई देशों से तेल और गैस आयात के समझौते किए हैं, फिर भी खाड़ी क्षेत्र की भूमिका अभी भी बेहद महत्वपूर्ण बनी हुई है। इस स्थिति में भारत के लिए संतुलित कूटनीति और ऊर्जा प्रबंधन अत्यंत आवश्यक हो जाता है। एक ओर जहां देश को अपने ऊर्जा भंडार और आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित रखना होगा, वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और स्थिरता के पक्ष में भी अपनी भूमिका निभानी होगी। भारत परंपरागत रूप से संवाद और कूटनीति का समर्थक रहा है और वैश्विक मंचों पर भी वह यही संदेश देता रहा है कि युद्ध के बजाय बातचीत के माध्यम से विवादों का समाधान निकाला जाना चाहिए।

वास्तव में आज के वैश्वीकृत दौर में किसी भी क्षेत्र में होने वाला संघर्ष केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। उसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, राजनीति और सामाजिक जीवन पर पड़ता है। ऊर्जा संकट, महंगाई, आपूर्ति शृंखला में बाधा और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह तनाव को बढ़ने से रोके और संघर्षरत पक्षों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए प्रयास करे। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

बहुजन राजनीति के शिल्पकार

कांशीराम भारत के उन प्रमुख नेताओं में से थे जिन्होंने दलित और वंचित समाज को संगठित कर उन्हें राजनीति की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया। उनका जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रोपड़ जिले में हुआ था। उनके पिता का नाम हरि सिंह था। कांशीराम की सामाजिक चेतना का विकास नौकरी के दौरान हुआ। वे प्रारंभ में रक्षा विभाग से जुड़े एक संस्थान में कार्यरत थे। इसी दौरान उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को नजदीक से देखा। डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने का निर्णय लिया। एक विवाद के बाद उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह सामाजिक आंदोलन में सक्रिय हो गए।



कांशीराम
जन्म : 15 मार्च, 1934
मृत्यु : 9 अक्तूबर, 2006

उन्होंने सबसे पहले वर्ष 1978 में 'बामसेफ' नामक संगठन की स्थापना की। इस संगठन के माध्यम से उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को जोड़कर सामाजिक जागरूकता का अभियान चलाया। इसके बाद वर्ष 1981 में उन्होंने 'दलित शोषित संघर्ष समिति' का गठन किया। वर्ष 1984 में कांशीराम ने 'बहुजन समाज पार्टी' की स्थापना की। उन्होंने 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के विचार को राजनीति के केंद्र में रखा। कांशीराम ने ही मायावती की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कांशीराम का राजनीतिक दृष्टिकोण व्यावहारिक था। 9 अक्तूबर 2006 को दिल्ली में उनका निधन हो गया। दलितों और वंचित समाज के लिए कांशीराम का योगदान सदैव याद किया जाएगा। ■

कविता | अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

मां

राकेश, 'रुखसार'
केसीसी बैंक

दवा जब नाकाम हो जाती है।
तेरी दुआ काम कर जाती है।
भगवान खुद नहीं आते धरा पर।
तू रूप भगवान का धर आती है।
जब टूटने लगती है हर उम्मीद जगह।
ममता तेरी राह आसान कर जाती है।
भरी दोपेहरी भटकता है जलता बदन।
हंसी तेरी हसीन शाम कर जाती है।
जख्म दे जाती हैं ठोकरें दुनिया की।
गोद तेरी मरहम बनकर आती है।
तेरे चेहरे की उभरती हुई लकीरों में।
मुझे दुनिया तमाम नजर आती है।
रब को तो देखा नहीं किसी ने यहां।
तेरी ममता में जन्नत नजर आती है।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश में गिरता भूजल स्तर भविष्य की बड़ी चुनौती

सर्दियों में वर्षा कम होने के विपरीत परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में जल संकट एक बार फिर गहराने की खबरें सामने आ रही हैं। गर्मियों की शुरुआत में ही प्राकृतिक जल स्रोतों में पानी की कमी दर्ज की जा रही है। उत्तरी क्षेत्र धर्मशाला में किए गए एक सर्वे के अनुसार 1575 पेयजल स्रोतों में से 627 पेयजल योजनाओं में लगभग 15 प्रतिशत पानी की कमी पाई गई है।

सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, कांगड़ा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यदि जिला कांगड़ा जैसे बड़े क्षेत्र में यह स्थिति है, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अन्य ग्यारह जिलों में भी हालात बहुत सुखद नहीं होंगे। जल शक्ति विभाग के अनुसार कांगड़ा जिले में छह और चंबा जिले में सात पेयजल योजनाएं अत्यधिक प्रभावित हो चुकी हैं। हिमाचल प्रदेश को कभी प्राकृतिक सौंदर्य और जल स्रोतों से भरपूर राज्य माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इस पहाड़ी राज्य के मौसम में भारी बदलाव देखने को मिला है। गर्मियों के मौसम में तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जो चिंता का विषय बन चुका है। खड्डों और नालों में बहने वाला पानी धीरे-धीरे सूखता जा रहा है, जिससे न केवल लोगों बल्कि मवेशियों के लिए भी पानी की उपलब्धता कम होती जा रही है। समय पर बारिश न होने के कारण फसलों, सब्जियों और बागवानी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस स्थिति के पीछे जलवायु परिवर्तन एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। 'पानी की एक-एक बूंद कीमती है, इसे व्यर्थ न बहाएं'- यह पंक्तियां अक्सर टंकियों और दीवारों पर लिखी दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि न तो आम जनता और न ही संबंधित विभाग पानी के महत्व को पूरी तरह समझ पाए हैं। जंगलों में पेड़ों की संख्या कम होती जा रही है और उनकी जगह खरपतवार और अन्य पौधे बढ़ते जा रहे हैं। अवैध कटान के कारण पर्यावरण संतुलन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश में गर्मी की तीव्रता बढ़ती जा रही है और इसका असर आम लोगों के साथ-साथ पर्यटकों पर भी पड़ रहा है।

बदलते सामाजिक परिवेश के कारण हर व्यक्ति पक्का मकान बनाना चाहता है। शहरीकरण और कंक्रीट के बढ़ते उपयोग के कारण जमीन में पानी का प्राकृतिक रिसाव कम हो गया है। इससे भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। सरकार हर वर्ष पौधरोपण पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन कई बार ऐसे पौधे लगाए जाते हैं जो जमीन की नमी को कम कर देते हैं। इससे जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता। जल स्तर में लगातार गिरावट भविष्य के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। इसके अलावा जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली भी कई बार सवालों के घेरे में रहती है। जगह-जगह पानी की पाइपलाइन में रिसाव होता रहता है, लेकिन उसे समय पर ठीक करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए जाते। जब पानी इस तरह व्यर्थ बहता है तो जल संरक्षण के अभियानों का महत्व कम हो जाता है।



पेड़ों की घटती संख्या और बढ़ते अवैध खनन ने भी जल स्रोतों को प्रभावित किया है। नतीजतन नलकूप, हैंडपंप, कुहलों, तालाबों, बावड़ियों और कुओं जैसे पारंपरिक जल स्रोत भी सूखने लगे हैं। कई स्थानों पर लगाए गए हैंडपंप और जल आपूर्ति योजनाएं बिना पानी के बेकार साबित हो रही हैं। गर्मियों की शुरुआत होते ही पानी की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का परिणाम हमेशा मानव समाज को ही भुगतना पड़ता है। जंगलों में अवैध कटान और आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है। पेड़ ही वह स्रोत हैं जो वातावरण में ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और वर्षा च, को संतुलित बनाए रखते हैं। जब पेड़ों की संख्या कम होती है तो वर्षा का संतुलन भी बिगड़ जाता है।

पेड़ों की जड़ें पहाड़ों को मजबूती से पकड़कर रखती हैं, जिससे भूस्खलन की घटनाएं कम होती हैं, लेकिन जब जंगलों का विनाश होता है तो पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा खेती में रासायनिक खादों का अत्यधिक उपयोग भी जमीन की नमी को कम कर देता है, जिससे सिंचाई के लिए अधिक पानी की आवश्यकता पड़ती है। हालांकि सरकार ने अवैध खनन को रोकने के लिए नई नीतियां बनाई हैं, लेकिन पहले से हो चुके अत्यधिक खनन का असर जल स्रोतों पर पड़ चुका है। नहरों, कुहलों और नलकूपों में पानी की कमी के कारण किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

जल संकट से निपटने के लिए सरकार तालाबों, कुओं, बावड़ियों और जल टैंकों के निर्माण तथा मरम्मत पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन यदि वर्षा ही पर्याप्त मात्रा में नहीं होगी तो इन योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए सबसे पहले पर्यावरण संतुलन को बहाल करना आवश्यक है। समस्या का समाधान तभी संभव है जब सरकार के साथ आम जनता भी अपनी जिम्मेदारी समझे। अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाए, अवैध कटान और खनन को रोका जाए तथा पानी के उपयोग में सावधानी बरती जाए। स्कूलों और कॉलेजों में राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी संस्थाओं के माध्यम से नियमित रूप से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

जल शक्ति विभाग को भी सार्वजनिक स्थानों पर व्यर्थ बहने वाले पानी को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने होंगे। यदि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में पानी की समस्या और विकराल हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आस्था और लोककथा का प्रतीक श्री त्रिलोचन महादेव मंदिर

आज हम बात कर रहे हैं श्री त्रिलोचन महादेव जी की जिनका भव्य मंदिर जिला चंबा में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए चंबा-भरमौर के धरवाला के समीप स्थित है। ऐसा माना जाता है कि श्री त्रिलोचन जी मूलतः भरमौर के गांव साचुई के निवासी थे।

सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

साचुई एक ऐसा गांव जिसे प्राचीनकाल से ही शिवजी के चेलों का गांव कहा जाता है। भरमौर के एक छोर पर बसे इस गांव में समय के साथ काफी बदलाव आया है, लेकिन गांव में बने लकड़ी तथा स्लेटयुक्त मकान आज भी अपनी प्राचीनता को उजागर करते हैं। गांव के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि रहा है, हालांकि समय के साथ यहां के कई लोग शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर भी पहुंचे हैं।

कहा जाता है कि भरमौर की स्थापना के समय साचुई गांव में कुछ परिवार निवास करते थे। एक दिन भगवान शिव ने गद्दी के वेश में गांव में आकर एक घर में आटा और नमक मांगा। उस घर में रहने वाली एक वृद्ध महिला ने कहा कि उनके पास आटा और नमक नहीं है, लेकिन गद्दी रूप में आए शिवजी ने कहा कि उनकी रसोई में लकड़ी के संदूक में आटा और बोरी में नमक रखा हुआ है। जब महिला ने अंदर जाकर देखा तो सचमुच वहां आटा और नमक मौजूद था। यह देखकर वह आश्चर्यचकित हो गई और श्रद्धा से आटा और नमक उस गद्दी को दे दिया।

इसके बाद शिवजी ने महिला से कहा कि यदि वह अपने बेटे त्रिलोचन को हडसर तक उनके साथ भेज दे, तो बदले में उसे एक भेड़ दी जाएगी। महिला ने अपने विवाहित पुत्र त्रिलोचन को उनके साथ भेज दिया। रास्ते में शिवजी ने कहा कि उनकी कुछ भेड़ें धनछो की ओर चली गई हैं और यदि त्रिलोचन वहां तक साथ चले तो उसे एक और भेड़ मिलेगी। इस प्रकार दोनों भेड़ों के झुंड के साथ चलते हुए मणिमहेश झील के पास पहुंच गए। वहां पहुंचकर शिवजी अचानक झील में कूद गए और त्रिलोचन भी उनके पीछे झील में उतर गए। झील के भीतर त्रिलोचन एक दिव्य स्थान पर पहुंचे, जहां शिवजी ने उनसे पूछा कि वे क्या काम जानते हैं। त्रिलोचन ने बताया कि वे दर्जी का काम जानते हैं। तब शिवजी ने उन्हें कुछ चोले सिलने के लिए दिए। लगभग पांच-छह महीने तक त्रिलोचन वहां भगवान शिव के साथ रहे। अंत में प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें दर्शन दिए और आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज से तुम त्रिलोचन महादेव कहलाओगे और तुम्हारे कुल के लोग मेरे चेले होंगे।

इसके बाद शिवजी ने उन्हें वापस घर भेजते हुए यह भी कहा कि इस रहस्य को किसी से भी न बताएं। उन्होंने आंखें बंद करने को कहा और जब त्रिलोचन ने आंखें खोलीं तो वे भरमाणी माता के मंदिर के पास एक खेत में खड़े थे। घर लौटने पर उनकी मां और पत्नी अत्यंत प्रसन्न हुईं, क्योंकि वे उन्हें मृत समझ चुकी थीं। कुछ समय बाद उनकी पत्नी ने उनसे बार-बार पूछा कि वे इतने दिनों तक कहां रहे और उनके पास आया सोना-चांदी कहां से आया।

अंततः पत्नी के आग्रह पर त्रिलोचन ने ज्येष्ठ रविवार को सच्चाई बताई। जैसे ही उन्होंने पूरी कथा सुनाई, उसी क्षण उनके घर की छत फट गई और वे वहां से निकलकर दूसरे स्थानों पर जा गिरे। आगे की घटनाओं में उन्होंने कई स्थानों पर चमत्कार किए और अंततः रावी नदी में बहते हुए एक स्थान पर पत्थर रूप में स्थापित हो गए।

बाद में स्थानीय लोगों ने श्रद्धा से उस स्थान पर श्री त्रिलोचन महादेव का मंदिर बनवाया। आज यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था का केंद्र है और यहां आने वाले श्रद्धालु भगवान शिव के इस दिव्य रूप के दर्शन कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कांगड़ा घाटी रेल सेवा को सीमित करने की चर्चा चिंता का विषय

कांगड़ा घाटी की ऐतिहासिक और जनजीवन से गहराई से जुड़ी कांगड़ा घाटी रेल सेवा को पठानकोट से हटाकर डलहौजी मार्ग स्टेशन तक सीमित करने की चर्चाओं ने पूरे कांगड़ा क्षेत्र के लोगों को गहरी चिंता में डाल दिया है।

सतीश शर्मा
समाजसेवी, पंचरुखी, जिला कांगड़ा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बताया जा रहा है कि पठानकोट के रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम को इस निर्णय का कारण माना जा रहा है, किंतु यह तर्क न तो दूरदर्शी है और न ही जनहित के अनुरूप प्रतीत होता है।

यदि कांगड़ा घाटी रेल को डलहौजी मार्ग स्टेशन से चलाया जाता है, तो यात्रियों को पठानकोट और पठानकोट छावनी तक पहुंचने के लिए लगभग दस किलोमीटर अतिरिक्त दूरी बसों या टैक्सियों से तय करनी पड़ेगी।

इससे आम यात्रियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही समय और धन दोनों की अनावश्यक हानि भी होगी, जिसका सीधा असर लोगों की दिनचर्या पर पड़ेगा।

यह भी उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पहले तक यही रेल सेवा बिना किसी बड़ी समस्या के नियमित रूप से पठानकोट तक चलती रही है। उस समय भी रेलवे फाटकों पर जाम की स्थिति रहती थी, फिर भी रेल सेवा को सीमित करने की आवश्यकता नहीं समझी गई। आज उसी कारण को आधार बनाकर इस रेल सेवा को पठानकोट से हटाने की चर्चा करना कई प्रश्न खड़े करता है।

वास्तव में समस्या का समाधान रेल सेवा को सीमित करना नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। पठानकोट स्टेशन के आसपास जहां रेलवे फाटक हैं, वहां अंडरपास या ऊपर से जाने वाले पुल बनाकर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जा सकता है। इससे शहर का यातायात भी सुचारु रहेगा और रेल सेवा भी बिना किसी बाधा के जारी रह सकेगी।

कुछ समय पहले चक्की पुल के बह जाने के कारण कांगड़ा घाटी रेल सेवा लंबे समय तक बंद रही थी। इस कारण क्षेत्र के लोगों को पहले ही काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। अब जब चक्की पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और रेलवे के सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण तथा परीक्षण भी कर लिया गया है, तो लोगों को उम्मीद है कि यह ऐतिहासिक रेल सेवा जल्द ही पहले की तरह पठानकोट तक सुचारु रूप से शुरू होगी। ऐसे समय में इसे पठानकोट से हटाकर डलहौजी मार्ग तक सीमित करने की बात करना लोगों की उम्मीदों के विपरीत है।

पठानकोट कांगड़ा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है। साथ ही यह हिमाचल प्रदेश का एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार भी माना जाता है। ऐसे महत्वपूर्ण शहर से इस रेल सेवा को हटाने या सीमित करने का कोई भी निर्णय क्षेत्र की जनता के हितों के विरुद्ध होगा। दुर्भाग्य की बात यह है कि इस महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की ओर से अब तक अपेक्षित स्तर पर आवाज़ उठती दिखाई नहीं दे रही है।

कांगड़ा क्षेत्र की जनता अपने सांसदों, विधायकों और संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा करती है कि वे इस विषय को गंभीरता से लें और कांगड़ा घाटी रेल सेवा को पूर्ववत पठानकोट तक बनाए रखने के लिए ठोस पहल करें।

कांगड़ा घाटी की यह ऐतिहासिक रेल सेवा केवल एक यातायात साधन नहीं है, बल्कि क्षेत्र की पहचान और लाखों लोगों की जीवनरेखा भी है। इसे कमजोर करने या सीमित करने का कोई भी प्रयास कांगड़ा क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय के समान होगा।

इसलिए आवश्यक है कि इस सेवा को पहले की तरह पूर्ण रूप से संचालित रखा जाए और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

ईरान पर हमला और भारत में मातम-संकीर्ण राजनीति देश के लिए घातक

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान पर हुए हमले के बाद भारत के भीतर जिस प्रकार की राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, वह गंभीर चिंतन का विषय बन गई हैं। किसी भी देश पर हमला होना स्वाभाविक रूप से चिंता और संवेदना का विषय होता है, क्योंकि युद्ध और हिंसा किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकते, लेकिन इस संदर्भ में यह प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या किसी विदेशी राष्ट्र की त्रासदी को भारत की आंतरिक राजनीति का विषय बना देना उचित है?

शिशु गुप्ता
स्वतंत्र लेखक, चंबा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत एक संप्रभु और परिपक्व लोकतांत्रिक राष्ट्र है, जिसकी विदेश नीति भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से नहीं बल्कि संतुलित कूटनीति, रणनीतिक हितों और दीर्घकालिक राष्ट्रीय उद्देश्यों से संचालित होती है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने विश्व मंच पर शांति, सह-अस्तित्व और संवाद की नीति को अपनाया है। अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के समय भारत ने अक्सर संयमित और संतुलित रुख अपनाते हुए वैश्विक स्थिरता को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि आज भारत को एक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण वैश्विक शक्ति के रूप में देखा जाता है।

इसके बावजूद जब देश के भीतर कुछ राजनीतिक समूह और दल अंतरराष्ट्रीय घटनाओं को घरेलू राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने लगते हैं, तो यह प्रवृत्ति चिंताजनक हो जाती है। ईरान पर हुए हमले को लेकर जिस प्रकार कुछ स्थानों पर भावनात्मक माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, वह इस बात की ओर संकेत करता है कि वैश्विक घटनाओं को भी आंतरिक राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियां न केवल मुद्दे की गंभीरता को कम करती हैं, बल्कि समाज में अनावश्यक भावनात्मक ध्रुवीकरण भी पैदा कर सकती हैं। दरअसल, विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का क्षेत्र अत्यंत जटिल और संवेदनशील होता है। इसमें भावनाओं से अधिक महत्व रणनीति, कूटनीतिक संतुलन और राष्ट्रीय हितों का होता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश के लिए यह और भी आवश्यक है कि वह किसी भी अंतरराष्ट्रीय संकट पर प्रतिक्रिया देते समय संतुलित दृष्टिकोण अपनाए। भारत के ऊर्जा हित, व्यापारिक संबंध, सामरिक साझेदारियां और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे कई पहलू ऐसे हैं जो विदेश नीति को प्रभावित करते हैं। ऐसे में किसी एक घटना को लेकर भावनात्मक उन्माद पैदा करना न तो व्यावहारिक है और न ही दूरदर्शी।

इसके साथ ही यह भी समझना आवश्यक है कि भारत का समाज बहुलतावादी और संवेदनशील है। यहां विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग रहते हैं। यदि बाहरी घटनाओं के आधार पर देश के भीतर राजनीतिक ध्रुवीकरण की कोशिश की जाती है, तो इसका असर सामाजिक समरसता पर पड़ सकता है। राजनीति का उद्देश्य समाज को जोड़ना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना होना चाहिए, न कि विभाजन की रेखाएँ और गहरी करना।

आज भारत की जनता पहले से अधिक जागरूक और विवेकशील हो चुकी है। वह यह समझती है कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होते हैं और विदेश नीति का निर्धारण भी उसी आधार पर होना चाहिए। किसी भी अंतरराष्ट्रीय संकट के प्रति संवेदना व्यक्त करना मानवीय दृष्टि से स्वाभाविक है, लेकिन उसे घरेलू राजनीति का औजार बना देना लोकतांत्रिक परिपक्वता के अनुरूप नहीं माना जा सकता।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका केवल एक क्षेत्रीय शक्ति तक सीमित नहीं रही है, बल्कि वह एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। ऐसे समय में यह और भी आवश्यक हो जाता है कि देश के भीतर राजनीतिक विमर्श जिम्मेदार और संतुलित हो। अंतरराष्ट्रीय संकटों पर प्रतिक्रिया देते समय राष्ट्रीय हित, कूटनीतिक विवेक और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देना ही एक परिपक्व लोकतंत्र की पहचान है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

नाचन में ताशमारों एवं जुआरियों ने बिगाड़ा माहौल

स्कूल के प्रांगण में ताश खेलते लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के महादेव ग्राम पंचायत में ताश और जुआ खेल का बढ़ता जमावड़ा माहौल बिगाड़ रहा है। स्थानीय युवाओं के बीच ताश के खेल की आड़ में जुआ खेलना आम होता जा रहा है, जिससे सामाजिक और नैतिक स्थिति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। सूचना है कि स्कूल प्रांगण में यह खेल देर शाम तक जारी रहता है, जो शिक्षा संस्थान के रूप में बेहद लज्जा की बात है। विशेषज्ञों और ग्रामीणों का कहना है कि नशे की हालत में खेला जाने वाला यह जुआ युवा वर्ग को बिगाड़ रहा है और भविष्य पर सवालिया निशान लगा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि इस दिशा में तुरंत कार्रवाई की जाए और स्कूल सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ताश-जुआ खेलने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि सामाजिक बुराई को नियंत्रित किया जा सके।

लडभड़ोल कॉलेज में हुई इंटरैक्टिव कार्यशाला

कार्यशाला के दौरान सामूहिक चित्र में स्टूडेंट्स व शिक्षक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थियों में सांख्यिकी के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'सपोर्ट फॉर स्टैटिस्टिक्स स्ट्रेंथनिंग' योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को दैनिक जीवन तथा विभिन्न क्षेत्रों में सांख्यिकीय उत्पादों के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रकाश चौहान ने की। चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में सांख्यिकी का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। नीति निर्माण, आर्थिक विकास, शोध कार्य तथा दैनिक जीवन में सही निर्णय लेने के लिए सांख्यिकीय आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस विषय में अधिक रुचि लेने और इसके व्यावहारिक उपयोग को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. तिलक शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में सांख्यिकीय ज्ञान और जागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में आंकड़ों के सही उपयोग को समझ सकें। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने सांख्यिकी से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों द्वारा उनके समाधान दिए गए। इस अवसर पर डॉ. मुनीष ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

चतरौर पंचायत के गठन पर जनता खुश

अनंत ज्ञान, रिवालसर। वर्षों से लंबित चली आ रही चतरौर निवासियों की मांग पूरी हुई है। बल्ह विकास खंड की सकरोहा पंचायत को विभाजित कर एक और पंचायत क्षेत्र चतरौर का गठन हुआ है। नई पंचायत के गठन पर यहां के लोगों में खुशी का माहौल है। शनिवार को भारी संख्या में चतरौर निवासियों जिसमें मनीष, पुष्पराज, पूर्व प्रधान गोकुल, ताराचंद, बलिराम, चमन, बलदेव, भागीरथ, उमेश ओम प्रकाश गोकुल, राजू, चंपा, सोनू, देशराज, गीता सहित अन्य लोगों ने पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी के निवास स्थान पहुंच अपनी खुशी जाहीर करते हुये इस सौगात के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी का आभार व धन्यवाद प्रकट किया है। वहीं पूर्व मंत्री ने लोगों बधाई देते हुये बताया की उन्होंने बल्ह क्षेत्र से सरकार के समक्ष चार नई पंचायतों के गठन मांग रखी थी तथा इस सबंध में पंचायतीराज मंत्री और मुख्यमंत्री से स्वयं मिलकर लोगों की मांग को प्रभावी ढंग से रखा था। जिस पर सरकार ने उनकी मांग पर मुहर लगाते हुये करनेड़ा, चतरौर, टिक्कर को नई पंचायत का दर्जा देकर बल्ह निवासियों को यह बड़ी सौगात दी है।

सुकेत देवता मेले की ओर शुरू हुई देवताओं की पैदल यात्रा

23 से 27 मार्च तक सुकेत नगरी में गूंजेगी नगाड़ों और देवरथों की ध्वनि

अनंत ज्ञान

देव श्री नाग च्वासी सिद्ध महोग।

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर। राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला-2026 में शिरकत करने के लिए देवी-देवता सुकेत नगरी की राह पकड़ने जा रहे हैं। इसके अंतर्गत उपमंडल करसोग के महोग क्षेत्र के देव श्री च्वासी सिद्ध लगभग 180 वर्षों के बाद 18 मार्च को अपनी मंदिर से सुंदरनगर के लिए देवरथ और सैंकड़ों देवलुओं तथा बजंतरियों सहित लगभग 170 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू कर देंगे।

जानकारी देते हुए सुकेत सर्व देवता कमेटी के सचिव जयराम ने बताया कि इस वर्ष राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला-2026 का आयोजन 23 से 27 मार्च तक किया जा रहा है। इस मेले सुशोभित करने के लिए करसोग क्षेत्र के बखारी कोठी से देव श्री मूल मांहुनाग 15 मार्च, देव श्री महासू 18 मार्च और देव श्री बड़ेयोगी 19 मार्च को सुकेत देवता मेला में शिरकत करने के लिए विधिवत प्रस्थान करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंडी जनपद के आराध्य बड़ा देओ कमरूनाग सुकेत रोहांडा के मझोठी कोठी से 21 मार्च को अपने सूरजपखा के साथ काहुली और नगाड़ों संग सुंदरनगर के लिए देवलुओं सहित प्रस्थान करने जा रहे हैं।

- **170 किमी पैदल यात्रा कर 180 वर्षों बाद मेले में पहुंचेंगे देव श्री च्वासी सिद्ध महोग**
- **मूल मांहुनाग बखारी आज तो 21 मार्च को बड़ा देओ कमरूनाग मझोठी से होंगे रवाना**

वहीं, देव श्री सत बाड़ा देव नालनी अपनी कोठी से सुकेत देवता मेला के लिए देवलुओं सहित प्रस्थान कर चुके हैं। जयराम ने कहा कि अपनी पैदल यात्रा के दौरान सभी देवता विभिन्न स्थानों पर भक्तों का आतिथ्य स्वीकार करेंगे। उन्होंने बताया कि माहुंनाग ओड़की 23 और 21 मार्च को माहुंनाग जयदेवी तथा कामाक्षा भगवती जयदेवी 20 मार्च को सुंदरनगर के लिए निकलने जा रहे हैं।

धर्मपुर कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक समारोह में छात्रों को मिला सम्मान

मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर मुख्य अतिथि रहे। प्रो. पूजा भारद्वाज और प्रो. ओमप्रकाश ने मंच संचालन किया। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ समारोह की शुरुआत हुई।

प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने वर्षभर की शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। छात्रों ने मंडयाली लोकनृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विधायक चंद्रशेखर ने महाविद्यालय में स्थायी संबद्धता दिलाने और राजनीतिक विज्ञान में एमए कक्षाएं अगले शैक्षणिक सत्र से शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अन्य शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

बरोट व मुल्थान में बढ़ने लगी पर्यटकों की तादाद

अनंत ज्ञान

बरोट में घूमते पर्यटक। अनंत ज्ञान

रूपी ठाकुर, बरोट। छोटा भंगाल और चौहार घाटी के प्रमुख पर्यटन स्थल बरोट और मुल्थान में गर्मी शुरू होने से पहले ही पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। इस बार पहाड़ी क्षेत्रों में सर्दियों में बर्फबारी और निचले इलाकों में कम वर्षा के कारण मौसम जल्दी बदल गया, जिससे मैदानी क्षेत्रों में गर्मी समय से पहले बढ़ गई। गर्मी से राहत पाने के लिए पंजाब सहित अन्य राज्यों के पर्यटक इन घाटियों की ओर रुख कर रहे हैं।

बीते सप्ताह में ही क्षेत्र में 40-50 प्रतिशत पर्यटक पहुंच चुके हैं। बरोट और मुल्थान में होम स्टे, गेस्ट हाउस, रेस्ट हाउस और होटल में कई दिनों पहले से बुकिंग हो रही है। बरोट, मुल्थान, राजगुंधा, पलाचक, पनिहारटू, झटिंगरी और फुलाधार जैसे स्थल सैलानियों की पसंद बन रहे हैं।

पर्यटक उहल और लंबाडग नदियों के किनारे ठंडी हवाओं का आनंद ले रहे हैं। बरोट में दुर्गा माता मंदिर के पास पानी का फव्वारा और चौहार घाटी के रूलिंग नाला, कोठी कोहड़, जीरो प्वाइंट व लोआई क्षेत्र के जलप्रपात पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

चौहार-छोटा भंगाल घाटी में स्पीड ब्रेकर और शेड बनाने की उठी मांग

अनंत ज्ञान, बरोट। दुर्गम चौहार और छोटा भंगाल घाटी में बस यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। कई बस ठहरावों पर वर्षा से बचाव के लिए शेड नहीं हैं, जिससे यात्रियों को बारिश और धूप में खड़ा रहना पड़ता है। मुल्थान-बड़ा ग्रां सड़क मार्ग पर मुल्थान, दोपनी, चेलरा दी मलाह और थली में ही वर्षा शालिकाएं बनी हैं, जबकि दयोट, चांदनी चौक, सब्जी मंडी धरमाण, सरला, कोठी कोहड़, नलहौता और बड़ा ग्रां जैसे प्रमुख बस ठहरावों पर अब तक इनका निर्माण नहीं हो पाया है। बरोट-घटासनी सड़क मार्ग पर भी घटासनी, फियून गलू और बरोट में ही शेड बने हैं, जबकि झटिंगरी, देवता ढांक, पारला टिक्कन, मुख्य बाजार टिक्कन, सुराण, लचकंडी, वरधान सहित कई बस ठहरावों पर यात्रियों को सुविधा नहीं मिल रही है।

इसके अलावा चौहार घाटी की सड़कों पर स्पीड ब्रेकर भी नहीं बनाए गए हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। घाटीवासियों ने सरकार और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि यात्रियों की सुविधा के लिए सभी बस ठहरावों पर वर्षा शालिकाएं और संवेदनशील स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं।

पेंशनरों के लंबित एरियर और भत्तों पर सरकार की उदासीनता पर जताया रोष

अनंत ज्ञान

बैठक कर रोष जताते हुए पेंशनर्स। अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर। हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर-चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक शनिवार को मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर में संपन्न हुई। संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में हुई बैठक की शुरुआत स्वर्गीय प्रेम सिंह ठाकुर के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। महासचिव रमेश पठानिया ने बताया कि बैठक में पेंशनरों के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

शास्त्री ने कहा कि पेंशनर संघ गैर-राजनीतिक संगठन है और कुछ स्वयंभू नेताओं द्वारा पेंशनरों के अधिकारों पर की जा रही गलत टिप्पणियों की संघ कड़ी निंदा करता है। उन्होंने मुख्य रूप से 2016-2022 के बीच सेवानिवृत्त 40 हजार से अधिक पेंशनरों के वेतन संशोधन और एरियर की लंबित राशि को प्रमुख मुद्दा बताया।

प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र शर्मा और अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरकार बार-बार आश्वासन देने के बावजूद पेंशनरों के एरियर, महंगाई भत्ते और चिकित्सा बिल का भुगतान नहीं कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो इसका राजनीतिक असर हो सकता है। बैठक में बेली राम वर्मा, गोपाल चंद शर्मा, रघुवीर सिंह, श्याम सिंह ठाकुर, शेष राम वर्मा, हरदेव सिंह राणा सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे।

घुटने में तकलीफ है तो 18 को आएं वरिष्ठ नागरिक भवन मंडी

अनंत ज्ञान

मंडी। ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद 18 मार्च को अपने जेल रोड कुसुम थियेटर के सामने निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करेगी। यह जानकारी देते हुए जिला प्रधान रणपत सिंह राणा व मंडी सदर इकाई के प्रधान उमेश शर्मा ने बताया कि इस शिविर में घुटने के रोगियों की जांच की जाएगी व उनको जरूरी उपचार व परामर्श भी दिया जाएगा। यह जांच फोर्टिस अस्पताल मोहाली में तैनात घुटना रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ डा गगनदीप गुप्ता द्वारा की जाएगी। यह शिविर दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। परिषद ने ऐसे रोगियों जिनके घुटनों में लगातार अकड़ाहट, उठने बैठने व चलने में दर्द, दवाई लेने के बाद भी घुटनों में दर्द, दर्द के कारण चाल में बदलाव या लंगड़ाकर चलने आदि की दिक्कत है वह इस शिविर में जरूर पहुंचे व अपना चेक अप करवाएं।

सेवा संकल्प समिति 16 रोगियों को देगी 1.47 लाख की सहायता

बैठक करते हुए सेवा संकल्प समिति सरकाघाट के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सरकाघाट में सेवा संकल्प समिति की कार्यकारिणी की मासिक बैठक शनिवार को उपाध्यक्ष बृजलाल भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के लगभग 21 सदस्यों ने भाग लिया और विभिन्न सामाजिक व सेवा कार्यों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जरूरतमंद रोगियों की सहायता से जुड़े आवेदनों पर विचार किया गया। कुल 17 रोगियों के आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें से समिति के नियमों के अनुसार 16 रोगियों के आवेदन पात्र पाए गए। समिति के नियम के अनुसार किसी भी व्यक्ति को दो वर्षों में केवल एक बार ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योग्य पाए गए सभी 16 रोगियों को कुल 1 लाख 47 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि सेवा संकल्प समिति सरकाघाट वर्ष 2011 से निरंतर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय है। समिति अपने सदस्यों के सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य तथा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती रही है। इस अवसर पर राकेश कुमार पंकज, टेक चंद पटयाल, राधे लाल, रजनीश सकलाणी आदि उपस्थित रहे।

आईआईटी मंडी में 'एससीईई समर्थ्य-2026' का आयोजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ कम्प्यूटिंग एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (एससीईई) की ओर से दो दिवसीय शोध संगोष्ठी 'एससीईई समर्थ्य-2026' का तीसरा संस्करण 14 से 15 मार्च तक संस्थान परिसर में आयोजित किया जा रहा है। संगोष्ठी का उद्देश्य शोधार्थियों को अपने शोध कार्य प्रस्तुत करने के साथ ज्ञान के आदान-प्रदान और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में पीएचडी शोधार्थी और शोध छात्र पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से अपने शोध कार्य प्रदर्शित करेंगे। इससे उन्हें अपने कार्य पर विशेषज्ञों और अन्य शोधार्थियों से सुझाव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

संगोष्ठी में इंटेलिजेंट सिस्टम्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंट कम्युनिकेशन सिस्टम्स, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड ड्राइव्स, कंट्रोल एंड ऑटोमेशन तथा वीएलएसआई एंड डिजिटल टेक्नोलॉजीज जैसे क्षेत्रों में हो रहे शोध कार्यों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान शोध पोस्टर प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण रहेगा। संकाय सदस्यों की समिति पोस्टर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करेगी और उत्कृष्ट शोध कार्यों को बेस्ट पोस्टर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि ऐसे आयोजन युवा शोधार्थियों में शोध संस्कृति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपने विचार साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं। वहीं एससीईई के चेयरपर्सन आदित्य निगम ने कहा कि संवाद और सहयोग से शोध को नई दिशा मिलती है।संगोष्ठी के दौरान सांस्कृतिक संध्या, फिल्म प्रदर्शन और सामुदायिक रात्रिभोज जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

1965 और 1971 युद्ध के वीर सूबेदार प्रेम सिंह का निधन

अनंत ज्ञान

सूबेदार प्रेम सिंह को अंतिम विदाई देते हुए।

सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट के अतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत रखोह के गांव टिकरी निवासी 80 वर्षीय सूबेदार प्रेम सिंह का शुक्रवार को देहांत हो गया।

उन्होंने 1965 और 1971 के युद्धों में सक्रिय भाग लेकर सेना, क्षेत्र और भारत देश का मान बढ़ाया था, साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर इन्होंने कई खेल प्रतियोगिताओं में अहम भूमिका निभाई थी।

एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट के पदाधिकारियों ने सैन्य समान के साथ, रीत चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के 2 मिनट का मौन भी रखा। इस मौके पर लीग के चेयरमैन कैप्टन प्यार चंद बन्याल, सचिव कैप्टन बलदेव राज, कैप्टन रघवीर सिंह, कैप्टन प्रेम सिंह, सूबेदार मेजर विजय कुमार, नायब सूबेदार गुरदीप सिंह सहित कई स्थानीय लोगों ने इनकी अंतिम यात्रा में भाग लिया। हिमाचल एक्स सर्विसमैन लीग के प्रदेश अध्यक्ष (धर्मशाला) कर्नल वाईएस राणा व सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की है।

जोगिंद्रनगर में गरजे राकेश सिंघा स्मार्ट मीटर को बताया 'राक्षस'

अनंत ज्ञान

विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ चलाए जा रहे सीपीआईएम के जन आक्रोश जत्थे का शनिवार को जोगिंद्रनगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। जोगिंद्रनगर के मच्छयाल में सीपीआईएम नेता कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में हजारों लोग जत्थे के स्वागत के लिए एकत्रित हुए। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं की मौजूदगी भी देखने को मिली, जिन्होंने बढ़-चढ़कर इस जनसभा में भाग लिया।

इस मौके पर आयोजित जनसभा में सीपीआईएम के पूर्व विधायक राकेश सिंघा, नेता संजय चौहान और डॉ. विक्रम सिंह ने केंद्र सरकार की विभिन्न नीतियों का विरोध जताया। नेताओं ने बिजली के स्मार्ट मीटर, मनरेगा में बदलाव तथा मजदूर वर्ग से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा। कलाकारों ने नुक्कड़ नाट्य मंचन के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों पर व्यंग्यात्मक प्रहार करते हुए आम जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। राकेश सिंघा ने अपने संबोधन में स्मार्ट मीटर को 'राक्षस' की संज्ञा देते हुए कहा कि जोगिंद्रनगर की जनता बधाई की पात्र है, जिन्होंने अपने घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए। जोगिंद्रनगर की जनता, खासकर माताएं और बहनें, कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में लगातार स्मार्ट मीटर के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सीपीआईएम का यह जन आक्रोश जत्था 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचेगा, जहां देशभर से आए लोग केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

इस दौरान माकपा नेताओं राकेश सिंघा और डॉ. विक्रम सिंह ने हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के अधिकारों को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आरडीजी के हक को छीनना, मनरेगा में बदलाव करना तथा बिजली संशोधन विधेयक जैसे कदम मजदूर वर्ग और आम जनता के हितों के खिलाफ हैं। नेताओं ने केंद्र सरकार को मजदूर विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां कारपोरेट घरानों के हित में बनाई जा रही हैं।

विरोध स्मार्ट मीटर और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ लगाए नारे

भराड़ी में सीपीएम का आक्रोश, नुक्कड़ नाटक से घेरा केंद्र

अनंत ज्ञान

विरोध प्रदर्शन करते हुए महिलाएं।

रितेश चौहान, सरकाघाट। धर्मपुर क्षेत्र के भराड़ी-सजाओपीपलु में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) के राज्य स्तरीय जन आक्रोश जत्थे ने नुक्कड़ नाटक और गीतों के जरिए केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। साथ ही 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली राष्ट्रीय रैली में बड़ी संख्या में भागीदारी करने का आह्वान किया।

जत्थे के पहुंचने से पहले स्मार्ट बिजली मीटर और सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के विरोध में रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व भूपेंद्र सिंह ने किया, जबकि जनसभा की अध्यक्षता डॉ. विजय कौशल, सुरेश शर्मा और रणताज राणा ने की। सभा को पार्टी नेता एवं पूर्व विधायक राकेश सिंघा, राष्ट्रीय सचिवमंडल सदस्य विक्रम सिंह, राज्य नेता संजय चौहान और भूपेंद्र सिंह ने संबोधित किया।

नुक्कड़ नाटक टीम का नेतृत्व डॉ. प्रवीण जरेट और महिला समिति की प्रदेश अध्यक्ष रंजना जरेट ने किया। नाटक और गीतों के माध्यम से श्रम कानूनों की जगह लागू किए गए चार श्रम कोड, बिजली क्षेत्र के निजीकरण, मनरेगा व आरडीजी ग्रांट में कटौती, व्यापार समझौतों और किसान विरोधी नीतियों जैसे मुद्दे उठाए गए।

पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र को निजी कंपनियों के हवाले करने की दिशा में काम कर रही है और उसी कड़ी में बिजली क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि हिमाचल को मिलने वाली राजस्व घाटा ग्रांट खत्म होने से राज्य की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा और जनता को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती हो सकती है। मनरेगा में प्रस्तावित बदलावों को भी मजदूर विरोधी बताया गया।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने स्याठी और हियूंण गांवों के आपदा प्रभावितों को अभी तक जमीन न मिलने, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में कथित खामियों, अवैध डंपिंग जैसे मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि धर्मपुर में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का विरोध किया जाएगा और उपभोक्ताओं को एकजुट कर इन्हें लगाने से रोका जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

ऊना जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न दें: राजीव

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राजीव शर्मा ने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के कारण कुछ गैस एजेंसियों में उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ रही है। राजीव शर्मा ने अपील की कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक सिचुएशन पैदा न करें। उन्होंने कहा कि सिलेंडर घर बैठे मोबाइल, व्हाट्सऐप, एसएमएस, एप्लीकेशन या ऑनलाइन पोर्टल से बुक किए जा सकते हैं। प्रत्येक एजेंसी ने इसके लिए संपर्क नंबर भी जारी किए हैं।

फ्लाइंग स्क्वायड ने परीक्षा केंद्रों को जांचा

अनंत ज्ञान, ऊना। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं के तहत शनिवार को दसवीं कक्षा के विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान जिला ऊना में फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण) नीलम कुमारी की अध्यक्षता में गठित टीम ने संतोषगढ़ और आसपास के कई स्कूलों में स्थापित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। टीम को सभी केंद्रों पर परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित होती मिलीं, हालांकि कुछ स्थानों पर छोटी कमियों को दूर करने के निर्देश भी दिए गए।

एनडीपीएस अधिनियम के तहत 570 मामले लंबित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला मुख्यालय बिलासपुर के बचत भवन में अभियोजन निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा मादक द्रव्यों से जुड़े मामलों में कानूनी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने की। कार्यशाला में अभियोजन निदेशक संजीव कटोच, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, संयुक्त निदेशक रणदीर परमार, जिला न्यायवादी सी. एस. भाटिया सहित मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, हमीरपुर, ऊना, सीलन और शिमला के न्यायवादी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को मादक पदार्थों की जब्ती, सीलिंग, नमूना संग्रहण और विधिसम्मत निस्तारण प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि जिले में एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्तमान में 570 मामले लंबित हैं, जबकि 51 मामलों का निपटारा हो चुका है। विशेषज्ञों ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और प्रक्रिया का सही पालन आवश्यक होने पर जोर दिया, ताकि न्यायिक मामलों का प्रभावी निपटान सुनिश्चित किया जा सके।

हेमानंद बने अमलैहड़ आश्रम के नए गद्दीनशीन

अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर। शनिवार को अमलैहड़ स्थित आश्रम में श्री श्री 1008 स्वामी हेमानंद महाराज जी विधिवत रूप से गद्दी पर विराजमान हुए। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे और महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी सुग्रीवानंद महाराज के स्वर्गवास के बाद उनके शिष्य स्वामी हेमानंद महाराज पहली बार गद्दी पर बैठे हैं। इस ऐतिहासिक मौके पर आश्रम परिसर भक्तों से भरा रहा और लोगों ने गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इससे पहले स्वामी हेमानंद महाराज अपने अनुयायियों के साथ एक विशाल चेतना यात्रा भी निकाल चुके हैं, जिसमें धर्म और समाज के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

बाबा बाल जी महाराज को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमोत्कर्ष परिषद ऊना के पदाधिकारियों ने बाबा बाल जी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर आश्रम पहुंचकर उन्हें बधाई दी और सम्मानित किया। परिषद के सदस्यों ने बाबा बाल जी महाराज को फूलमाला व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान प्रकट किया तथा उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घ आयु की कामना की। इस मौके पर हिमोत्कर्ष के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, प्रदेश महासचिव यशपाल सिंह ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णपाल शर्मा, जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया, संगठन सचिव राजीव भनोट सहित मुनिंद्र अरोड़ा, मंजू मनकोटिया, अनीति सूद, राजन पुरी, विश्वास कंवर व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

तृषा ने इंस्पायर मानक अवॉर्ड किया हासिल

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राजकीय उच्च विद्यालय चुवाडी की कक्षा सातवीं की छात्रा तृषा, सुपुत्री स्वर्गीय दीपक ने इंस्पायर मानक अवॉर्ड जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया। इस पुरस्कार के तहत सरकार द्वारा वैज्ञानिक खोज और नवाचार के लिए चयनित विद्यार्थियों को 10,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्य मति भावना ने तृषा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और विज्ञान अध्यापिका ममता को मार्गदर्शन के लिए विशेष धन्यवाद दिया। यह सफलता न केवल तृषा बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का अवसर है।

पहले कांग्रेस अपनी गारंटियां करे पूरी : शर्मा

अनंत ज्ञान, ऊना। भारतीय जनता युवा मोर्चा ऊना के सोशल मीडिया संयोजक राहुल शर्मा ने बंगाणा में आयोजित कांग्रेस की जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा भाजपा नेता दविंद्र भुट्टो के लिए कथित अमर्यादित भाषा के प्रयोग की निंदा की है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे मुख्यमंत्री से इस प्रकार की भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। राहुल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के समय प्रदेश की जनता से कई गारंटियां की थीं, लेकिन आज तक उनके स्पष्ट परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने और युवाओं को रोजगार देने के वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने सरकार से पहले अपने वादे पूरे करने और जनता की समस्याओं पर ध्यान देने की मांग की।

युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान, नयना देवी। राजकीय महाविद्यालय श्री नयना देवी जी द्वारा महाविद्यालय परिसर में अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और जागरूकता व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कुमार ने की। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और नशे तथा एड्स जैसी गंभीर बीमारियों से सतर्क करना था। विशेषज्ञों ने घैर-ड्रग एडिक्शन और एड्स रोकथाम पर व्याख्यान दिया और युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। चिकित्सा टीम ने विद्यार्थियों के ब्लड टेस्ट सहित स्वास्थ्य की गहन जांच की। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. पंकज कुमार ने किया और सहायक प्राध्यापक सुभाष, डॉ. अजय कुमार, अधीक्षक विजय व विकास शर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

भाजपा युवा नेता का कांग्रेस पर तीखा हमला

अनंत ज्ञान, ऊना। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अरुण कौशल ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान मध्य पूर्व युद्ध के कारण उत्पन्न गैस संकट उतना ही गंभीर है जितना कांग्रेस शासनकाल में अक्सर देखने को मिलता था। उन्होंने कहा कि उस समय सिलेंडर बुकिंग के बाद हफ्तों इंतजार करना पड़ता था और कालाबाजारी व कमजोर वितरण प्रणाली आम बात थी। कौशल ने कहा कि मौजूदा संकट अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों से पैदा हुआ है, लेकिन सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देकर स्थिति संभाल रही है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार की योजनाओं से गैस कनेक्शन घर-घर तक पहुंचे हैं और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

व्हीलचेयर और पोर्टेबल टॉयलेट सीट की भेंट

अनंत ज्ञान, अंब। ग्राम पंचायत जोल के गांव भलोन की निवासी केसरी देवी, जो पिछले करीब 20 वर्षों से चलने-फिरने में असमर्थ हैं, को चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी और भाजपा नेता इंजीनियर रामपॉल ने व्हीलचेयर और पोर्टेबल टॉयलेट सीट चेयर भेंट की। ईआरडी फाउंडेशन दिल्ली के सहयोग से उपलब्ध कराई गई इस सुविधा से अब केसरी देवी को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। केसरी देवी के पति बिहारी लाल शर्मा ने रामपॉल का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सहयोग परिवार के लिए बड़ी राहत साबित हुआ है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे समाजसेवा का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया।

समावेशी खेल महोत्सव में दिखाया हौसला

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। लूहनू मैदान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए समावेशी खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांग कल्याण संघ के लगभग 20 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। नींबू रेस, 100 मीटर दौड़ और शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किए। जिला कल्याण विभाग ने विजेताओं को मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महासचिव रचना कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम दिव्यांगजनों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी और जिला अधिकारी उपस्थित रहे और आयोजन की सराहना की।

विकास ही मेरी राजनीति का उद्देश्य, जनता कहेगी तो फिर लड़ूंगा चुनाव: सुभाष

*बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के **पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर** ने अपने राजनीतिक जीवन, विकास कार्यों, वर्तमान सरकार की कार्यशैली और भविष्य की योजनाओं को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि राजनीति में उनका कोई खानदानी आधार नहीं था, फिर भी जनता के विश्वास के बल पर उन्होंने विकास कार्यों को आगे बढ़ाया। दैनिक अनंत ज्ञान के बिलासपुर जिला के ब्यूरो प्रभारी **अरुण डोगरा रीतू** ने उनसे खुलकर बातचीत की प्रस्तुत हैं बातचीत के मुख्य अंश...*

सवाल: अपने विधायक कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि किसे मानते हैं?

जवाब: मेरे विधायक कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि यही रही कि मैंने लोगों का विश्वास जीता। जनता को मुझसे जो उम्मीदें थीं, उन्हें पूरा करने का प्रयास किया। स्वास्थ्य सुविधाएं, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण और पर्यटन विकास मेरे कार्यकाल के प्रमुख केंद्र रहे। विद्यार्थी जीवन से ही सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहा और विभिन्न पदों पर काम करने का अनुभव भी मिला। इसी अनुभव के आधार पर विकास कार्यों को गति देने की कोशिश की। पर्यटन के क्षेत्र में लगभग 25 वर्षों के बाद पैराग्लाइडिंग को मान्यता दिलवाई और नेशनल स्तर के टूर्नामेंट आयोजित करवाए। इसके अलावा भी कई कार्य किए, जिनकी जानकारी लोग स्वयं भी प्राप्त कर सकते हैं।

सवाल: लोग आपको 'सॉफ्ट विधायक' क्यों कहते हैं?

जवाब: मैंने जो कुछ भी किया, अपने दम पर किया। राजनीति में मेरा कोई पारिवारिक बैकग्राउंड नहीं रहा। विधायक रहते हुए मेरे परिवार ने कभी भी सरकारी कामों या राजनीति में हस्तक्षेप नहीं किया। मैंने बदले की राजनीति नहीं की और न ही बदला-बदली की नीति अपनाई। मेरा उद्देश्य केवल विकास कार्यों को आगे बढ़ाना रहा। शायद इसी कारण लोग मुझे सॉफ्ट विधायक भी कहते हैं।

पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर बातचीत करते हुए।

सवाल: क्या आप फिर से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं?

जवाब: जब मैं विधायक था तब भी लोगों के बीच रहता था और उनके काम करता था। आज विधायक नहीं हूं तब भी जनता के बीच ही रहता हूं। मैंने हमेशा सादगी और ईमानदारी से काम किया है। अगर क्षेत्र की जनता चाहेगी तो निश्चित रूप से चुनाव लड़ूंगा, क्योंकि मेरा एकमात्र उद्देश्य बिलासपुर का विकास करना है।

सुभाष ठाकुर
पूर्व विधायक
अनंत ज्ञान | विशेष बातचीत

सवाल: बिलासपुर में बने एम्स को आप कैसे देखते हैं?

जवाब: एम्स का निर्माण वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में यह मील का पत्थर साबित हुआ है। हालांकि स्थानीय युवाओं और लोगों को रोजगार मिलने की जो उम्मीद थी, वह पूरी तरह से पूरी नहीं हो पाई है। इसी वजह से युवाओं में कुछ हद तक असंतोष भी देखने को मिल रहा है।

सवाल: वर्तमान सरकार के कामकाज पर आपका क्या कहना है?

जवाब: मेरा मानना है कि बिलासपुर में फिलहाल कोई बड़ा काम नहीं हो रहा है। मेरे कार्यकाल में हरलोग में सब-तहसील, कुठेड़ा में आईपीएच डिवीजन और बरमाना में पीएचसी जैसी सुविधाएं शुरू की गई थीं, लेकिन वर्तमान सरकार ने इनको बंद कर दिया। तीन वर्षों में कोई नई बड़ी योजना भी क्षेत्र को नहीं मिली। फोरलेन बनने से विकास जरूर हुआ है, लेकिन बरमाना से किरतपुर तक पुराने मार्ग पर ढाबा संचालक, टायर पंचर और मैकेनिक जैसे छोटे कारोबारियों का रोजगार प्रभावित हुआ है। उनके बारे में न प्रशासन ने सोचा और न ही सरकार ने और न ही वर्तमान नेतृत्व ने।

सवाल: हिमाचल की आर्थिक स्थिति को लेकर आपका क्या मत है?

जवाब: प्रदेश की आर्थिक स्थिति डांवाडोल होने के पीछे मुख्य कारण मिस-मैनेजमेंट है। प्रदेश में विकास की संभावनाएं हैं, अगर वन संपदा व पर्यटन क्षेत्र पर योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए तो प्रदेश आत्मनिर्भर बन सकता है।

सवाल: भाजपा की आगामी रणनीति क्या होगी?

जवाब: देश में कांग्रेस का प्रभाव लगातार कम हो रहा है और प्रदेश में भी भाजपा सत्ता में वापसी चाहती है, लेकिन इसके लिए पार्टी को जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता बनाए रखनी होगी और विकास के मुद्दों को प्राथमिकता देनी होगी।

सवाल: प्रदेश में तीसरे मोर्चे की चर्चा को आप कैसे देखते हैं?

जवाब: तीसरे मोर्चे की चर्चा के पीछे असंतोष एक बड़ा कारण है। लोकतंत्र में किसी को भी चुनाव लड़ने और पार्टी बनाने का अधिकार है, लेकिन यह देखना होगा कि यह असंतोष केवल कुछ नेताओं तक सीमित है या कार्यकर्ताओं और मतदाताओं तक भी पहुंच चुका है। मेरे अनुसार राजनीतिक दलों के बीच संवाद की कमी भी तीसरे मोर्चे की चर्चा का एक प्रमुख कारण है।

विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा कॉलेज के होनहार किए सम्मानित

विधायक विवेक शर्मा मेधावी छात्रों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज बंगाणा में वार्षिक पारितोषिक समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए और कॉलेज प्रबंधन, स्टाफ और छात्रों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य, स्टाफ, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विधायक ने समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शिक्षा, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विधायक द्वारा शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी सराहना की और छात्रों के रचनात्मक प्रतिभा निखारने के महत्व पर जोर दिया।

मंच से छात्रों को नशे से दूर रहने व अनुशासन, मेहनत एवं सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कॉलेज की मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने और पानी की समस्या दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग को नलकूप लगाने के निर्देश देने की घोषणा की। अंत में विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

बच्चों को शिक्षा संग धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना आवश्यक : उपमुख्यमंत्री

बोले-जीवन में निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

ऊना। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि विद्यार्थी अपनी संस्कृति, परंपराओं और विरासत से परिचित हो सकें। यह बात उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली के पांचवे वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें और उस लक्ष्य पर फोकस करके निरंतर कड़ी मेहनत करें। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, समय का सही उपयोग और लगातार प्रयास करके ही जीवन में निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

मेधावी छात्रों के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

इसके अतिरिक्त उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की विभिन्न पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। इन योजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा तथा लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप 51 हजार देने की घोषणा की। इसके साथ ही हरोली कॉलेज में लाइब्रेरी के लिए 12 लाख प्रदान करने की घोषणा भी की। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा और अशोक ठाकुर, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, प्रिंसिपल प्रो. राजिन्दर कुमार, हरोली इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के चेयरमैन राकेश कौशल, संदीप अग्निहोत्री, हरोली की पूर्व प्रधान रमन कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। इसके तहत पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की घटना होने की स्थिति में संबंधित अपराधियों की शीघ्र पहचान कर कानूनी करवाई अमल में लाई जा सके।

राजस्व मंत्री ने 59 आपदा प्रभावित परिवारों को 75 लाख के चेक बांटे

आपदा प्रभावित परिवारों को चेक वितरित करते मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ऊना। राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने शनिवार को सर्किट हाउस ऊना में ऊना विधानसभा क्षेत्र के 59 पात्र आपदा प्रभावित परिवारों को 75 लाख रुपए राहत राशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर संकट की घड़ी में जनता के साथ मजबूती से खड़ी है और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार ने आपदा प्रभावितों की मदद के लिए विशेष राहत पैकेज तैयार किया है, ताकि संकट की स्थिति में जरूरतमंद परिवारों को समय पर आर्थिक सहयोग मिल सके और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने आपदा राहत नीति को अधिक जनहितकारी बनाते हुए पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए राहत राशि में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है। पहले जहां यह राशि मात्र डेढ़ लाख रुपये थी, वहीं अब इसे बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया गया है, जिससे प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान, पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष देशराज गौतम, उपायुक्त ऊना जतिन लाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मंत्री नेगी ने बंगाणा में एचपी शिवा परियोजना की गतिविधियां जांची

अनंत ज्ञान, बंगाणा। राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने शनिवार को विकास खंड बंगाणा के अंतर्गत कठोह तथा डुमखर (सिरथ) क्षेत्रों का दौरा कर एचपी शिवा परियोजना के तहत संचालित विभिन्न बागवानी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और किसानों से संवाद कर उनके अनुभव व सुझाव भी सुने। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने ऊना क्षेत्र में सुरेश सैनी द्वारा स्थापित मशरूम फार्म यूनिट का भी अवलोकन किया। यह यूनिट बागवानी विभाग के सहयोग से स्थापित की गई है, जिसके लिए विभाग की ओर से लगभग 15 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आधुनिक इकाइयों से क्षेत्र में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है और किसानों के लिए अतिरिक्त आय के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। इसके उपरांत उन्होंने कठोह गांव में राजीव कुमार द्वारा लगाए गए फ्रंटलाइन डेमोंस्ट्रेशन (एफएलडी) अमरूद बगीचे का निरीक्षण किया। अगस्त 2023 में स्थापित इस बगीचे के लिए विभाग द्वारा लगभग 9 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है। मंत्री ने कहा कि ऐसे प्रदर्शन बगीचे किसानों को उन्नत बागवानी तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं और क्षेत्र में आधुनिक खेती को बढ़ावा देते हैं। दौरे के दौरान मंत्री ने डुमखर (सिरथ) गांव में एचपी शिवा परियोजना के तहत स्थापित मौसमी (मुसम्मी) बगीचे का भी निरीक्षण किया। इस बगीचे में लगभग 4500 उच्च गुणवत्ता वाले पौधे लगाए गए हैं, जिससे क्षेत्र के करीब 35 किसान लाभान्वित हो रहे हैं। किसानों की सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ बनाने के लिए परियोजना के अंतर्गत डेढ़ लाख लीटर क्षमता का पानी का टैंक निर्मित किया गया है। इसके साथ ही फसलों को जंगली जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए सोलर फेंसिंग की व्यवस्था भी की गई है।

शिक्षिका ममता की सूझबूझ से लपेटे में आए जालसाज, लूटे पैसे लौटाए

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर के कलोल गांव की बेटी और मिडल स्कूल बकैंण में प्राथमिक पाठशाला प्रभारी ममता चंदेल ने 13 मार्च को साहस और सूझबूझ का उदाहरण पेश किया। साधुओं के भेष में आए तीन ठगों ने पहले एक अध्यापक से 3,500 रुपये ठग लिए। घटना की जानकारी मिलते ही ममता चंदेल ने स्थानीय लोगों और गाड़ी की मदद से ठगों को रोकने की योजना बनाई। उन्होंने उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग कर ठगों के खिलाफ सबूत जुटाए, जिससे अंततः पैसे वापस लौटाने पड़े।

इस साहसिक कार्य और समाज सेवा के लिए मंजुषा सहायता केंद्र, कलोल ने ममता चंदेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उनके कर्तव्यनिष्ठ और निडर कदम को देखकर अन्य शिक्षकों और ग्रामीणों में भी जागरूकता और साहस पैदा हुआ।

रेसलर वारिका का ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर सम्मान

अनंत ज्ञान, ऊना। समता आंदोलन हिमाचल प्रदेश इकाई ने ऊना की 12 वर्षीय उभरती रेसलर वारिका, पुत्री रवि (जनकौर), को अंडर-14 स्कूल नेशनल गेम्स छात्रा वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर सम्मानित किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है और इससे अन्य बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. केआर आर्य ने वारिका को शुभकामनाएं दी और अनुशासन व मेहनत से बड़ी उपलब्धियां हासिल करने पर जोर दिया। डॉ. शंकुतला आर्य, डॉ. दीपक आर्य, डॉ. प्रवीणता आर्य सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

बिलासपुर कॉलेज का रेड रिबन क्लब प्रथम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के रेड रिबन क्लब को नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन और नेशनल एड्स कंट्रोल प्रोग्राम के सोशल मीडिया अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष सराहना प्राप्त हुई। अभियान के दौरान क्लब ने 4,515 नए फॉलोअर्स जोड़कर हिमाचल प्रदेश के सभी संस्थानों में प्रथम स्थान हासिल किया और एचआईवी/एड्स जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने नोडल अधिकारी डॉ. सोनिया राठौर को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। टीम के सदस्य डॉ. अजीत और प्रो. पूजा को भी बधाई दी गई। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस उपलब्धि से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा बढ़ेगी।

लोक अदालत में 3810 मामलों का निपटारा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर के सभी न्यायालयों में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से 3810 मामलों का समाधान किया गया। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्योत्सना सुमन्त डढवाल ने बताया कि कुल 3977 मामलों में से 3724 लंबित और 86 पूर्व मुकदमेबाजी के मामले निपटाए गए। इन मामलों से लगभग 4.69 करोड़ रुपये से जुड़ी राशि का समाधान हुआ। उन्होंने कहा कि लोक अदालत विवादों का त्वरित, सस्ता और प्रभावी समाधान प्रदान करती है और न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 4704 मामलों का निपटान, 97.88 लाख रुपए के समझौते

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला एवं सत्र न्यायालय ऊना और उपमंडल अंब स्थित न्यायालय परिसर में शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति और समझौते के आधार पर कुल 4704 मामलों का निस्तारण किया गया, जिनमें लगभग 97,88,191 रुपए की राशि के समझौते हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनिता शर्मा ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, त्वरित और सुलभ बनाना है। इसमें दिवानी विवाद, चेक बाउंस, मोटर व्हीकल चालान, उपभोक्ता शिकायत और धन वसूली से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया। इससे लंबित मामलों का बोझ कम हुआ और आम नागरिकों को त्वरित न्याय मिला।

तैयारियां गोबिंदसागर झील पर बनारस शैली में पहली बार होगी सतलुज महाआरती

नलवाड़ी मेला बनेगा सतलुज महाआरती का साक्षी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर का ऐतिहासिक राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला 2026 इस वर्ष एक नई और अनूठी परंपरा की शुरुआत का साक्षी बनने जा रहा है। मेले के शुभारंभ अवसर पर पहली बार गोविंद सागर झील के तट पर बनारस की तर्ज पर भव्य सतलुज महाआरती का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इस विशेष आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और इसे नलवाड़ी मेले के प्रमुख आकर्षण के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह भव्य सतलुज महाआरती 17 मार्च को सायं 5:00 बजे लुहणु घाट पर आयोजित की जाएगी, जिसमें श्रद्धालु आध्यात्मिक वातावरण में इस अद्भुत आयोजन का साक्षात्कार कर सकेंगे।

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने अपनी टीम के साथ गोविंद सागर झील के किनारे लुहणु घाट स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आयोजन के लिए उपयुक्त स्थान का चयन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम को भव्य, आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं, ताकि यह आयोजन जिले की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई प्रदान कर सके।

आरती के लिए स्थल का निरीक्षण करते डीसी व अन्य। अनंत ज्ञान

सतलुज महाआरती को पारंपरिक और आध्यात्मिक गरिमा के साथ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के साथ-

सतलुज में लुहरी के समीप पलटी राफ्ट सभी सुरक्षित, बताया एडवेंचर का हिस्सा

राफ्टिंग हादसे का वीडियो वायरल, प्रशासन व संचालक ने सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की

अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। सतलुज नदी में लुहरी के समीप शनिवार को रिवर राफ्टिंग के दौरान एक राफ्ट बीच नदी में पलट गई। हालांकि गाइड की सूझबूझ और सुरक्षा इंतजामों के चलते राफ्ट में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे और किसी प्रकार के हताहत होने की सूचना नहीं है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। इस बीच बैहना पंचायत के निवर्तमान प्रधान विनोद ठाकुर ने इसे अवैध बताते हुए कहा कि कुल्लू जिला पर्यटन विभाग द्वारा अभी इस तरह की गतिविधियों को औपचारिक अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि कुछ माह पहले इस क्षेत्र में ट्रायल जरूर किया गया था, लेकिन अभी नियमित रूप से राफ्टिंग की अनुमति नहीं मिली है।

सतलुज नदी में लुहरी के समीप पलटी राफ्ट। अनंत ज्ञान

पर्यटन विभाग ने भी दी जानकारी

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के शिमला जिला के होटल निरीक्षक दलीप ठाकुर ने बताया कि राफ्टिंग के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं साहसिक खेलों का हिस्सा होती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह राफ्टिंग नोटिफाइड रूट पर ही हो रही है और पूरी तरह से वैध है।

◆ सतलुज राफ्टिंग को बढ़ावा देने के लिए जल्द खुलेगा क्षेत्र में ऑफिस

राफ्टिंग संचालक ने बताया वैध गतिविधि

वहीं राफ्टिंग करवा रहे रोहित ने स्पष्ट किया कि इस रूट को वर्ष 2005 में ही राफ्टिंग के लिए नोटिफाई किया गया है और यह गतिविधि अवैध नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में राफ्टिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिलहाल टेस्टिंग के तौर पर यह गतिविधि की जा रही थी। राफ्ट में प्रशिक्षित पायलट और गाइड मौजूद थे। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र में बाकायदा अपना कार्यालय भी खोला जाएगा, ताकि इस साहसिक खेल को बढ़ावा दिया जा सके।

अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, युवक की मौत

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। पुलिस थाना पतलीकूहल के अंतर्गत नग्गर सड़क पर माहिली के पास शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान योगराज ठाकुर पुत्र राज कुमार, निवासी गांव वंदल, डाकघर गड़सा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शी सुरेंद्र ठाकुर के अनुसार वह सुबह मॉर्निंग वॉक पर थे, तभी उन्होंने देखा कि एक मोटरसाइकिल नग्गर की ओर जा रही थी। सड़क पर मौजूद तीखे मोड़ के कारण चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा और बाइक करीब 10 मीटर नीचे गिरकर एक मकान के पिलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पतलीकूहल थाना से एएसआई बीरवल सिंह टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106 के तहत मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से यहां क्रैश बैरियर और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

स्विमिंग-कयाकिंग व रेस्क्यू का कराया अभ्यास

राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र पिरड़ी में चल रहा प्रशिक्षुओं का स्किल टेस्ट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र पिरड़ी में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शनिवार को प्रशिक्षुओं का स्किल टेस्ट लिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों से स्विमिंग, कयाकिंग, राफ्टिंग, आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू और इवैक्यूएशन से जुड़े विभिन्न अभ्यास करवाए गए, ताकि आपात परिस्थितियों में राहत और बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया जा सके।

राफ्टिंग केंद्र के प्रभारी गीमनर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर रविवार को आयोजित होने वाले क्लोजिंग सेरेमनी में संस्थान के उपनिदेशक लूडर सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और कार्यक्रम का औपचारिक समापन करेंगे। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के पिरड़ी राफ्टिंग केंद्र में इन दिनों

14 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इस प्रशिक्षण में भारतीय वायु सेना के 10 जवानों सहित देश व प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए करीब 60 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागियों को ब्यास नदी की श्वेत जलधाराओं में राफ्टिंग, कयाकिंग, आपदा प्रबंधन और रेस्क्यू अभियान की बारीकियां सिखाई जा रही हैं।। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल्लू, मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर और शिमला जिलों के अलावा उत्तराखंड राज्य से भी छात्र भाग लेने पहुंचे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जल क्रीड़ा के साथ-साथ राहत और बचाव कार्यों की तकनीकें भी सिखाई जा रही हैं, ताकि वे आपदा के समय प्रभावी भूमिका निभा सकें। प्रभारी गीमनर सिंह ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से पिरड़ी स्थित यह केंद्र निरंतर जल, थल और वायु क्रीड़ा से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इससे हिमाचल प्रदेश में साहसिक पर्यटन को नई गति मिली है। साथ ही स्थानीय बेरोजगार युवाओं को भी इस क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू घाटी में राफ्टिंग गतिविधियों के माध्यम से हजारों युवा अपना व्यवसाय चला रहे हैं और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं।

संस्थान भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि युवाओं को साहसिक खेलों और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दक्ष बनाया जा सके।

परंपरा निभाने वाले पुराने सदस्य होंगे सम्मानित : रोहित वत्स धामी

सेऊबाग में जबाड़ी मेले के शुभारंभ मौके पर पहुंचे देवी-देवता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। देवभूमि कुल्लू के सेऊबाग में माता दशमी वारदा और ब्रिंडु महाराज के सम्मान में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध जबाड़ी मेला विधिवत शुरू हो गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस पारंपरिक मेले में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं और देव संस्कृति की झलक देखने को मिलती है।

मेले के बारे में जानकारी देते हुए स्थानीय प्रधान रोहित वत्स धामी ने बताया कि यह मेला सदियों पुरानी परंपरा का प्रतीक है और क्षेत्र के लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 50 वर्षों से इस मेले की परंपरा को बनाए रखने में जिन पुराने सदस्यों और ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उन्हें इस बार विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने बताया कि वसंत पंचमी के बाद यह घाटी का पहला मेला होता है और इसके साथ ही पूरे जिला कुल्लू में मेलों का सिलसिला शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान माता दशमी वारदा अपने देव रथ में विराजमान होकर बाहर निकलती हैं और माता सीता तथा भगवान राम के ठाकुर द्वाला में जाकर चाकरी करती हैं, जो इस मेले की विशेष धार्मिक परंपरा है। तीन दिवसीय इस मेले में देव पूजन, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन, स्थानीय संस्कृति और श्रद्धालुओं की आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

पर्यटकों की आवभगत में नहीं होगी कोई कमी

अनंत ज्ञान, मनाली। ईरान युद्ध के चलते व्यावसायिक एलपीजी की किल्लत के बावजूद मनाली आने वाले पर्यटकों की किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। मनाली के होटल संचालकों ने पर्यटकों की आवोभगत के लगे स्टोव, डीजल बट्टी और इलेक्ट्रोनिक बट्टी का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है। स्थिति सामान्य होने तक इसी विकल्प का इस्तेमाल कर पर्यटकों को भोजन आदि उपलब्ध करवाया जाएगा। शनिवार को इस संदर्भ में होटलियर एसोसिएशन मनाली की अहम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिमला होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहेन्द्र सेठ मुख्य रूप से मौजूद रहे। मनाली के अध्यक्ष रोशन ठाकुर और मोहेन्द्र सेठ ने बैठक के बाद कहा कि हिमाचल आने वाले पर्यटक बेझिझक आ सकते है। यहां भोजन आदि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि होटल संचालको को भी इंडक्शन, स्टोव, डीजल बट्टी, इलेक्ट्रोनिक बट्टी के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को किसी तरह की दिक्क़त का सामना न करना पड़े। मनाली के कई होटलों ने इलेक्ट्रिक भट्टियां, इंडक्शन व अन्य विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इसके अलावा डीजल व मिट्टी के तेल से चलने वाली भट्टियों का भी उपयोग किया जा रहा है। मनाली होटलियर एसोसिएशन के प्रधान रोशन ठाकुर के अनुसार कई होटलों ने तंदूर भी खरीदने शुरू कर दिए हैं, क्योंकि मनाली में लकड़ी आसानी से उपलब्ध है।

बंजार के अग्निपीड़ितों के लिए किया 2.5 लाख का सीएसआर समझौता

एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण 2 का सीएसआर एंड एसडी पहल के तहत उप-प्रभागीय अधिकारी बंजार के साथ एमओयू साइन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण ।। अपनी सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी नीति के अंतर्गत परियोजना एवं उसके आसपास के क्षेत्र में कंपनी एक्ट की अनुसूची 2013 के अंतर्गत सभी विकासात्मक गतिविधियों को करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी विकासात्मक प्रतिबद्धता के क्रम में एनएचपीसी पार्बती परियोजना चरण 2 ने सीएसआर एंड एसडी पहल के तहत पंकज कुमार, उप-प्रभागीय अधिकारी, बंजार प्रतिनिधि उपायुक्त, कुल्लू के साथ 'गांव झनियार, ब्लॉक बंजार के अग्नि पीड़ितों को सीजीआई शीट्स प्रदान करने के लिए 2.5 लाख का समझौता ज्ञापन पर पवन कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिविल), कमलेश धीमान, उप महाप्रबंधक (वित्त) एवं अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक (मासं) के उपस्थिति में निगम के प्रतिनिधि के रुप में आनंद कुमार सिंह, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक ने हस्ताक्षर किए। सीजीआई शीट के वितरण से गाँव झानियार, ग्राम पंचायत-नोहंडा, तहसील -बंजार, कुल्लू के 17 ग्रामवासी लाभान्वित होंगे।

सीएम साहब! स्पष्ट करें क्या लाहौल-स्पीति प्रदेश का हिस्सा है या नहीं : रवि

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लाहौल-स्पीति की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू से सवाल किया है कि सरकार स्पष्ट करे कि क्या लाहौल-स्पीति हिमाचल का हिस्सा है या नहीं। एलपीजी संकट के बीच प्रदेश सरकार द्वारा लाहौल-स्पीति के कोटे से करीब 400 कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की खेप केलांग से मनाली भेजे जाने के फैसले पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई है। ठाकुर ने कहा कि इस निर्णय के कारण घाटी में होटल और ढाबा संचालकों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे पर्यटन सीजन की शुरुआत में कारोबार प्रभावित हो रहा है।



रवि ठाकुर ने कहा कि बर्फ पिघलने के साथ ही लाहौल-स्पीति में पर्यटन गतिविधियां शुरू हो रही हैं। सर्दियों के दौरान बंद रहे होटल, ढाबे और अन्य व्यावसायिक संस्थान दोबारा खुलने लगे हैं। ऐसे समय में लाहौल-स्पीति के एलपीजी भंडारण से 400 सिलेंडर मनाली भेजना सरकार की जनजातीय विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि घाटी में अब गिने-चुने सिलेंडर ही शेष रह गए हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर स्थानीय विधायक की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह हैरान करने वाली बात है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी प्रदेश सरकार ने शिंकुला टनल के करीब 55 करोड़ रुपये के बजट को लाहौल-स्पीति के बजाय अन्य ज़िलों में खर्च कर दिया। शिंकुला परियोजना के तहत सामाजिक कार्यों के लिए मिले बजट को भी ज़िले में खर्च करने के बजाय बाहर उपयोग किया गया।

उन्होंने कहा कि जिले में अभी भी 80 प्रतिशत से अधिक पात्र महिलाओं को पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार के इन जनजातीय विरोधी निर्णयों का जवाब जनता पंचायत और विधानसभा चुनाव में देगी।

आज जंतर मंतर में राष्ट्रीय स्तर का विशाल प्रदर्शन, प्रदेश से जाएंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) महासंघ के आह्वान पर 15 मार्च को पूरे हिमाचल से सैंकड़ों कार्यकर्ता जंतर मंतर, नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के विशाल धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मजदूरों से जुड़े अहम मुद्दों को केंद्र सरकार और समाज के सामने प्रभावी ढंग से रखना है। धरने में न्यूनतम वेतन बढ़ाने, ठेके प्रथा पर नियंत्रण, सभी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, ईएमआई और पीएफ लाभ देने, नए श्रम कानूनों के मजदूर विरोधी प्रावधानों की समीक्षा जैसी मांगें उठाई जाएंगी। महासंघ अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल ने सभी श्रमिकों और सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की।

छात्रों को व्यवहारिक जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को उतारना चाहिए: डॉ. उरसेम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान अलिशान बिल्डिंग से नहीं, बल्कि वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों से होती है। शिक्षा समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करती है, जिसका आधार वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। छात्रों को व्यवहारिक जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को उतारना चाहिए, वरना पढ़ाई और पुरस्कार का कोई मतलब नहीं है। यह वक्तव्य राजकीय महाविद्यालय पनारसा की प्राचार्या डा. उरसेम लता के हैं। उन्होंने शनिवार को कुल्लू कॉलेज के बहुउद्देशीय हाल में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि छात्रों को जितना जरूरी सही जवाब देना है, उससे ज्यादा जरूरी सही सवाल पूछना है। मुख्यातिथि डॉ. उरसेम लता और प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने शैक्षिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस व अन्य गतिविधियों में अव्वल आने वाले 800 से अधिक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आईक्यूएसी समन्वयक डा. सोम नेगी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्राचार्य डा. राकेश राणा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने सरस्वती, भजन, समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डा. मही योगेश ने किया। इस दौरान हरिपुर कालेज की प्राचार्या डा. शेफाली, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा. नीरज कपूर, डॉ. बिन्ता ठाकुर, डा. राजेश, सोम नेगी, हरिश, प्रो. सपना वर्मा, हरि सिंह सहित कई मौजूद रहे।

मनाली में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

एम बोकटापा, मनाली। प्रसिद्ध समाजसेवी एवं लाइफ लाइन एनजीओ के मुख्य संरक्षक गौतम ठाकुर ने मनाली शहर में मूलभूत सुविधाओं की लगातार हो रही अनदेखी और बिना ठोस योजना के किए जा रहे कार्यों को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त कुल्लू व उपमंडल अधिकारी (नागरिक) मनाली को शिकायत भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

गौतम ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद मनाली शहर की वास्तविक और प्राथमिक समस्याओं को नजरअंदाज कर ऐसे कार्यों पर ध्यान दे रही है जिनकी इस समय कोई तात्कालिक आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि माल रोड पर मोबाइल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के नाम पर करीब दस स्थानों पर अव्यवस्थित और गलत तरीके से खुदाई कर दी गई है। इससे न केवल माल रोड की सुंदरता प्रभावित हुई है बल्कि वहां की व्यवस्था भी बाधित हुई है। मनाली जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर इस प्रकार के

◆ माल रोड पर अव्यवस्थित खुदाई पर नराजगी, डीसी कुल्लू से हस्तक्षेप की मांग

बिना योजना के कार्य शहर की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद को प्राथमिकता के आधार पर शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। वर्तमान में शहर के कई हिस्सों में कचरा बिखरा हुआ दिखाई देता है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा शहर का बड़ा हिस्सा रात के समय अंधेरे में डूबा रहता है, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय है।

उन्होंने ने प्रशासन से आग्रह किया कि नगर परिषद को निर्देशित कर स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, पेयजल व आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। साथ ही माल रोड पर मोबाइल चार्जिंग स्टेशन के कार्य को रोककर वहां पहले की तरह पत्थरों की व्यवस्थित पुनः स्थापना सुनिश्चित की जाए।

21 प्रशिक्षुओं को मिली टूलकिट

भुट्टिको में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू द्वारा भुट्टिको में आयोजित हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। लगभग साढ़े चार माह तक चले इस कार्यक्रम में 21 प्रशिक्षुओं ने भाग लेकर हैंडलूम व हस्तशिल्प से संबंधित आधुनिक तकनीकों और व्यावहारिक कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह में परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भुट्टिको के चेयरमैन एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त सीनियर कंसल्टेंट बी.एस. संधू और जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ. हेमराज वर्मा भी उपस्थित रहे।

डॉ. सुनील चौहान ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित करना और युवाओं तथा महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से

भुट्टिको में 21 प्रशिक्षुओं को टूलकिट दी गई। अनंत ज्ञान

आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण में सीखे गए कौशल का उपयोग कर स्वरोजगार के अवसर विकसित करें।

विशेष अतिथि सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ हिमाचल की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षुओं को टूलकिट प्रदान की गई, ताकि वे सीखे गए कौशल का व्यावहारिक उपयोग कर आजीविका सृजित कर सकें। डॉ. सुनील चौहान ने एफआईएस छरेहरा का दौरा कर किसानों के साथ संवाद किया और लहसुन व फूलगोभी के प्रदर्शन प्लॉट का निरीक्षण कर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर एसएमएस डॉ. खुब राम, बीपीएम कुल्लू डॉ. जयंत रत्ना, कंस्ट्रक्शन इंजीनियर अंकुश और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रतिभागियों और किसानों ने परियोजना प्रबंधन इकाई का आभार व्यक्त किया।

हत्या आरोपी महिला 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजी

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। पतलीकूहल में लिव-इन-पार्टनर की हत्या के मामले में आरोपी महिला को चार दिन के पुलिस रिमांड के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं। मृतक जाहलमा स्कूल में चपरासी के पद पर कार्यरत था। उसके शरीर पर चोट के निशान मिले थे उसके बाद पुलिस ने महिला लिव-इन-पार्टनर को हिरासत में लिया था। चार दिन की पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी महिला ने मृतक के साथ लड़ाई झगड़े को कबूला है। महिला ने मृतक रंजीत को छुरी से मारने की बात भी मानी है । पुलिस ने मगंलवार को हत्या का राज जानने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया था व टीम ने साक्ष्य भी जुटाए थे। मृतक की पत्नी ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि उसका पति लगभग पांच वर्षों से पतलीकूहल निवासी एक महिला के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रहता था। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने कहा कि आरोपी लिव-इन-पार्टनर को शनिवार को अदालत में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी महिला को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

निरमंड क्षेत्र के लिए गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक रवाना

अनंत ज्ञान, निरमंड। निरमंड-निरमंड क्षेत्र में घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। गैस प्लांट से गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक आज शाम निरमंड के लिए रवाना हो चुका है। संभावना है कि ट्रक कल तक क्षेत्र में पहुंच जाएगा, जबकि किसी कारणवश देरी होने पर परसों तक गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाएंगे। इंडियन ऑयल के अनुसार क्षेत्र में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को घबराने या अधिक उत्साहित होने की आवश्यकता नहीं है। बताया गया कि अधिकांश उपभोक्ताओं को पहला गैस सिलेंडर भरे लगभग 25 दिन पूरे हो चुके हैं। ऐसे में लोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर का स्टॉक जमा न करें। गैस वितरण से जुड़े पूर्ण चंद्रा ने कहा कि उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है। यदि आपूर्ति में दो-तीन दिनों का विलंब होता है तो भी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा है, ताकि सभी को सुचारू रूप से गैस उपलब्ध करवाई जा सके।

सुरक्षा 15 मील व रांगड़ी बिहाल में 6 करोड़ की आरसीसी दीवार का शुभारंभ

ब्यास नदी के किनारे बनेंगी सुरक्षा दीवारें

अनंत ज्ञान

मोहन कपूर, पतलीकूहल। मनाली विधानसभा क्षेत्र के 15 मील में ब्यास नदी के दोनों तटों पर बाढ़ से सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शनिवार को दायें तट पर स्थित 15 मील बिहाल और इसके ठीक सामने वाम तट पर स्थित रांगड़ी बिहाल में ब्यास नदी से होने वाले संभावित नुकसान को रोकने के लिए करीब 6 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली आरसीसी सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

यह परियोजना पांच सितारा होटल और सांस्कृतिक स्थल देवलोक के समीप बनाई जा रही है, जिससे आसपास के क्षेत्रों को बाढ़ के खतरे से सुरक्षित किया जा सकेगा। इस अवसर पर मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के बाद जेसीबी मशीन के आगे नारियल

विधायक भुवनेश्वर गौड़ शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

फोड़कर निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक का स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

भूमि पूजन के बाद देवलोक परिसर में एक जनसभा का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि 15 मील और रांगड़ी बिहाल में बनने वाली यह आरसीसी सुरक्षा दीवार ब्यास नदी की बाढ़ से क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी।उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ से होने वाले नुकसान को स्थायी रूप से रोकने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। क्षेत्र के क्लाथ, 18 मील, पतलीकूहल और माहिली में भी सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा अन्य बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा दीवारों के निर्माण के लिए लगभग 243 करोड़ रुपये के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे गए हैं, ताकि भविष्य में लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान विधायक के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष बीर सिंह ठाकुर ने भी जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं न केवल लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करेंगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई दिशा देंगी। कार्यक्रम में जलशक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता रजनीश ओंकार, एसडीओ योगेश ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, डीएफओ, बीओ संदीप ठाकुर, जीत बहल, सुनील कपूर, राजी कारबा, सरला देवी सहित कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

लाहौल में 20-22 मार्च को होगा स्नोटेल्स फेस्ट

स्नो मैराथन लीग का शुभारंभ, साहसिक खेलों के साथ पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमालयी क्षेत्रों में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और पशु कल्याण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्नो मैराथन लीग की भारत में शुरुआत की गई है। इसकी घोषणा ऑर्गनाइजिंग कमेटी ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में की। यह पहल उस टीम द्वारा शुरू की गई है, जिसने हिमाचल प्रदेश के लाहौल में आयोजित विश्व की सबसे ऊंची और एशिया की एकमात्र स्नो मैराथन के चार सफल संस्करण आयोजित किए हैं।

स्नो मैराथन लीग का उद्देश्य माउंटेन कम्युनिटी, साहसिक खेल प्रेमियों और पर्यावरण समर्थकों को एक मंच पर लाकर हिमालय के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए जिम्मेदार भागीदारी को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में 20 से 22 मार्च तक लाहौल में स्नोटेल्स फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इसे दुनिया की सबसे ऊंचाई पर आयोजित होने वाली डॉग रेस के रूप में जाना जाता है, जिसमें कुत्ते और उनके मालिक एक साथ भाग

स्नो मैराथन लीग को लेकर जानकारी देते हुए। अनंत ज्ञान

लेते हैं। लीग के तहत दुनिया की सबसे ऊंचाई पर आयोजित होने वाली स्नो अल्ट्रा और स्नो वॉकाथॉन भी आयोजित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़ सकें और हिमालय में ठोस कचरा प्रबंधन तथा पशु कल्याण जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ा सकें।

रेस डायरेक्टर कर्नल सौरव शिमर ने बताया कि स्नो वॉकाथॉन उन लोगों के लिए बेहतर अवसर है जो कठिन हाई-एल्टीट्यूड मैराथन में भाग लेने के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन सामाजिक और पर्यावरणीय उद्देश्य से इस अभियान से जुड़ना चाहते हैं। कार्यक्रम के प्रिंसिपल चीफ कर्नल जेएस ढिल्लों ने बताया कि 14 फरवरी 2027 को गुलमर्ग में स्नो मैराथन कश्मीर के पहले संस्करण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुनिया भर के धावकों और साहसिक खेल प्रेमियों को आमंत्रित किया जाएगा।

वहीं फोर्टिस अस्पताल, मोहाली के निदेशक अभिजीत सिंह ने कहा कि ऐसे उच्च हिमालयी खेल आयोजनों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण और चिकित्सीय तैयारी की जरूरत होती है। आयोजकों ने बताया कि इस पहल के माध्यम से प्रकृति संरक्षण और पशु कल्याण के प्रति सामूहिक प्रयासों को मजबूत किया जाएगा।

परंपरा : गंधर्व समुदाय के मुखारविंद से चैत्र मास का नाम सुनना माना जाता है शुभ

बीशूड़ी संक्रांति से शुरू होता नववर्ष, गंधर्व निभा रहे प्राचीन परंपरा

अनंत ज्ञान

राजगढ़। राजगढ़ क्षेत्र में भारतीय परंपरा के अनुसार हिंदू नववर्ष अर्थात विक्रम संवत का शुभारंभ चैत्र मास की संक्रांति से हो गया है। पझौता और रासूमांदर क्षेत्र में इस संक्रांति को बीशूड़ी या छोटी बैसाख साजी के रूप में मनाया जाता है। गिरिगंगा घाटी के दोनों ओर शिमला और सिरमौर जिलों के कई इलाकों में चैत्र मास का नाम गंधर्व समुदाय के मुखारविंद से सुनना शुभ माना जाता है।

यह परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है और आज भी कई गांवों में इसे निभाया जा रहा है। गंधर्व समुदाय के लोग प्रातःकाल स्थानीय मंदिरों में जाकर बेउल बजाकर देवता को नववर्ष की बधाई देते हैं। इसके बाद वे अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर विशेष गीतों के माध्यम से लोगों को चैत्र मास का नाम सुनाते हैं। यह परंपरा पूरे महीने चलती है और बैसाखी यानी बीशू की संक्रांति तक जारी रहती है। नववर्ष के अवसर पर लोग प्रसन्नता से गंधर्व समुदाय को दान स्वरूप आटा, चावल, घी और सुहागियां भेंट करते हैं। त्रिगर्त क्षेत्र में इसी तरह डोलरू नामक जाति के लोग भी घर-घर जाकर गीतों के माध्यम से नववर्ष का संदेश देते हैं। प्रदेश के प्रसिद्ध साहित्यकार पद्मश्री विद्यानंद सरैक के अनुसार धार्मिक ग्रंथों में चैत्र मास का विशेष महत्व बताया गया है। चित्रा नक्षत्र के आधार पर इसका नाम चैत्र रखा गया है। मान्यता है कि चैत्र प्रतिपदा को ही ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी और इसी दिन विक्रम संवत का आरंभ होता है।

हालांकि बदलते समय के साथ यह परंपरा धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। अब बहुत कम स्थानों पर गंधर्व समुदाय के लोग इस परंपरा को निभा रहे हैं।

चैत्र मास का नाम सुनाते गंधर्व समुदाय के लोग — अनंत ज्ञान

कार्रवाई : अवैध पिस्टल, 8 जिंदा कारतूस बरामद

हथियारों की तस्करी में शामिल 22 वर्षीय युवक गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

अनंत ज्ञान

नाहन। जिला सिरमौर में पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मामले में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार 12 मार्च को पुलिस थाना पुरुवाला के अंतर्गत एसआईयू/साइबर सेल नाहन की टीम को सूचना मिली थी कि मेहरबान उर्फ अरबाज (22) पुत्र कमरुदीन निवासी गांव मैहरुवाला डाकघर भंगाणी तहसील पांवटा साहिब अवैध पिस्टल और देसी कट्टों की खरीद-फरोख्त में संलिप्त है।

◆ **पांवटा साहिब में हथियारों की खरीद-फरोख्त की सूचना पर पुलिस सक्रिय**

पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर दबिश और तलाशी के दौरान पुलिस ने एक पिस्टल, दो मैगजीन और कुल आठ जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी अवैध हथियार कहां से लाया और किन लोगों को सप्लाई करता था।

> **पुलिस** ने एक युवक से अवैध पिस्टल, दो मैगजीन और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।
>
> **निश्चिंत सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक, सिरमौर**

स्कूल के नजदीक तंबाकू, गुटखा बेचने पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, अर्की। पुलिस थाना अर्की की टीम गश्त के दौरान लक्ष्य पब्लिक स्कूल के पास पहुंची तो सूचना मिली कि अमर नाथ निवासी अर्की अपनी दुकान जो लक्ष्य पब्लिक स्कूल के पास है, पर परचून में तंबाकू उत्पाद बेचता है। जिस पर दुकान की तलाशी नियमानुसार अमरनाथ उपरोक्त की उपस्थिति में ली गई। तलाशी पर दुकान से सिगरेट के पैकेट और तंबाकू के पैकेट बरामद किए गए। अमरनाथ बरामद तंबाकू उत्पाद को बेचने व रखने बारे कोई परमिट/लाइसेंस पेश न कर पाया। इस संदर्भ में पुलिस थाना अर्की में अभियोग अधीन धारा-7 हिमाचल प्रदेश खुली सिगरेट एवं बीड़ी की बिक्री निषेध एवं सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों के खुदरा व्यापार विनियमन अधिनियम, 2016 में पंजीकृत करके आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। है।

न्यूज ब्रीफ

डॉ. धनीराम शांडिल कल से सोलन प्रवास पर

अनंत ज्ञान, सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 16 को सोलन के प्रवास पर रहेंगे। कर्नल शांडिल 16 मार्च 11.30 बजे उपायुक्त कार्यालय सोलन के सम्मेलन कक्ष में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

संस्कृत महाविद्यालय सोलन में मेधावियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, सोलन। राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रिंसिपल व साहित्यकार डॉ. प्रेम लाल गौतम रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने की। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। इस दौरान छात्रों ने संस्कृत नाटिका और लोक नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अंत में मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम लाल गौतम ने मेधावी छात्रों को शैक्षणिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर सुमित शर्मा और सिमरन को एनएसएस का बेस्ट वॉलंटियर, रोड एंड सेफ्टी बेस्ट वालंटियर के लिए दीक्षित शर्मा और तम्मना को पुरस्कृत किया गया।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सरकारी स्कूलों में मिलेगी बेहतर शिक्षा

अनंत ज्ञान, नाहन। सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के मकसद से नाहन में जिला के 137 शिक्षकों को 5 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में उपनिदेशक जिला उच्च शिक्षा विजय राघव ने विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पढ़ाई और उनकी देखभाल को लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें टीजीटी,सीएंडवी और जेबीटी शिक्षकों हिस्सा लिया। विशेष आवश्यकता वाले बच्चे अपने आप को अन्य बच्चों से अलग न समझे और उनके साथ दूसरे बच्चों की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए ताकि उन्हें असमानता का सामना न करना पड़े, जिसे लेकर अध्यापकों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है।

मिल्ला सड़क मार्ग की दयनीय स्थिति को लेकर अधिक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, शिलाई। जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के गांव मिल्ला की दयनीय सड़क स्थिति से निजात पाने के लिए मिल्ला गांव के युवाओं ने अधिक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग सिरमौर (नाहन) को ज्ञापन सौंपा। सड़क मार्ग में बड़े वाहनों एवं बसों के आवागमन में गंभीर समस्या करना पड़ रहा है। सड़क के कई हिस्से धंस गए है जबकि कुछ जगहों पर डंगे गिरने से हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। खड़ी चढ़ाई और तीखा मोड़ भी परेशानी का सबब बन चुका है। इस गंभीर स्थिति से पूर्व में स्थानीय सहायक अभियंता लोक निर्माण टिम्बी एवं पत्र के माध्यम से अधिशासी अभियंता शिलाई को भी अवगत करवाया है जिन्होंने आश्वासन जरूर दिया, परंतु कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। अधिक्षण अभियंता ने युवाओं को आश्वस्त किया है कि जल्द से जल्द इस समस्या का हल किया जाएगा। यह मुख्य सड़क अनेकों पंचायतों को जोडती है।

राजकीय महाविद्यालय सराहां में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान, सराहां। राजकीय महाविद्यालय सराहां में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन की सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. वीना राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सीएससीए अध्यक्ष श्रुति शर्मा ने भी मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। खेलकूद क्षेत्र में विशाल शर्मा को लड़कों में तथा श्रुति शर्मा को लड़कियों में महाविद्यालय का सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए अनुराधा, लक्ष्मी देवी, साक्षी शर्मा, मेहक शर्मा, खुशी शर्मा, श्रुति शर्मा, प्रीतिका, रिधिमा, मुस्कान तथा संचिता ठाकुर को सम्मानित किया गया।

करोड़ों की लागत से बना सोलन शामती बाइपास बना डंपिंग साइट

सड़क के दोनों तरफ लगे मिट्टी के ढेर बने वाहन चालकों की परेशानी

अनंत ज्ञान मुद्दा

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। शहर की ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात पाने के लिए करोड़ों की लागत से बनाया गया सोलन-शामती बाइपास रोड प्रशासनिक और विभागीय कार्यप्रणाली से डंपिंग साइट बन गया है। रात के अंधेरे में बेखौफ यहां सड़क किनारे कूड़ा और मिट्टी फेंकी जा रही है।

हैरानी है कि आज तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। इससे जहां वाहन दुर्घटना का अंदेशा बढ़ गया है, वहीं सड़क पर उड़ती धूल के चलते चालक इस मार्ग का उपयोग करने में गुरेज कर रहे हैं। इसका सीधा असर शहर के ट्रैफिक पर पड़ रहा है। बता दें कि शामती बाइपास रोड शहर में बढ़ते यातायात को कम करने के लिए बनाया गया था, पर इन दिनों बाइपास रोड डंपिंग साइट बना हुआ है। करोड़ों रुपए की लागत से बने शामती बाइपास रोड को लोगों ने कूड़ा और मिट्टी फेंकने का अड्डा बना रखा है। दरअसल पिछली बरसात में सड़क का एक हिस्सा धंस गया था। रिपेयर के लिए सड़क कुछ समय तक बंद रही। इसका फायदा उठाते हुए लोगों ने यहां मिट्टी डंप करनी शुरू कर दी। अब डंपिंग साइट बनाने के बाद सड़क भी तंग होती नजर आ रही है। इतना ही नहीं कई जगहों पर कूड़ा फेंकने से शामती बाइपास रोड के किनारे हर जगह गंदगी देखी जा रही है।

सड़क किनारे लगे मिट्टी के ढेर

सड़क पर उड़ती धूल

कार्रवाई के नाम पर सिर्फ शिकायत

शामती बाइपास रोड पर गैर कानूनी तरीके से मिट्टी और कूड़ा डंप करने पर विभाग ने अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत जरूर की पर कार्रवाई कुछ नहीं हुई। पुलिस में भी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। वहीं वन विभाग को भी इसकी सूचना दी गई है और पीडब्ल्यूडी विभाग ने भी यहां कई बार पहरे दिए हैं, लेकिन कोई पकड़ा नहीं गया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सड़क किनारे कूड़ा या मिट्टी फेंकता हुआ मिलता है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 10 से 20 हजार के जुर्माने सहित गाड़ी भी जब्त कर ली जाएगी।

कर्नल शांडिल का ड्रीम प्रोजेक्ट

सोलन के वर्तमान विधायक व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल शामती बाइपास को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताते रहे हैं। वहीं सड़क बनने के समय से भाजपा और कांग्रेस में श्रेय लेने की होड़ लगी रही। भाजपा ने इसको लेकर सरकार और मंत्री को घेरने की कोशिश की पर कुछ असर नहीं दिखा। सड़क निर्माण में विभाग ने लगभग 30 करोड़ के करीब खर्च कर दिए पर अब तक सही उपयोग नहीं हुआ। बहरहाल विभागीय अधिकारी सड़क पर गैर कानूनी तरीके से मिट्टी और कूड़ा डंप करने वालों पर सख्त कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

दाड़लाघाट में घर से कूड़ा न उठाने पर सफाई व्यवस्था चरमराई

अनंत ज्ञान

दाड़लाघाट। पंचायत दाड़लाघाट में इन दिनों घर-घर से कूड़ा न उठाने पर सफाई व्यवस्था चरमराने लगी है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारी घर-घर से कूड़ा लेने नहीं आ रहे हैं। लोगों ने बताया कि पंचायत की ओर से घरों, दुकानों और किरायेदारों से कूड़ा उठाने के लिए एक ट्रैक्टर और तीन सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं।

पहले नियमित रूप से कूड़ा उठाया जा रहा था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से सफाई कर्मचारी कूड़ा लेने नहीं आ रहे हैं, जिससे घरों में कूड़ा जमा होने लगा है। कूड़े को इधर-उधर फेंकना भी संभव नहीं है। इससे लोगों में रोष है। लोगों ने पंचायत और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था को जल्द से जल्द नियमित किया जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके। पंचायत की ओर से बरायली पंचायत के धमोग से लेकर झरना आईटीआई, पंचायत दाड़लाघाट के कंसवाला रोड, अंबुजा चौक, पीएनबी एटीएम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट के नजदीक, एसबीआई बैंक, जाट कॉलोनी, जालपा मंदिर, स्यार गांव, स्यार मार्केट, डिग्री कॉलेज, नया बस स्टैंड तथा वन विभाग क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों तक नियमित रूप से सफाई कर्मचारी घर-घर से कूड़ा उठाते हैं। इसके अलावा कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर भी एक ब्लॉगर द्वारा वेटरनरी मोड़ के समीप खुले में पड़े कूड़े को लेकर एक वीडियो साझा की गई थी, जिस पर लोगों ने कमेंट कर इस समस्या का समर्थन किया था। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले समय में सूखे और गीले कूड़े के लिए अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था अपने घरों में करें।

क्या कहते पंचायत सचिव दाड़लाघाट

पंचायत दाड़लाघाट के पंचायत सचिव धनीराम का कहना है कि वन विभाग की ओर से पंचायत को एक नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद से कूड़ा उठाने की व्यवस्था में कुछ परेशानी आई है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए अंबुजा प्रबंधन से भी बातचीत चल रही है। उन्होंने बताया कि कूड़ा उठाने के लिए नियुक्त सफाई कर्मचारियों के घर में कुछ समस्या होने के कारण ड्यूटी पर नहीं आ पाए थे। शुक्रवार शाम तक उनके दाड़लाघाट पहुंचने की संभावना है और इसके बाद घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था फिर से नियमित और सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी।

सड़क संपर्क मार्ग गाता से कोटी भाजपा की देन : प्रताप सिंह रावत

अनंत ज्ञान

नाहन। सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि सड़क संपर्क मार्ग गाता से कोटी पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की देन है। रेणुका के कांग्रेसी विधायक एवं पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार तो सिर्फ भाजपा के कामों का लोकार्पण कर झूठा श्रेय ले रहे हैं। रावत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने सड़क संपर्क मार्ग गाताधार से चिंयाडो मंडवाच से जुईनीधार सागंना से अवाठा गाता से कोटी एवं सागंना से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन सड़क संपर्क मार्ग बनाने के लिए पैसे स्वीकृत किए थे। यह सभी सड़क संपर्क मार्ग पूर्व भाजपा सरकार में ही तैयार हो गए थे। भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने रेणुका के कांग्रेसी विधायक एवं पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार की पोल खोलते हुए कहा है कि सड़क संपर्क मार्ग राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन स्लीप आने के कारण पिछले तीन सालों से यातायात के लिए बंद पड़ा है। यहां के स्थानीय लोग अपनी नगदी फसले मुख्य सड़क सागंना तक दो किलोमीटर पीठ पर उठाकर ले जाते हैं। यहां के स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से भी इस सड़क मार्ग को बहाल करने के लिए मिला था, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क संपर्क मार्ग में आए स्लिप को अभी तक भी नहीं उठाया है। रावत ने रेणुका के कांग्रेसी विधायक एवं पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार को नसीहत देते हुए कहा है कि आप झूठा श्रेय लेने की बजाय जमीनी स्तर पर काम करो तभी बात बनेगी।

◆ **कांग्रेसी विधायक विनय कुमार ले रहे हैं झूठा श्रेय**

निगम की चलती बस में गर्भवती ने बच्चे को दिया जन्म

अनंत ज्ञान, नाहन। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस में महिला ने बच्चे को जन्म दिया। गर्भवती महिला मेडिकल कॉलेज नाहन के लिए जा रही थी। जच्चा और बच्चा को मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि एचआरटीसी की बस में बच्चे के जन्म का शायद यह पहला मामला है। जानकारी के अनुसार कुंहट-हरिपुरधार-रेणुकाजी-नाहन रूट पर चलने वाली निगम की बस शुक्रवार को अपने निर्धारित समय पर ददाहू से नाहन के लिए रवाना हुई। मलगांव के समीप एक गर्भवती महिला सरोज को उसका पति व सास बस में प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज नाहन के लिए लेकर निकले, लेकिन दोसड़का पर गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया।

शूलिनी स्प्रिंग फेस्ट 2026 की रंगारंग शुरुआत

साहित्य, संगीत व कला का संगम, पहुंचे अभिनेता पंकज झा, लेखक दुर्जोय दत्ता

अनंत ज्ञान

सोलन। सोलन स्थित शूलिनी विवि में आयोजित शूलिनी स्प्रिंग फेस्ट 2026 का आगाज शुक्रवार को उत्साह और रचनात्मकता से भरे माहौल में हुआ। तीन दिवसीय इस महोत्सव के पहले दिन साहित्यिक चर्चाओं, शास्त्रीय संगीत, कला प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अनूठा संगम देखने को मिला। छठे संस्करण के इस उत्सव में शूलिनी साहित्य महोत्सव, ग्लिच टेक फेस्ट, फ्लावर फेस्ट और मोक्ष सांस्कृतिक महोत्सव जैसे कई प्रमुख कार्यक्रम एक ही मंच पर आयोजित किए जा रहे हैं, जो रचनात्मकता, नवाचार, तकनीक और युवा संस्कृति को एक साथ जोड़ते हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के पूर्व पीसीसीएफ डॉ. पंकज खुल्लर और मधु खुल्लर ने किया। कुलाधिपति प्रो. पीके खोसला, प्रो-चांसलर विशाल आनंद, कुलपति प्रो. अतुल खोसला, प्रो. आशीष खोसला, डॉ. आशू खोसला सहित कई गणमान्य अतिथि, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। साहित्यिक सत्रों की शुरुआत बेस्टसेलर लेखक दुर्जोय दत्ता के संवाद से हुई, जहां उन्होंने 'प्यार और अन्य जटिलताएं' विषय पर छात्रों से खुलकर बातचीत की। इसके बाद अभिनेता पंकज झा के साथ 'दिलों की पंचायत' शीर्षक से एक विशेष सत्र आयोजित हुआ।

शूलिनी स्प्रिंग फेस्ट 2026 के शुभारंभ पर पहुंची जानीमानी हस्तियां। — अनंत ज्ञान

डीसी मनमोहन शर्मा ने किया 'आपका पॉडकास्ट' स्टूडियो का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

सोलन। हिमाचल प्रदेश के पहले सामुदायिक रेडियो सोलन रेडियो 90.4 एफएम की 17वीं वर्षगांठ उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने 'आपका पॉडकास्ट' स्टूडियो का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने कहा कि सामुदायिक रेडियो समाज को जोड़ने, जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच युवाओं को अपने विचार और रचनात्मकता समाज के सामने रखने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम में रेडियो के निदेशक डॉ. बीएस पंवार ने सोलन रेडियो की स्थापना और इसके उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह रेडियो पिछले 17 वर्षों से समाज के विभिन्न वर्गों तक जानकारी और जनहित से जुड़े विषयों को पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर ऑल इंडिया रेडियो चंडीगढ़ के प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव अश्विनी कुमार ने भी रेडियो की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामुदायिक रेडियो स्थानीय मुद्दों और समाज की आवाज को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

कार्यक्रम में नगर निगम के पूर्व चेयरमैन कुल राकेश पंत, प्रोफेसर आर.के. पठानिया, जिला कल्याण अधिकारी, भारतीय रेलवे से सेवानिवृत्त स्टेशन मास्टर दिनेश शर्मा, डॉ. वाई.एस. परमार विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर टी.डी. वर्मा तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर जी.डी. गुलाटी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

'आपका पॉडकास्ट' स्टूडियो का उद्घाटन करते उपायुक्त सोलन। — अनंत ज्ञान

समारोह | अर्की महाविद्यालय में हिंदी और राजनीति शास्त्र में भी शुरू होंगी पीजी कक्षाएं

युवाओं का सकारात्मक दृष्टिकोण ही राष्ट्र प्रगति का आधार : अवस्थी

अनंत ज्ञान

अर्की। राजकीय महाविद्यालय अर्की में इस शैक्षणिक सत्र से हिंदी और राजनीति शास्त्र विषय में भी स्नातकोत्तर (पीजी) कक्षाएं आरंभ की जाएंगी। यह जानकारी अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने महाविद्यालय के वार्षिक समारोह के अवसर पर उपस्थित छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इससे विशेष रूप से छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और स्थानीय स्तर पर ही उन्हें बेहतर अवसर मिल सकेंगे। संजय अवस्थी ने कहा कि युवाओं का जीवन के प्रति दृष्टिकोण ही किसी समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार होता है तथा शिक्षा इस दृष्टिकोण को परिष्कृत कर सही दिशा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित समाज ही देश और प्रदेश की उन्नति की नींव होता है। शिक्षा युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित कर उन्हें अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम ही नहीं बल्कि आजीविका का साधन भी है, जो युवाओं को आत्मनिर्भर बनाती है। इसलिए युवाओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावसायिक दक्षता भी प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) जैसी आधुनिक तकनीकों में दक्ष बनाने के लिए विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू कर रही है। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन से आग्रह किया कि कौशल उन्नयन और कृत्रिम मेधा जैसे विषयों में पाठ्यक्रम आरम्भ करने के लिए प्रस्ताव भेजे जाएं। विधायक ने कहा कि महाविद्यालय में समय-समय पर विशेष परामर्श सत्र आयोजित किए जाने चाहिए, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ छात्रों को करियर और रोजगार से संबंधित जानकारी प्रदान करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसे कार्यक्रमों के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी स्तरों पर युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा शुरू की गई है तथा सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश के विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है, जो अब तक 140 विद्यालयों में शुरू हो चुका है। अर्की विधानसभा क्षेत्र में भी तीन राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्वीकृत किए गए हैं और इस सत्र से चार विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है।

विधायक संजय अवस्थी ने मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत। — अनंत ज्ञान

मोदी ने किए 23,550 करोड़ के प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन

पीएम ने असम दौरे के दूसरे दिन सिलचर में साधा कांग्रेस पर निशाना

◆ बोले- कांग्रेस ने असम के युवाओं को गुमराह किया व आतंकवाद के रास्ते पर धकेला

एजेंसी, गुवाहाटी

पीएम नरेंद्र मोदी ने असम दौरे के दूसरे दिन सिलचर में कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम के युवाओं को गुमराह किया। उन्हें हिंसा और आतंकवाद के रास्ते पर धकेला, लेकिन आज यह राज्य अवसरों का सागर है।

पीएम ने बताया कि कांग्रेस ने असम को 'फूट डालो-राज करो' नीति में रखा। आज असम खुला आसमान है। असम भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर का अहम हिस्सा बन रहा है। राज्य ने सरकारी नौकरियों के रास्ते खोले हैं। पीएम अपनी स्पीच में कहा कि कांग्रेस ने नॉर्थ ईस्ट को भुला दिया था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने इसे ऐसे कनेक्ट किया, जिसकी हर जगह चर्चा है। नॉर्थ ईस्ट आज दक्षिण एशिया जोड़ने वाला सेतु बन रहा है। इसके पहले मोदी ने सिलचर में 23,550 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सिचलर को बराक घाटी का गेटवे है। लेकिन कांग्रेस ने नॉर्थ ईस्ट को दिल्ली से और दिल से दूर रखा था। 10 साल के अंदर हमने यहां के किसानों की जेब में सीधे 20,000 करोड़ डाले हैं। कांग्रेस के 10 साल के शासन के दौरान, भले ही प्रधानमंत्री असम से चुने गए थे, लेकिन उन्होंने एक पैसा भी नहीं दिया। जब दुनिया युद्धों का सामना कर रही है। हमारी कोशिश है कि देश के लोगों पर असर कम कर सकें, लेकिन कांग्रेस ज़िम्मेदार राजनीतिक दल न बनकर लोगों के बीच घबराहट फैलाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस के पास असम और देश के लिए कोई विजन नहीं है, वे तो बस मोदी को गाली देना, अफवाहें फैलाना और लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ बोलना जानते हैं। कांग्रेस ने बराक घाटी को कमजोर करने में भी बड़ी भूमिका निभाई। जब भारत आजाद हुआ, तो कांग्रेस ने सीमा-निर्धारण इस तरह होने दिया कि बराक घाटी का समुद्र तक पहुंचने का रास्ता कट गया। (अनंत ज्ञान)

कांग्रेस ने झूठी रील बनाने की इंडस्ट्री खोली, युवा सतर्क रहें

पीएम ने कहा कि कांग्रेस मोदी को भर-भर के गाली दे। कांग्रेस का देश के लिए कोई विजन नहीं है। इन्होंने झूठी रील बनाने की इंडस्ट्री खोली हुई है। दुनिया भारत के तेज विकास को नहीं पचा पा रही है। कांग्रेस विदेश ताकतों के हाथ की कठपुलती रहेगी। असम के हर नागरिक को, हर नौजवान को कांग्रेस से सर्तक रहना है। अमस, बराक वैली विकास के पथ पर आगे बढ़ चुके हैं। वह दिन दूर नहीं, जब बराक वैली को विकास के नए सेंटर के रूप में पहचान मिलेगी। पूरे देश ने कांग्रेस के इस कपड़ा फाड़ भद्दे प्रदर्शन की बुराई की। दिल्ली का परिवार इसे अपना मेडल मान रहा है। दुनिया में चारों तरफ, हमारे पड़ोस में युद्ध के हालात हैं। इसके कारण बनी स्थितियों से निपटने के लिए हमारे देश के नागरिकों के लिए कम से कम मुसीबतें आए, सरकार उसके लिए प्रयास कर रही है।

डीयू में जाति देखकर किया जाता है इंटरव्यू में फेल : राहुल गांधी

यूनिवर्सिटी ने कहा- बयान से पहले फैक्ट चेक करें, एडमिशन एंट्रेंस टेस्ट से होते हैं

अनं ज्ञान, नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को कांशीराम जयंती पर हुए संविधान सम्मेलन में हिस्सा लेने लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में जाति देखकर इंटरव्यू में फेल करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि 'मैं दिल्ली यूनिवर्सिटी गया था। इंटरव्यू में बच्चों को निकालने का तरीका है। आपकी जाति क्या है भैया, आप इंटरव्यू में फेल।'

दिल्ली यूनिवर्सिटी ने राहुल के इस बयान को खारिज कर दिया है। यूनिवर्सिटी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि यूनिवर्सिटी सीयूईटी स्कोर के आधार पर एडमिशन देती है। कई ग्रेजुएशन-पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्सेस के लिए इंटरव्यू जरूरी नहीं हैं। राहुल को बयान देने से पहले फैक्ट्स की जांच करना चाहिए। दिल्ली यूनिवर्सिटी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यदि राहुल गांधी का संकेत फैकल्टी रिक्रूटमेंट पर था, तो हाल के समय में सभी कैटेगरी में हजारों शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं। डीयू ने राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि हम ऐसी टिप्पणियों का कड़ा विरोध करते हैं, क्योंकि वे विश्वविद्यालय में एक ऐसा माहौल बनाती हैं जो पढ़ाई-लिखाई के लिए अनुकूल नहीं होता।

बोले- मोदी साइकोलॉजिकली खत्म, वे अब प्रधानमंत्री नहीं

राहुल ने शनिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी साइकोलॉजिकली खत्म हो गए हैं। मोदी अब भारत के प्रधानमंत्री नहीं रहे, वे अमेरिका के लिए काम कर रहे हैं और नरेंदर ने सरेंडर कर दिया है। जब मैं यह बात संसद में बोलने जा रहा था तो नरेंद्र मोदी जी भाग कर निकल गए। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश की एनर्जी सिक्योरिटी से समझौता कर लिया है, क्योंकि अब अमेरिका तय कर रहा है कि हम तेल कहां से लेंगे? एनर्जी सेक्टर के हालात अभी और खराब होंगे। राहुल ने कहा कि कांशीरामजी समाज में बराबरी की बात करते थे, अगर जवाहर लाल नेहरू जी जिंदा होते तो कांशीराम कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते। लेकिन आज भाजपा ने समाज को 15 और 85 बांट दिया है। फायदा सिर्फ 15% वालों को मिल रहा है। 50% को अलग-अलग कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने के बाद सांबा में चलाया तलाशी अभियान

एजेंसी, जम्मू। पाकिस्तानी ड्रोन के अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद शनिवार को सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के कई अग्रिम गांवों में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर रात रामगढ़ सेक्टर के कंद्राल, अबताल और बहादुरपुर गांवों के ऊपर कुछ मिनटों के लिए पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधि देखी गई। उन्होंने बताया कि इलाके को कड़ी निगरानी में रखा गया और सुबह होते ही व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीमा पार से हथियारों या नशीले पदार्थों की हवाई तस्करी न हुई हो।

पिछले दो दिनों में यहां आरएसपुरा सेक्टर के सीमावर्ती गांवों में ड्रोन की ओर से हेरोइन की खेप गिराए जाने के बाद सुरक्षा बलों ने 20 करोड़ रुपये से अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य की 3.5 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। शुक्रवार को आर एस पुरा सेक्टर में हुई ताजा बरामदगी के संबंध में दो संदिग्ध नशीले पदार्थों के तस्करों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग के बीच उत्तर कोरिया ने दागीं 10 बैलिस्टिक मिसाइलें

एजेंसी, नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की सेना ने जानकारी दी है कि शनिवार को उत्तर कोरिया ने समुद्र में 10 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। यह हमला तब हुआ जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं सैन्य अभ्यास कर रही थीं। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने एक बयान में बताया कि ये मिसाइलें राजधानी प्योंगयांग के पास के एक इलाके से दोपहर करीब 1:20 बजे देश के पूर्वी तट से सटे समुद्र की ओर दागी गईं। जापान के कोस्ट गार्ड ने भी उत्तर कोरिया की तरफ से मिसाइल अटैक होने की बात कंफर्म की है। कोस्ट गार्ड ने कहा कि उसने एक ऐसी चीज का पता लगाया है जो शायद एक बैलिस्टिक मिसाइल थी और समुद्र में गिर गई। जापानी सेना के हवाले से पब्लिक ब्रॉडकास्टर एनएचके ने बताया कि ऐसा लगता है कि यह मिसाइल जापान के 'एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन' (विशेष आर्थिक क्षेत्र) के बाहर गिरी है। (अनंत ज्ञान)

जापान में इमरजेंसी अलर्ट

उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद पूर्वी एशिया में तनाव बढ़ गया। प्योंगयांग की सैन्य गतिविधियों के बाद जापानी सरकार ने एक आपातकालीन चेतावनी जारी की है। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर जनता को बिगड़ती स्थिति के बारे में सचेत करते हुए कहा कि आपातकालीन चेतावनी, उत्तर कोरिया ने एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है। आगे की जानकारी जल्द ही दी जाएगी। इस चेतावनी के जारी होते ही जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के प्रशासन ने तुरंत आपातकालीन प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए ताकि मिसाइल के रास्ते पर नजर रखी जा सके।

पाकिस्तान दुनियाभर में आतंकवाद फैलाता है अमेरिका को दूर रहना चाहिए: लौरा लूमर

एजेंसी, वाशिंगटन। ट्रंप समर्थक एक्टिविस्ट लौरा लूमर ने पाकिस्तान को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया में सबसे ज्यादा इस्लामी आतंकवाद फैलाने वाला देश है। उन्होंने अमेरिका को पाकिस्तान से दूर रहने और संबंधों में सावधानी बरतने की सलाह दी। लूमर ने यह बयान इंडिया टुडे कॉन्क्लेव के दौरान दिया। उन्होंने सीधे तौर पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान पर लंबे समय से जिहादी विचारधारा फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में अमेरिका को पाकिस्तान की मौजूदा सरकार के साथ नजदीकी बढ़ाने से पहले सावधानी से कदम उठाना चाहिए। लूमर पहले भी अपने मुस्लिम विरोधी और विवादित बयानों के कारण चर्चा में रही हैं। इससे पहले वे भारत को लेकर भी विवादों में आ चुकी हैं। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को 'थर्ड वर्ल्ड इनवेडर्स' (पिछड़ा देश) कहा था और बॉलीवुड का मजाक उड़ाया था। (अनंत ज्ञान)

मेघालय के हिंसा प्रभावित पश्चिम गारो हिल्स जिले में बढ़ाई कर्फ्यू अवधि

एजेंसी, मेघालय। मेघालय के हिंसाग्रस्त पश्चिम गारो हिल्स जिले में कर्फ्यू की अवधि रविवार सुबह छह बजे तक बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी विभोर अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह नियम पूरे जिले में लागू रहेगा, हालांकि शनिवार को सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए छूट दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी गारो हिल्स जिले में लगाया गया कर्फ्यू अगले आदेश तक जारी रहेगा। जिलाधिकारी आरपी मारक ने एक अन्य आदेश में कहा कि पूर्वी गारो हिल्स के विलियमनगर मेन बाजार को सुबह छह बजे से अपराह्न एक बजे तक खोलने की अनुमति दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

मणिपुर में अलग-अलग क्षेत्रों से 5 उग्रवादी किए गिरफ्तार

एजेंसी, इंफाल। मणिपुर में लगातार उग्रवादियों के विरूद्ध पुलिस एवं सुरक्षा बलों का अभियान जारी है। वहीं, हथियार बरामदगी का सिलसिला भी जारी है। इसी कड़ी में विभिन्न संगठनों से जुड़े कुल उग्रवादियों को राज्य के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय से आज जारी बयान में बताया गया है कि शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने थांगल बाज़ार से प्रतिबंधित संगठन केसीपी (अपुनबा) के एक सक्रिय कैडर मोइरांगथेम हेम्बा सिंह (26) उर्फ लाइबा (पुंगदोंगबाम मयाई लेइकाई, इंफाल पूर्वी ज़िला) को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मणिपुर पुलिस ने न्यू चेकॉन इलाके से यूएनएलएफ (पी) संगठन के चार सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया, जो घाटी क्षेत्र में स्थित स्कूलों और कॉलेजों से रंगदारी वसूलने में शामिल थे। उनकी पहचान कोइजम सुंदर मैतेई (29), थांगजम सूरज सिंह (27) उर्फ लुखोई, संजरामबम रवि सिंह (30) और निंगोमबम नेपोन मैतेई (30) के रूप में की गई है। उग्रवादियों के पास से एक 7.62 पिस्तौल, जिसमें 7 राउंड वाली एक मैगजीन और एक होल्स्टर, एक .32 पिस्तौल, जिसमें 10 राउंड वाली एक मैगजीन, एक महिंद्रा स्कॉर्पियो, 2 लाख 60 हजार रुपए की नकद राशि, छह मोबाइल हैंडसेट, दो हथियार लाइसेंस (जिनके नकली होने का संदेह है), दो वॉलेट, तीन आधार कार्ड, एक डायरी, जिसमें यूएनएलएफ (पी) संगठन के लिए स्कूलों से रंगदारी वसूलने की सूची दर्ज, आदि बरामद किया गया है। आगे की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

स्वास्थ्य योजना व एचपीवी वैक्सीन के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक: डॉ. प्रीत

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। सिविल सर्जन मोहाली डॉ. संगीता जैन के मार्गदर्शन में सब्सिडियरी हेल्थ सेंटर सनेटा में आयोजित मीटिंग में सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रीत मोहन सिंह खुराना ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना और एचपीवी वैक्सीन पर विस्तार से चर्चा की। मीटिंग में आशा फ़ैसिलिटेटर और आशा वर्करों को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में लोगों को योजना के बारे में जागरूक करें और योग्य परिवारों के कार्ड बनवाने में मदद करें। एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने में मदद करती है। डॉ. खुराना ने सभी हेल्थ वर्करों से अभियान को पूरी लगन से सफल बनाने का आग्रह किया।

आम आदमी क्लीनिक ग्रामीण-शहरी स्वास्थ्य पहुंच में दे रहे अहम योगदान : डॉ. बलबीर सिंह

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। पंजाब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 में कहा कि आम आदमी क्लीनिक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल की असमानताओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में 565 और शहरी क्षेत्रों में 318 क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। डॉ. बलबीर सिंह ने निजी अस्पतालों से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत न्यूनतम 20 प्रतिशत बेड जरूरतमंद मरीजों के लिए आरक्षित रखने का आह्वान किया। स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश के लिए सरकार जमीन, नीति सहायता और प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। सम्मेलन में प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ और अस्पताल प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बजहेड़ी में 150 से अधिक मरीजों की जांची आंखें

गुरनाम सागर, खरड़। लायंस क्लब खरड़ उमंग और सिटीजन वेलफेयर क्लब खरड़ ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी घड़ुआं के साथ मिलकर बजहेड़ी गांव में आंखों का चेक-अप कैंप आयोजित किया। उद्घाटन समारोह में विधायक सरदार चरणजीत सिंह चन्नी, हरस्ष जगतार सिंह घड़ुआं और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. दविंदर सिंह मौजूद रहे। कैंप में 150 से अधिक मरीज़ों की जांच हुई, 12 मरीज़ों को सर्जरी के लिए चुना गया और 45 ज़रूरतमंदों को क्लब की तरफ से चश्मे दिए गए। ऑपरेशन 23-24 मार्च को सिविल हॉस्पिटल खरड़ में किए जाएंगे। लायंस क्लब चेयरमैन सुभाष अग्रवाल ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी और सिटीजन वेलफेयर क्लब का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

काला मोतिया को लेकर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, मोहाली। सोहाना अस्पताल ने मोहाली में 'काला मोतिया जागरूकता वॉक' का आयोजन किया। यह वॉक अस्पताल की सीओओ और वरिष्ठ कैटरेक्ट एवं रिफ्रेक्टिव सर्जन डॉ. अमनप्रीत कौर के नेतृत्व में निकाली गई। यह कार्यक्रम 8 से 14 मार्च 2026 तक मनाए जा रहे 'विश्व काला मोतिया जागरूकता सप्ताह' के तहत आयोजित किया गया। वॉक का मुख्य उद्देश्य लोगों को आंखों की नियमित जांच व काला मोतिया (ग्लूकोमा) की समय पर पहचान के प्रति जागरूक करना था। इसे 'दृष्टि का साइलेंट चोर' भी कहा जाता है। डॉक्टरों, अस्पताल स्टाफ, मरीजों और स्थानीय निवासियों ने हाथों में बैनर और प्लेकार्ड लेकर विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक आयु, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या परिवार में इस बीमारी का इतिहास रखने वाले लोगों को स्क्रीनिंग के महत्व के प्रति जागरूक किया। डॉ. अमनप्रीत कौर ने बताया कि दुनिया में लगभग 8 करोड़ लोग काला मोतिया से प्रभावित हैं, जिनमें से आधे को इसकी जानकारी नहीं। समय पर जांच ही इससे बचाव का सबसे असरदार तरीका है।

पुरुषोत्तम दास रूंगटा ट्रस्ट ने लगाया भंडारा

अनंत ज्ञान, पंचकूला। सेवा और परोपकार की भावना को बढ़ावा देते हुए पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने पंचकूला के फेज-1 औद्योगिक क्षेत्र में 207वां अन्न भंडारा आयोजित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। ट्रस्ट के संस्थापक अमिताभ रुंगटा ने कहा कि अन्न दान सनातन धर्म में सर्वोत्तम दान माना जाता है और यह जीवन से सीधे जुड़ा है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट लगातार समाज के जरूरतमंद वर्ग तक भोजन पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

नाटककार सुनील जोशी की पुस्तक 'टॉपर बनने के कैप्सूल' का विमोचन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। सृजन-एन इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिएटिविटी, मंच द्वारा कम्यूनिटी सेंटर, सैक्टर 40 में आयोजित कार्यक्रम में नाटककार सुनील जोशी की लघु नाटक संग्रह 'टॉपर बनने के कैप्सूल' का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि चण्डीगढ़ संगीत नाटक अकादमी की चेयरपर्सन डॉ. सुखमिंदर कौर बराड़, विशिष्ट अतिथि प्रो. महेन्द्र कुमार, निखिल डोगरा, राजेश भगत और एरिया पार्षद गुरबक्श रावत उपस्थित रहे।

सृजन के अध्यक्ष सोमेश गुप्ता ने बताया कि ये नाटक युवा पीढ़ी को मानवीय मूल्य, कर्तव्य और शिक्षा के महत्व की सीख देते हैं। कार्यक्रम में वन्देमातरम, साहित्यिक पाठ और गज़लों का भी आयोजन हुआ। डॉ. सुखमिंदर कौर बराड़ ने पुस्तक को प्रेरणादायक बताते हुए लेखक को बधाई दी और आशा जताई कि भविष्य में ऐसे और भी रचनात्मक कार्य होंगे। लेखक सुनील जोशी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी युवा प्रेरित करने वाली पुस्तकें लिखी जाएं। कार्यक्रम का संचालन एमआर भाटिया ने किया।

'आइडिया टू इंपैक्ट' में चर्चा, पंजाब को यूनिकॉर्न डेस्टिनेशन बनाने की रणनीति

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, मोहाली। पंजाब निवेश सम्मेलन के दूसरे दिन 'आइडिया टू इम्पैक्ट: एक स्टार्टअप डेस्टिनेशन के रूप में पंजाब की यात्रा' विषय पर आयोजित सत्र में राज्य के उभरते उद्यमी माहौल और स्टार्टअप इकोसिस्टम को उजागर किया गया। इस सत्र में उच्च सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और स्टार्टअप उद्यमी एक मंच पर आए।

पंजाब विकास आयोग की चेयरपर्सन सीमा बंसल ने कहा कि राज्य में व्यापार और नवाचार के लिए उत्कृष्ट इकोसिस्टम मौजूद है और अब ध्यान यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स की स्थापना और विकास को मजबूत करने पर होना चाहिए। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की निदेशक सुरभि मलिक ने वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहनों सहित स्टार्टअप्स के लिए उठाए गए सक्रिय कदमों की जानकारी दी। हीरो साइकिल और एमबीसीआईई के एमडी एस.के. राय ने वैकल्पिक फंडिंग के महत्व पर जोर दिया और आईआईटी रुड़की के मॉडल का उदाहरण देते हुए बताया कि स्टार्टअप्स में निवेश करना सुरक्षित विकल्प है। टीआईई चंडीगढ़ के अध्यक्ष पुनीत वर्मा ने स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन और फंडिंग देने के अपने प्रयास साझा किए। पंजाब इनोवेशन मिशन के सीईओ सोमवीर आनंद ने 'स्टार्टअप पंजाब' पहल के अनुभव और नवाचार को बढ़ावा देने की वास्तविकताओं पर प्रकाश डाला। सत्र का संचालन केपीएमजी में फूड, एग्रीकल्चर और एलाइड सर्विसेज के लीड हिमांशु रतन ने किया। कार्यक्रम के अंत में पैनल के साथ खुली चर्चा आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने अपने प्रश्न साझा किए। इसके बाद मुख्य वक्ताओं को औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया।

शाह ने अकाली बीजेपी गठबंधन पर दिया बड़ा संकेत

अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोगा की धरती से पंजाब की राजनीति में अकाली-बीजेपी गठबंधन पर अपनी चुप्पी तोड़ी। हालांकि उन्होंने सीधे गठबंधन रद्द होने का ऐलान नहीं किया, लेकिन उनके भाषण से यह साफ हुआ कि बीजेपी अब पंजाब में 'छोटे भाई' की भूमिका में नहीं रहेगी। शाह ने कहा कि 2024 में पंजाब में बीजेपी को 19% वोट मिले, और इतिहास बताता है कि इतने वोट मिलने पर अगली सरकार बीजेपी की ही बनती है। उन्होंने बार-बार 'बीजेपी की अपनी सरकार' और 'डबल इंजन सरकार' का जिक्र किया। उन्होंने पंजाबियों से अपील की कि अब बीजेपी को मौका दें, क्योंकि कांग्रेस, अकाली और आप ने राज्य का भला नहीं किया। उन्होंने हिंदू-सिख एकता की आवश्यकता पर जोर दिया और संकेत दिया कि भविष्य में अलायंस की संभावना तब ही होगी जब परिस्थितियां अनुकूल हों। इस बीच, अकाली दल अपनी 'पंजाब बचाओ यात्रा' में व्यस्त है और फिलहाल अकेले चुनाव लड़ने के मूड में दिख रहा है। आप ने अमित शाह की रैली को 'फ्लॉप शो' बताया और कहा कि पंजाब के लोग बीजेपी को पहले ही रिजेक्ट कर चुके हैं।

धालीवाल का अमित शाह पर हमला, बोले- लोगों को दें रोके गए 9000 करोड़ का हिसाब

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने मोगा में गृह मंत्री अमित शाह की रैली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब के लोग जुमले नहीं, बल्कि रोक दिए गए 9000 करोड़ रुपये का हिसाब चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इनमें ग्रामीण विकास फंड समेत कई अन्य फंड शामिल हैं, जो गांवों में सड़कों और विकास कार्यों के लिए थे। धालीवाल ने बाढ़ राहत और प्रधानमंत्री मोदी के 1600 करोड़ रुपये टोकन मनी के वादे का हवाला देते हुए कहा कि आज तक पंजाब को एक पैसा भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अमेरिका के साथ 'सीक्रेट ट्रेड डील' करके पंजाब और किसानों को संकट में डाल रही है। नशा तस्करी और सीमा सुरक्षा पर बोलते हुए धालीवाल ने कहा कि पंजाब ने 52 करोड़ रुपये खर्च कर एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए, लेकिन केंद्र ने मदद नहीं की। उन्होंने गृह मंत्री से पंजाब की इंडस्ट्री को हिमाचल और जम्मू-कश्मीर जैसी रियायतें देने की भी मांग की और चेताया कि जुमले लेकर पंजाब मत आएं।

बलतेज पन्नू ने केंद्रीय गृह मंत्री से पंजाब के रोके गए फंड जारी करने की अपील की

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के जनरल सचिव और प्रदेश मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने पंजाब दौरे के दौरान राज्य के रोके गए आरडीएफ और अन्य फंड जारी करें। यह बात उन्होंने पटियाला स्थित ग्रीनफील्ड संत एन्क्लेव में 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' के तहत कार्ड बनाने के तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर के दौरान मीडिया से बातचीत में कही। बलतेज पन्नू ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब में 65 लाख परिवारों के स्वास्थ्य योजना कार्ड बनाए जाने हैं, जिनमें से अब तक 15 लाख कार्ड जारी हो चुके हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया और कहा कि बाढ़ के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये आज तक राज्य को नहीं मिले। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रगतिशील निवेशक सम्मेलन-2026 में राज्य में 10,000 करोड़ रुपए के निवेश के वादे और रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य व खेल के क्षेत्र में किए जा रहे काम मान सरकार की प्रतिबद्धता दिखाते हैं।

पंजाब में भारी-कृषि मशीनरी उद्योग को बढ़ावा, निवेशकों में नई ऊर्जा

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य में भारी मशीनरी और खेती की मशीनरी उद्योग को नई दिशा दी है। यह बात राज्य के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने प्लाक्सा यूनिवर्सिटी में आयोजित सेशन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्रियल पॉलिसी बनाने के लिए 25 सेक्टोरल कमेटियां बनाई गईं, जिनकी सिफारिशों पर नीति लागू की गई। मंत्री ने कहा कि सरकार 1.5 करोड़ रुपये की लागत से 45 हजार किलोमीटर सड़कें बना रही है और बेहतर रोड कनेक्टिविटी के लिए 16,209 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिसमें 4,700 किलोमीटर ग्रीन फील्ड सड़कें भी शामिल हैं।

सीआईआई लुधियाना चैप्टर के उपकार सिंह आहूजा ने कहा कि पंजाब अब भारी मशीनरी और खेती की मशीनरी के क्षेत्र में देश का लीडिंग राज्य बन रहा है। सोनालिका ट्रैक्टर के अक्षय सांगवान ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी आधारित मशीनरी से लागत और लेबर की निर्भरता कम होगी। MSMEs को बढ़ावा देने के लिए बड़े उद्योगों को राज्य में लाना जरूरी है।

हाईकोर्ट के फैसले का बलबीर सिद्धू ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान, मोहाली। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के छठे वेतन आयोग के बकाया और महंगाई भत्ते की लंबित किस्तें 6 प्रतिशत ब्याज सहित देने का आदेश दिया। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलबीर सिंह सिद्धू ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों की बड़ी जीत बताया। सिद्धू ने कहा कि रोज़-रोज़ 'खजाना भरा है' कहने वाली भगवंत मान सरकार को अदालत ने आईना दिखाया। उन्होंने सरकार की लापरवाही और कर्मचारियों के अधिकारों की अनदेखी की निंदा की। लगभग 35,000 कर्मचारी और पेंशनर बकाया राशि का इंतजार करते-करते दुनिया से चले गए। सिद्धू ने कहा कि कर्मचारी राज्य की रीढ़ हैं और सरकार का कर्तव्य है कि उनके अधिकार समय पर सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने मांग की कि बकाया राशि तुरंत कर्मचारियों के खातों में जमा कराई जाए और अदालत के आदेश को तत्काल लागू किया जाए।

ज्ञान ज्योति संस्थान में 100 से अधिक महिला शिक्षाविदों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

इंदरपाल कपूर, मोहाली। ज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फेज-2, मोहाली द्वारा महिला शिक्षाविदों को समर्पित अपने वार्षिक कार्यक्रम 'शोडशी' के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ट्राइसिटी के विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल, वरिष्ठ शिक्षक और शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली 100 से अधिक महिला शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ. अनित बेदी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों में मूल्य, ज्ञान और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महिला शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रिंसिपल एक्सीलेंस अवॉर्ड के माध्यम से कई प्रतिष्ठित स्कूल प्रमुखों को शैक्षणिक नेतृत्व और संस्थानों की प्रगति में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्पेशल अचीवर अवॉर्ड के जरिए नवाचार, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला शिक्षिकाओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए विद्यार्थियों ने पंजाबी संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां और प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए।

इस मौके पर उपस्थित बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों की एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसका विषय था 'नई शिक्षा नीति और महिलाओं की भूमिका'। इस चर्चा में शिक्षाविदों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। इस अवसर पर ज्ञान ज्योति ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल ज्ञान ज्योत ने अपने विचार साझा

स्पोर्ट्स विंडो

मन्नेपल्ली के हारते ही स्विस ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

एजेंसी, बासेल। भारत के थारुन मन्नेपल्ली के इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारने के साथ ही स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी मन्नेपल्ली को 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट में गिंटिंग से 19-21 21-19 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। मन्नेपल्ली ने तीन गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इंडोनेशिया का खिलाड़ी पहला गेम जीतने में सफल रहा। दूसरे गेम में मन्नेपल्ली ने 6-6 की बराबरी से आगे निकलते हुए पहले 11-7 और फिर 19-13 की बढ़त हासिल कर ली। गिंटिंग ने इसके बाद शानदार वापसी की और लगातार छह अंक हासिल कर 19-19 से स्कोर बराबर कर लिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। तीसरे गेम में गिंटिंग ने मन्नेपल्ली को बहुत कम मौके दिए। उन्होंने शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी और मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

युवा लड़कियों को क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित करना चाहती हूं: दीप्ति

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने खेलों में लड़कियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अधिक प्रोत्साहन और समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया है। उनका कहना है कि महिला खिलाड़ियों की बढ़ती पहचान और उपलब्धियां देश में लोगों की सोच बदलने में मदद कर रही हैं। दीप्ति शर्मा ने यह बात शनिवार को बीबीसी और कलेक्टिव न्यूज़रूम की ओर से खेलों में महिलाओं की भागीदारी पर जारी एक रिपोर्ट के लॉन्च कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों को सामने लाने और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने वाली पहलें अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। दीप्ति शर्मा ने कहा, 'अब तक का सफर अच्छा रहा है। मैंने देखा है कि भारत और दुनिया भर में कई महिलाओं को ऐसी पहलों के जरिए समर्थन मिल रहा है। यह देखकर अच्छा लगता है कि इतने सारे पुरस्कार विजेता भारत से आए हैं।' रिपोर्ट के अनुसार सर्वेक्षण में शामिल 14 भारतीय राज्यों में 2020 के बाद से क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। यह आंकड़ा पांच प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत तक पहुंच गया है। वहीं 15 से 24 वर्ष की युवतियों के बीच यह भागीदारी छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गई है। (अनंत ज्ञान)

मयंक चक्रवर्ती पूर्वोत्तर से पहले और भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बने

एजेंसी, नई दिल्ली। प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपने उभरते करियर की आखिरी बाधा पार करते हुए अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया, जिससे वह भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बन गए। वह के पूर्वोत्तर से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। असम के गुवाहाटी के रहने वाले 17 वर्षीय चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे। उन्होंने 'होटल स्टॉकहोम नॉर्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट' के आठवें दौर में एक दौर बाकी रहते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने इस दौर में स्वीडिश आईएम फिलिप लिंडग्रेन को हराया। लिंडग्रेन पर जीत के दौरान चक्रवर्ती अपने खेल के चरम पर थे। उन्होंने जरूरी 6.5 अंक जुटाए जो उनका अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पक्का करने के लिए काफी थे। आखिरी दौर में उन्होंने इंग्लिश इंटरनेशनल मास्टर जोना बी विलो के साथ एक रोमांचक ड्रॉ खेला और इस तरह अपने अब तक के सबसे यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। (अनंत ज्ञान)

कायनात का खूबसूरत व स्टाइलिश अंदाज

कायनात इम्तियाज पाकिस्तान की एक प्रमुख महिला अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर हैं, जो दाएं हाथ से बल्लेबाजी और मध्यम गति की गेंदबाजी करती हैं। वह भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी से प्रेरित होकर क्रिकेटर बनीं और अपनी खूबसूरती व स्टाइलिश अंदाज के लिए भी मशहूर हैं।

वनडे मैचों में रोहित-कोहली का जलवा बरकरार

इनका खेल देखने आते हैं दर्शक, विदेशी बोर्डों ने बीसीसीआई से की अधिक मैच करवाने की अपील

एजेंसी, मुंबई

विश्व क्रिकेट में भारतीय टीम का दबदबा कायम करने वाले दो स्टार खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली अब अपने करियर के आखिरी मोड़ पर है। दोनों ही प्लेयर्स ने टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है, लेकिन दोनों ही बल्लेबाजों का एकदिवसीय क्रिकेट में जलवा बरकरार है। इन दोनों खिलाड़ियों का बल्ला भी जमकर बोल रहा है। इसकी बानगी पिछले साथ दुबई में हुए आईसीसी के चैम्पियंस ट्रॉफी में देखने को मिला था।

विराट कोहली के धुंआधार प्रदर्शन और रोहित शर्मा की शानदार कप्तान के बदौलत भारत ने यह खिताब अपने नाम किया था। बहरहाल, इस बीच दोनों ही स्टार खिलाड़ियों की विदेशों में डिमांड बढ़ गई है। आने वाले दिनों में जिन देशों के खिलाफ भारत एकदिवसीय मुकाबले खेलेगा, उन देशों के क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई के सामने अपनी मांगे रखी है।

दरअसल, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और श्रीलंका के बोर्ड ने बीसीसीआई से आधिकारिक तौर पर अनुरोध किया है कि भारत के साथ होने वाली सीरीज में ज्यादा वनडे मुकाबले शामिल किए जाएं। इसके कई कारण हैं। भारत के साथ मैच आर्थिक रूप से काफी फायदेमंद होते हैं। लोग रोहित-कोहली जैसे खिलाड़ियों को खेलते देखना चाहते हैं। साथ ही आईसीसी वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए भी यह फायदेमंद माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

◆ भारत के साथ मैच खेलना आर्थिक रूप से होता है फायदेमंद

टीम इंडिया के इस साल होने वाले मुकाबले

वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया के लिए मौजूदा साल बेहद व्यस्त है। दरअसल मार्च से मई 2026 के बीच भारत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 खेला जाएगा। इसके बाद जून में भारत और अफगानिस्तान के बीच घरेलू सीरीज होगी, जिसमें 1 टेस्ट और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। जुलाई 2026 में टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस दौरे में 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी, जिसके मुकाबले 1 जुलाई को चेस्टर-ले-स्ट्रीट, 4 जुलाई को मैनचेस्टर, 7 जुलाई को नॉटिंघम, 9 जुलाई को ब्रिस्टल और 11 जुलाई को साउथेम्प्टन में होंगे। इसके बाद 3 वनडे मैचों की सीरीज होगी, जिनमें 14 जुलाई को बर्मिंघम, 16 जुलाई को कार्डिफ और 19 जुलाई को लंदन में मैच खेले जाएंगे। अगस्त 2026 में भारत श्रीलंका दौरे पर जाएगा, जहां दोनों टीमों के बीच 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। वहीं सितंबर और अक्तूबर 2026 के दौरान भारत अफगानिस्तान के खिलाफ उनके घर में 3 टी-20 मैच खेलेगा। इसी दौरान एशियाई खेल 2026 भी आयोजित होंगे। इसके अलावा भारत अपने घरेलू मैदान पर वेस्ट इंडीज के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी20 मैचों की सीरीज खेलेगा। नवंबर 2026 में टीम इंडिया न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी, जहां 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेले जाएंगे। साल के अंत में दिसंबर 2026 में श्रीलंका की टीम भारत दौरे पर आएगी, जहां दोनों टीमों के बीच 3 वनडे मैच होंगे।

- **जून में भारत -अफगानिस्तान के के बीच तीन वनडे मुकाबले**
- **जुलाई महीने में इंडिया और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज**
- **नवंबर में टीम इंडिया न्यूजीलैंड में 2 टेस्ट, 3 वनडे मैच खेलेगी**
- **साल के अंत में दिसंबर में श्रीलंका में तीन वनडे मैच खेलेगा भारत**

मुजरबानी पर केस करेगा पीसीबी

एजेंसी, लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर एग्रीमेंट तोड़ने का केस करने की तैयारी कर रहा है। शनिवार को न्यूज एजेंसी पीटीआई ने पाकिस्तानी बोर्ड के सूत्रों के हवाले से लिखा- पीसीबी के कानूनी विभाग को जिम्बाब्वे के इस तेज गेंदबाज के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज मुजरबानी ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की फ्रेंचाइजी इस्लामाबाद यूनाइटेड के एग्रीमेंट को छोड़कर आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ करार किया है। एक दिन पहले शक्रवार को केकेआर ने बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के रिप्लेसमेंट के रूप में मुजरबानी को अपने साथ जोड़ने का ऐलान किया था, जिन्हें बीसीसीआई के निर्देश के बाद फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया था। इस्लामाबाद यूनाइटेड ने मुजरबानी को वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया था। (अनंत ज्ञान)

बैडमिंटन में 21 अंक वाली प्रणाली ही बेहतर : साइना

एजेंसी, नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से स्कोरिंग में प्रस्तावित बदलाव पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है और उनका मानना है कि वर्तमान की 21 अंक की प्रणाली खेल की गति और दमखम बनाए रखती है।

बैडमिंटन की विश्व में सर्वोच्च संस्था बीडब्ल्यूएफ ने वर्तमान तीन गेम वाली 21 अंक की प्रणाली को तीन गेम की 15 अंक वाली प्रणाली में बदलने का प्रस्ताव किया है। इस बदलाव पर सदस्य 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेंस में बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक में मतदान करेंगे। साइना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, 'बैडमिंटन की परंपरा समृद्ध है तथा ऑल इंग्लैंड ओपन और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की गति और सहनशक्ति की परीक्षा होती है।' उन्होंने कहा, 'स्कोरिंग या प्रारूप में किसी भी तरह के बदलाव पर सतर्कता पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छा काम कर रही है और खिलाड़ी इससे अच्छी तरह तालमेल बिठा चुके हैं।' यदि कुछ बदलाव किए भी जाते हैं तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रैलियों की गुणवत्ता और खेल के प्रतिस्पर्धी संतुलन पर कोई असर न पड़े। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए।' बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए प्रस्तावित नए प्रारूप के अनुसार एशिया और यूरोप में होने वाले पांच सुपर 1000 टूर्नामेंटों में एकल वर्ग में एक नया प्रारूप लागू किया जाएगा, जिसमें 48 खिलाड़ी ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। (अनंत ज्ञान)

इंडियन वेल्स : सबालेंका-रयबाकिना में खिताबी भिड़ंत

सेमीफाइनल में सबालेंका ने लिंडा नोस्कोवा और रयबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को दी शिकस्त

एजेंसी, इंडियन वेल्स

दो बार उपविजेता रह चुकीं एरिना सबालेंका का रविवार को फाइनल मुकाबला कजाकिस्तान की तीसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना से होगा। विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले सेमीफाइनल में 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी शहर में खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सबालेंका का यह तीसरा फाइनल है।

वहीं, रयबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में यूक्रेन की नौवें नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रयबाकिना से ही मिली थी। सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी। सबालेंका ने कहा, 'मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं रविवार को पूरी तरह से तैयार रहूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगी और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि इस साल मेरा दबदबा रहे।' सबालेंका ने शुक्रवार को जीत हासिल करके 2026 में अपना रिकॉर्ड 12-1 कर लिया। उन्होंने लगातार छठी बार किसी डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले उन्हें आखिरी हार पिछले साल अगस्त में सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टरफाइनल में रयबाकिना से ही मिली थी। (अनंत ज्ञान)

भांबरी और गोरानसन का सफर सेमीफाइनल में थमा

इंडियन वेल्स। भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन का कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान सेमीफाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। भांबरी और गोरानसन की गैरवरीय जोड़ी फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से 5-7, 7-6(7), 5-10 से हार गई। यह एक कड़ा मुकाबला था जिसका फैसला टाईब्रेकर से हुआ। भांबरी और गोरानसन पहले सेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। उन्होंने दूसरे सेट में बेहतर खेल दिखाया और टाईब्रेकर में जीत दर्ज करके मुकाबला को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया, लेकिन निर्णायक टाईब्रेकर में रिंडरकनेच और वाचेरोट ने अपना संयम बनाए रखा और जीत हासिल कर ली।

एमएस धोनी के बिना सीएसके अधूरी : इरफान पठान

इस सत्र में मैच बेशक कम खेलें, लेकिन टीम को एकजुट करने में निभाएंगे अहम भूमिका

एजेंसी, नई दिल्ली

जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को लेकर अपनी टीम से जुड़ा है, जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभा सकते हैं। भारत के पूर्व ऑलराउंडर और दिग्गज खिलाड़ी इरफान पठान ने जिओ हॉटस्टार से कहा, 'धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें, लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है।'

उन्होंने कहा, 'आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं।' यह 44 वर्षीय खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में सीएसके शिविर में शामिल हो चुका है और कप्तान रितुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली टीम के साथ अभ्यास कर रहा है। पठान ने कहा कि धोनी की भूमिका टीम का मार्गदर्शन करने और अगली पीढ़ी के नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की हो सकती है।

उन्होंने कहा, 'इस सत्र में धोनी सबको एकजुट करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुझे नहीं पता कि वो कितने मैच खेलेंगे, लेकिन ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिलेगी। इससे संजू को फायदा होगा, क्योंकि वह भी नेतृत्व समूह का हिस्सा होंगे। रितुराज गायकवाड़ कप्तान हैं, लेकिन इसके लिए दो या तीन खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। यहीं पर धोनी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे उम्मीद है कि वह कुछ अंतर पैदा करेंगे।'

उन्होंने कहा, 'उनकी फिटनेस, बल्लेबाजी क्रम और क्या वे सभी मैच खेलेंगे, जैसे सवाल अब भी उठते रहेंगे। सीएसके का टीम प्रबंधन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। वे निश्चित रूप से छठी आईपीएल ट्रॉफी जीतकर उन्हें शानदार विदाई देने की कोशिश करेंगे।' (अनंत ज्ञान)

एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप : लोकेश ने लंबी कूद में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

फाइनल में 8.21 मी. लंबी छलांग लगाकर जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के एथलीट लोकेश सत्यनारायण ने अमेरिका के फेयेटविल में आयोजित एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। टार्लटन स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र लोकेश ने फाइनल के चौथे प्रयास में 8.21 मीटर की छलांग लगाते हुए नया भारतीय इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और पहला स्थान हासिल किया।

इस प्रदर्शन के साथ वह भारतीय लंबी कूद खिलाड़ियों की सर्वकालिक सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। उनसे आगे केवल जेसविन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) हैं। 26 वर्षीय लोकेश का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.02 मीटर था। फाइनल के अंतिम प्रयास में उन्होंने 8.17 मीटर की छलांग भी लगाई। प्रतियोगिता में उन्होंने डी'आंद्रे वार्ड (8.20 मीटर) और तफाद्ज़वा चिकोंबा (8.15 मीटर) को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लोकेश एनसीएए डिवीजन-1 एथलेटिक्स चैंपियनशिप जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले मोहिंदर सिंह गिल (ट्रिपल जंप), विकास गौड़ा (डिस्कस थ्रो) और तेजस्विन शंकर (हाई जंप) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बेंगलुरु में जन्मे लोकेश खेल प्रेमी परिवार से आते हैं। उनके पिता जॉन बेंगलुरु पुलिस के लिए फुटबॉल खेल चुके हैं, जबकि उनकी बहन मोनिका राष्ट्रीय स्तर की 400 मीटर धाविका रही हैं। कई बार के जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन लोकेश 2018 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारतीय टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। एक गंभीर सड़क दुर्घटना के बाद उनके करियर में ठहराव आ गया था और वह आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहे थे। साल 2021 में जब उनकी मां फेंसी मैरी कोविड-19 संक्रमण से जूझ रही थीं, तब उन्होंने लोकेश को अमेरिका में कॉलेजिएट प्रतियोगिताओं में करियर बनाने की सलाह दी। उसी फैसले के बाद लोकेश ने अमेरिका का रुख किया और अब एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। (अनंत ज्ञान)

महिला एशियाई कप : चीन ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी, पर्थ

मौजूदा चैंपियन चीन ने शनिवार को ताइवान को 2-0 से हराकर 2027 विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के साथ महिला एशियाई कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। चीन और ताइवान के बीच भू-राजनीतिक तनाव है और दोनों के बीच 90 मिनट तक कोई गोल नहीं हुआ। इसके बाद अतिरिक्त समय के तीसरे ही मिनट में शाओ जिकिन ने गोल करके मैच का पहला गोल किया और फिर आखिर में एक आत्मघाती गोल से चीन का दूसरा गोल हुआ। वहीं, शुक्रवार को हुए मुकाबले में सैम केर ने एक गोल किया और एक गोल में मदद की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने उत्तर कोरिया को 2-1 से हराकर विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली। दक्षिण कोरिया शनिवार को एक अन्य क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा, जबकि रविवार को जापान का सामना फिलीपींस से होगा। महिला एशियाई कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम स्वत: ही अगले साल ब्राजील में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।
"अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र"
शिमला – सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595
धर्मशाला – राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474
सोलन – मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519
मंडी – अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288
हमीरपुर – विक्रम ठटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422
बिलासपुर – अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310
चंबा – राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759
ऊना – राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500
कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति – कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600
पठानकोट – अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666
चंडीगढ़/मोहाली – गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615
Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com

कोलकाता नाइट राइडर्स ने लॉन्च की नई जर्सी

एजेंसी, कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीज़न से पहले अपनी नई टीम जर्सी लॉन्च कर दी है। तीन बार की चैंपियन केकेआर ने इस बार जर्सी को 'लाइंस ऑफ लेगेसी' थीम के साथ डिजाइन किया गया है, जिसमें टीम के इतिहास के कई यादगार पलों को खास अंदाज में दर्शाया गया है। जर्सी का डिजाइन टीम के पारंपरिक बैंगनी और सुनहरे रंग में रखा गया है, जो केकेआर की पहचान का अहम हिस्सा रहा है। नई जर्सी के डिजाइन में टीम के इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों को रेखाओं के रूप में दिखाया गया है। इन रेखाओं में कई ऐतिहासिक पलों की झलक मिलती है। इनमें ब्रेंडन मैकुलम द्वारा 2008 में खेली गई 158 रन की ऐतिहासिक पारी और रिंकू सिंह द्वारा एक मैच के अंतिम ओवर में लगाए गए लगातार पांच छक्के जैसे यादगार क्षण शामिल हैं। इन सभी पलों को रेखाओं के रूप में जोड़कर एक अमूर्त कला शैली में 'केकेआर' अक्षरों का निर्माण किया गया है। इस अनोखे डिजाइन के जरिए प्रशंसक अब अपनी पसंदीदा टीम के गौरवशाली इतिहास को जर्सी के रूप में पहन सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

समारोह वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह में दिग्गजों को सम्मान देगा भारतीय क्रिकेट बोर्ड

विश्व विजेता टीम को आज सम्मानित करेगा बीसीसीआई

एजेंसी, मुंबई

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह के दौरान टी-20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 का मुख्य आकर्षण हाल के समय में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा।

गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी20 विश्व कप जीतने ओर खिताब का बचाव करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं वह घरेलू मैदान पर टी-20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है। इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। इनमें 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम, 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम और 2025 में अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम शामिल हैं। बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, जिनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) के रूप में सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

समारोह में इनको मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा। बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की। द्रविड़ के नाम पर 24,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। भारत के महानतम बल्लेबाजों में शामिल द्रविड़ ने भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई। उनके कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था। पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा।